Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-37 | नई दिल्ली, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)


# वंदे मातरम के टुकड़े किए इसलिए बंटा भारत : पीएम


## 60 मिनट के भाषण में 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू का जिक्र

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए गए और एक दिन पार्टी को भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा। मोदी ने सदन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा की शुरूआत करते हुए 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल का हवाला दिया और कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया गया था।

**कांग्रेस वंदे मातरम पर झुकी, इसलिए भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा : प्रधानमंत्री**

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आजादी को कुचलने की कोशिश हुई, संविधान की पीठ पर छुरा घोंप दिया गया और देश पर आपातकाल थोप दिया गया, तब इसी वंदे मातरम ने देश को खड़ा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1875 में लिखित वंदे मातरम जब देश की ऊर्जा और प्रेरणा का मंत्र बन रहा था और स्वतंत्रता संग्राम का नारा बन गया था, तब मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति और मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में कांग्रेस झुक गई। उन्होंने कहा, तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। नेहरू जी मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों पर करारा जवाब देते, मुस्लिम लीग के बयानों की निंदा करते, वंदे मातरम के प्रति खुद की और कांग्रेस पार्टी की निष्ठा को प्रकट करते, उसके बजाय उन्होंने वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। जिन्ना के विरोध के पांच दिन बाद ही तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखा और उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए कहा वंदे मातरम की आनंद मठ की पृष्ठभूमि मुसलमानों को इरिटेट (क्षुब्ध) कर सकती है। इसके बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के उपयोग की समीक्षा की घोषणा की जिससे पूरा देश हैरान था।



### बिहार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सांसदों से बोले प्रधानमंत्री मोदी

## बड़ी जीत के साथ ही आती है बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की शानदार जीत के बाद लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आान किया। उन्होंने कहा, बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को उस समय यह संदेश दिया, जब वे (राजग सांसद) उन्हें (मोदी को) बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत की बधाई देने के लिए दिल्ली आए थे। बैठक के बाद शांभवी ने पत्रकारों से कहा, हमने बिहार में शानदार नेतृत्व और प्रचार अभियान के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी तथा उनका आभार जताया, जिसके कारण हमारे चुनाव अभियान को मजबूत गति मिली थी। प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया कि बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है।

**घृणा और झूठ के बजाय प्रगति पर ध्यान करें केंद्रित**



### कांग्रेस की नीतियां आज वैसी की वैसी

प्रधानमंत्री के मुताबिक, नेहरू ने पत्र में लिखा, मैंने वंदे मातरम गीत की पृष्ठभूमि पढ़ी है। मुझे लगता है कि जो पृष्ठभूमि है, इससे मुस्लिम भड़केंगे। मोदी ने कहा, कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे पर झुकी, इसलिए उसे एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। मोदी ने कहा, दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज वैसी की वैसी ही हैं और आज आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) चलते-चलते एमएमसी हो गया है। प्रधानमंत्री ने गत 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की जीत के बाद अपने भाषण में कांग्रेस के लिए एमएमसी (मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस) शब्द का इस्तेमाल किया था। मोदी ने लोकसभा में कहा, वंदे मातरम, सिर्फ राजनीतिक लड़ाई का मंत्र नहीं था। अंग्रेज जाएं और हम अपनी राह पर खड़े हो जाएं।

### वंदे मातरम का पुण्य स्मरण बड़ा सौभाग्य

मोदी ने कहा, जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और हम सभी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, वंदे मातरम की 150 वर्ष की यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है, लेकिन जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष हुए थे, तब देश गुलामी में जीने के लिए मजबूर था। जब वंदे मातरम् के 100 वर्ष हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और जब वंदे मातरम् का अत्यंत उत्तम पर्व होना चाहिए था, तब भारत के संविधान का गला घोंट दिया गया था।

### 2047 तक विकसित भारत बनाना सपना

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी से पहले महापुरुषों का सपना स्वतंत्र भारत का था और आज की पीढ़ी का सपना समृद्ध भारत का है। मोदी ने कहा कि वंदे मातरम गीत ऐसे समय लिखा गया था, जब 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेज सल्तनत बौखलाई हुई थी। उन्होंने कहा, हमारा सपना है कि 2047 में देश विकसित भारत बनकर रहे। अगर आजादी के 50 साल पहले कोई देश की आजादी का सपना देख सकता था तो 25 साल पहले हम भी समृद्ध, विकसित भारत का सपना देख सकते हैं। मोदी ने कहा, यहां कोई पक्ष, विपक्ष नहीं है। यहां बैठे हम सब लोगों के लिए सोचने का विषय है कि आजादी के आंदोलन के परिणामस्वरूप हम यहां बैठे हैं। हम जन प्रतिनिधियों के लिए वंदे मातरम के ऋण को स्वीकार करने का अवसर है।

## सार संक्षेप

### ईडी ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) के लिए निविदाएं देने में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र जैन तथा 13 अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन विरोधी कानून के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत छह दिसंबर को दिल्ली की एक अदालत में दायर की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 14 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की है।

### चीन की यात्रा करते समय बरतें सावधानी

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को अपने नागरिकों को परामर्श दिया कि वे चीन की यात्रा करते समय या किसी अन्य गंतव्य पर जाने के लिए वहां से गुजरते समय उचित सावधानी बरतें। नयी दिल्ली ने अपने नागरिकों को यह परामर्श अरुणाचल प्रदेश की एक महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर रोके जाने जाने के दो सप्ताह बाद दिया है। चीन के अधिकारियों ने पारगमन के दौरान उसके भारतीय पासपोर्ट को वैध मानने से इनकार कर दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि चीन के अधिकारी यह आश्वासन देंगे कि चीनी हवाई अड्डों से पारगमन के दौरान भारतीय नागरिकों को चुनिंदा रूप से निशाना नहीं बनाया जाएगा, उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में नहीं लिया जाएगा या उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा संबंधी नियमों का चीनी पक्ष सम्मान करेगा।

### सिद्धरमैया की विधायिकी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से 2023 के चुनावों में वरुणा विधानसभा क्षेत्र से उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा। इस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता होने का दावा करने वाले याचिकाकर्ता ने कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में पांच गारंटियों का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि सिद्दरमैया जनप्रतिनिधित्व (आरपी) अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत 'भ्रष्ट आचरण' में लिप्त थे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने के. शंकर नाम के व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सिद्दरमैया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### राजनाथ सिंह ने संसद में सुनाया इतिहास

## वंदे मातरम को खंडित कर कांग्रेस ने देश तोड़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि 'वंदे मातरम' के साथ हुआ अन्याय कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया था और इसी राजनीति ने देश का विभाजन कराया।'' लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लेते हुए सिंह ने कहा कि यह सच स्वीकार करना पड़ेगा कि वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ।

**रक्षा मंत्री ने बंगाल पर भी बोला हमला**

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजाद भारत में राष्ट्र गान और राष्ट्रीय गीत को एक समान दर्जा देने की बात थी, लेकिन (राष्ट्रीय गीत) वंदे मातरम को खंडित किया गया। सिंह ने कहा, वह धरती, जिस पर वंदे मातरम की रचना हुई, उसी धरती पर कांग्रेस ने इसे खंडित करने का काम किया। उन्होंने कहा, वंदे मातरम के साथ हुआ अन्याय अलग-थलग घटना नहीं थी, यह तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया।



### गौरव लौटाना समय की मांग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वंदे मातरम का गौरव लौटाना समय की मांग और नैतिकता का तकाजा है। हम सभी को मिलकर सोचना चाहिए कि क्या संविधान में नया दायित्व नहीं जोड़ा जा सकता कि राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत को सम्मान दिया जाए। सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् और बंकिमचंद्र चटर्जी की पुस्तक 'आनंद मठ' कभी भी इस्लाम के विरुद्ध नहीं था। आज पश्चिम बंगाल से बहुत से परिवारों को पलायन करना पड़ रहा है।

## वुजूखाना के सर्वे की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई टली

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाना के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई सोमवार को टाल दी और अगली तिथि 12 जनवरी, 2026 निर्धारित की। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल, वाराणसी की एक अदालत में वादियों में से एक राखी सिंह द्वारा दायर की गयी पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, संबंधित पक्षकारों के वकीलों ने बताया कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही है जिसे देखते हुए इस मामले में सुनवाई टाली जाती है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है। जिला न्यायाधीश ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद में वुजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग) का सर्वेक्षण करने का निर्देश देने से मना कर दिया था।



**उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के चलते लिया फैसला**

## नाइटक्लब में आग: मालिकों के घर पहुंची गोवा पुलिस

एजेंसी। नई दिल्ली

गोवा पुलिस की एक टीम सोमवार को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में शनिवार को लगी आग की घटना की जांच के सिलसिले में नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव और सौरभ लूथरा के दिल्ली विश्वविद्यालय के पास स्थित उनके आवास पर पहुंची। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस नाइटक्लब में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस के पहुंचने पर इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल लूथरा बंधु हडसन लेन स्थित अपने आवास पर नहीं पाए गए।

**दिल्ली स्थित घर पर नहीं मिले गौरव और सौरभ**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि टीम ने गौरव और सौरभ के वर्तमान ठिकाने का पता लगाने के लिए लूथरा परिवार के सदस्यों से पूछताछ की और उनकी हालिया गतिविधियों, संभावित ठिकानों और उनके संपर्कों के बारे में जानकारी मांगी। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' में शनिवार रात आग लग गई थी। इस घटना में मारे गए 25 लोगों में से ज्यादातर नाइटक्लब के कर्मचारी थे। अधिकारी के अनुसार, गोवा पुलिस की एक टीम क्लब से जुड़े कथित उल्लंघनों और खामियों के सिलसिले में लूथरा बंधुओं से पूछताछ करने दिल्ली पहुंची।



### कर्मचारी को दिल्ली में हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** गोवा में नाइट क्लब के एक कर्मचारी को राज्य पुलिस ने दिल्ली में हिरासत में लिया है। इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कर्मचारी की पहचान यहां सब्जी मंडी इलाके के निवासी भरत कोहली के रूप में हुई है। वह नाइट क्लब के दैनिक कामकाज की देखरेख के लिए जिम्मेदार था और क्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान उसका नाम सामने आया। उन्होंने बताया कि कोहली को पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन में शनिवार रात आग लग गई थी।

### सरकार ने इंडिगो की चालक दल की कमी पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

## हर एयरलाइन के लिए कायम करेंगे मिसाल

एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा में सोमवार को नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार ने इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द किए जाने के संबंध में जांच शुरू कर दी है और एयरलाइन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य एयरलाइनों के लिए उदाहरण पेश किया जा सके। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए नायडू ने इंडिगो एयरलाइंस को उसके दिन-प्रतिदिन के संचालन के दौरान चालक दल और ड्यूटी रोस्टर को प्रबंधित करने में विफल करार दिया। उन्होंने कहा, हम इस स्थिति को हल्के में नहीं ले रहे हैं।

**इंडिगो के खिलाफ जांच जारी, एयरलाइन पर होगी कार्रवाई**

हम एक जांच कर रहे हैं। हम न केवल इस मामले में बल्कि एक मिसाल पेश करने के लिए भी बहुत, बहुत कड़ी कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरक प्रश्न पूछते हुए यह जानना चाहा कि क्या इंडिगो संकट ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में गलती के कारण हुआ था? यह एक तकनीकी समस्या है जिसने नवंबर 2025 की शुरूआत में उड़ान सेवाओं को बाधित किया था। विमानन मंत्री ने स्पष्ट किया कि इंडिगो संकट एएमएसएस से संबंधित नहीं था बल्कि इंडिगो की आंतरिक क्रू रोस्टर प्रणाली में विसंगतियों और कुप्रबंधन के कारण हुआ था। अप्रैल 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तैयार किए गये नये उड़ान ड्यूटी समय पाबंदी (एफडीटीएल) दिशानिर्देश की विस्तार से जानकारी देते हुए नायडू ने कहा कि कुल 22 एफडीटीएल दिशानिर्देश थे, जिनमें से 15 को एक जुलाई 2025 से और शेष सात को एक नवंबर 2025 से लागू किया गया।

नायडू के अनुसार, एफडीटीएल के कार्यान्वयन के संबंध में इंडिगो सहित कई हितधारकों से परामर्श किया गया था और सरकार ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया था कि सभी एयरलाइनों को सुरक्षा से समझौता किए बिना नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि एक नवंबर 2025 को जब एफडीटीएल पूरी तरह से लागू हुआ, उसी समय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सभी एयरलाइनों के साथ निरंतर परामर्श करता रहा है, क्योंकि उन्होंने अपने संचालन में विविधताओं के कारण कुछ छूट का अनुरोध किया था। नायडू ने कहा, व्यापक परामर्श और सुरक्षा जोखिम मूल्यांकन के बाद, आवश्यक विविधताएं और छूट पहले ही दे दी गई थीं।



### इंडिगो ने 500 उड़ानें कीं रद्द

**नई दिल्ली।** परिचालन संकट से जूझ रही घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने सोमवार को 500 उड़ानें रद्द कर दी हैं और उसकी दिन भर में 1,802 उड़ानों के संचालन की योजना है। नागर विमानन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन ने यात्रियों के कुल 9,000 बैग में 4,500 बैग उन्हें वापस कर दिए हैं और बाकी बैग भी अगले 36 घंटों में यात्रियों को सौंप दिए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा, आज (सोमवार) इंडिगो 138 में 137 गंतव्यों के लिए 1,802 उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। उसकी 500 उड़ानें रद्द हुई हैं। साथ ही 9,000 बैग में 4,500 बैग ग्राहकों को सौंप दिए गए। एयरलाइन ने अगले 36 घंटों में बाकी बैग भी सौंपने का लक्ष्य तय किया है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि एक से सात दिसंबर की अवधि के लिए बुक किए गए 5,86,705 टिकटों के पीएनआर रद्द किए गए और उनका पैसा लौटा दिया गया। इसकी कुल राशि 569.65 करोड़ रुपये है।

## रोहिंग्या और घुसपैठियों पर योगी सरकार सख्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राज्य में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह अपील ऐसे समय में की है, जब उनके निर्देश पर पिछले सप्ताह से पूरे प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, "उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि घुसपैठियों के लिए लाल कालीन नहीं बिछाया जा सकता। इससे स्पष्ट है कि घुसपैठिए किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है।



**नौकरी पर रखने वालों का कराएं सत्यापन**

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025



### डिस्कॉम डाटा हुआ पोर्टल से एकीकृत

# संपत्ति कर वसूली में एमसीडी को मिलेगी बिजली कंपनियों की मदद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने संपत्ति कर वसूली को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब निगम संपत्ति करदाताओं की पहचान और कर वसूली की प्रक्रिया में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) का सहयोग लेगा। इसके लिए डिस्कॉम का डाटा एमसीडी के संपत्ति कर पोर्टल के साथ जोड़ दिया गया है।

डिस्कॉम डाटा के एकीकरण से अब यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि राजधानी में कितनी संपत्तियां आवासीय हैं और कितनी व्यावसायिक रूप से उपयोग हो रही हैं। इससे न केवल नए करदाताओं की पहचान करना संभव होगा, बल्कि मौजूदा संपत्ति कर वसूली की भी प्रभावी सत्यापन प्रक्रिया लागू हो सकेगी। संपत्ति कर विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, सेल्फ असेसमेंट प्रणाली के कारण कई बार संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कठिन हो जाता है। ऐसे में बिजली कंपनियों के रिकॉर्ड के आधार पर जमा किए जा रहे कर और संपत्ति की घोषित श्रेणी की तुलना आसानी से की जा सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि बिजली कंपनियों के पास कनेक्शन से संबंधित विस्तृत जानकारी होती है, जिसमें आवासीय-व्यावसायिक श्रेणी और संपत्ति से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विवरण शामिल होते हैं।



### आधार कार्ड से भी किया जा सकेगा संपत्ति कर का भुगतान

संपत्ति कर भुगतान प्रक्रिया को और सरल बनाने के लिए निगम आधार नंबर के माध्यम से भुगतान की सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) से अनुमति प्राप्त हो गई है। यदि सभी तकनीकी प्रक्रियाएं समय पर पूरी हो गईं, तो जल्द ही एमसीडी की वेबसाइट पर आधार नंबर से संपत्ति कर भुगतान की व्यवस्था उपलब्ध होगी। एमसीडी के इस कदम से संपत्ति कर वसूली में तेजी आने, पारदर्शिता बढ़ने और कर आधार के विस्तार की उम्मीद की जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी की वेबसाइट चौथे दिन भी बंद, जनता परेशान, शिकायत न दर्ज हो रही न स्टेटस मिल रहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की वेबसाइट पिछले चार दिनों से ठप पड़ी है, जिसके कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों, स्ट्रीट लाइटों और अन्य अवसंरचनात्मक समस्याओं से जुड़ी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज नहीं हो पा रही हैं। जिन लोगों ने पहले शिकायतें दर्ज की थीं, वे अब उनका स्टेटस भी नहीं देख पा रहे हैं।

## बावरिया गैंग का कुख्यात बदमाश संजय उर्फ झल्लू गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात बावरिया गैंग के सदस्य संजय उर्फ झल्लू को पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपित 34 आपराधिक मामलों में शामिल है। इसमें 6 मामलों में भगोड़ा घोषित किया गया है। इसके अलावा पांच मामलों में नॉन-बेलेबल वारंट जारी। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपित 12 से अधिक मामलों में वांछित था। आरोपित के ऊपर उप्र पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित कर रखा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ इलाके में छिपा है। दो सप्ताह की लगातार तकनीकी निगरानी और स्थानीय इनपुट जुटाने के बाद पुलिस ने आरोपित को सात दिसंबर को छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि संजय उर्फ झल्लू पर दिल्ली और उप्र में कुल 34 मामले दर्ज हैं। जिनमें हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, झपटमारी, और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। इनमें से 18 मामले दिल्ली के और 16 मामले उप्र व अन्य राज्यों के हैं। वह दिल्ली के साकेत, हौज खास, मेहरौली, आदर्श नगर, वजीराबाद समेत कई थानों में भगोड़ा घोषित है।

# फर्रुखनगर तहसील परिसर में टाइपिस्ट पर नकाबपोशों ने किया हमला

- तहसील में टाइपिस्ट से मारपीट करके हमलावर बोले, हमें गौरी शंकर ने भेजा है
- पीड़ित के साथ खड़े होकर वकीलों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला के खंड फर्रुखनगर तहसील परिसर में नकाबपोश युवकों ने एक टाइपिस्ट पर हमला बोल दिया। उसका सामान आदि तोड़ दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जाते हुए बोले कि हमें गौरी शंकर ने भेजी है। तहसील में दिन-दहाड़े इस घटना से वहां काम करने वाले टाइपिस्ट व वकीलों में रोष है। पीड़ित के साथ खड़े होकर वकीलों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह फर्रुखनगर तहसील में टाइपिस्ट अशोक कुमार काम कर रहा थी। इसी बीच करीब 10 नकाबपोश युवक हाथों में रॉड व डंडे लेकर पहुंचे। उस पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने एक के बाद एक सारा सामान तोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार पुत्र हरिकिशन निवासी गांव खंडेवला ने कहा कि आरोपी ऊंची आवाज में उसे गालियां दे रहे थे। उसे धमकी दे रहे थे कि उन्हें गौरी शंकर ने भेजा है। अगर उसके बारे में कुछ भी कहा तो जान से मार देंगें। पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान मीलू राठी के रूप में की है। पीड़ित टाइपिस्ट अशोक कुमार ने पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से वकीलों में भी गुस्सा है।

तहसील वकील एसोसिएशन के प्रधान राजेश यादव (राजूपुर) ने घटना की निंदा की है। विरोध स्वरूप वकीलों ने एकत्रित होकर तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। एसएचओ संतोष कुमार ने दोषियों को शाम तक गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। अधिकारी के आश्वासन पर ताला खोल दिया गया। चेतावनी दी गई कि यदि मंगलवार सुबह तक कार्रवाई नहीं हुई, तो दोबारा ताला लगाया जाएगा। घटना के विरोध में सभी वकीलों और डीड राइटरों ने एक दिन का कार्य निलंबित कर दिया, जिससे तहसील में कामकाज ठप रहा। विरोध करने वालों में एडवोकेट अमित यादव सचिव पटौदी बार, राहुल सहरावत पटौदी बार प्रधान, जीतेंद्र एडवोकेट, एडवोकेट संदीप यादव, एडवोकेट मनोज यादव , पदम एडवोकेट, एडवोकेट प्रदीप यादव, नरेश नम्बरदार, रोहतास नम्बरदार, प्रदीप यादव एडवोकेट, जौली एडवोकेट, कुलदीप एडवोकेट, तेजपाल एडवोकेट, भोला फोटो स्टेट, मनीष कुमार, अशोक सैनी, विक्की एडवोकेट, रोहित एडवोकेट, विक्की एडवोकेट, मोनू एडवोकेट, विकास एडवोकेट, विनय एडवोकेट आदि सहित काफी डीड राईटर एवं वकील मौजूद रहे।

# वेद की धरती पर ऋग्वेद प्राप्त होना अत्यंत सौभाग्य की बात : केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत

- इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को ऋग्वेद की श्रृंखला भेंट की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गीता जयंती महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को ऋग्वेद की श्रृंखला भेंट की। 12 पुस्तकों की यह श्रृंखला खंड एक से खंड 12 तक में उपलब्ध है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शेखावत इंद्रप्रस्थ संजीवनी द्वारा गीता जयंती सप्ताह में किए जा रहे कार्यों से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि संस्था ने जिस तरह सरकारी अस्पतालों में जाकर मरीजों को गीता एवं गंगाजल भेंट की है, वह अत्यंत काबिलेतारीफ है। मरीज जिस हालत में अस्पताल में होते हैं, उनके दृष्टिकोण से देखें तो इस पुनीत कार्य ये उन्हें काफी मानसिक शांति मिलती होगी। मंत्री ने कहा कि वेद की धरती पर ऋग्वेद प्राप्त होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर संस्था के सह सचिव राहुल शर्मा भी उपस्थित रहे।

## एकीकृत स्वास्थ्य नीति से मिलेगी नई दिशाः डॉ. पाराशर

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. पाराशर ने कहा कि एकीकृत स्वास्थ्य नीति देश की चिकित्सा व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। उनके अनुसार, यह नीति न केवल विभिन्न रोगों के उपचार में सफलता का प्रतिशत बढ़ाएगी, बल्कि एलोपैथिक दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों को भी कम करने में प्रभावी भूमिका निभाएगी।

डॉ. पाराशर के मुताबिक टीबी, मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप तथा अन्य गंभीर बीमारियों में प्रयुक्त आधुनिक दवाओं के साइड इफेक्ट्स शरीर के कई अंगों पर प्रतिकूल असर डालते हैं। लिवर, किडनी, नर्वस सिस्टम और पाचन तंत्र पर पड़ने वाले भारी दबाव को आयुर्वेदिक औषधियों की सहायता से काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# पुलिस ने डकैती के मामले में छह आरोपितों को दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- कब्जे से लूटी गई रकम में से 10,40,000 रुपये समेत अन्य सामान बरामद

उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस टीम ने जहांगीरपुरी थाना क्षेत्र में हुई डकैती की गुत्थी सुलझाते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई रकम में से 10,40,000, वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिलें, पीड़ित की स्कूटी, और लूटी हुई रकम से खरीदी गई स्विफ्ट डिजायर कार व दो महंगे आई-फोन बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपित हत्या, आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी और झपटमारी जैसे संगीन मामलों में पहले भी शामिल रह चुके हैं। उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने सोमवार को बताया कि 28 नवंबर की शाम करीब 7:45 बजे, शिकायतकर्ता रोशन लाल अपने कंपनी मालिक लक्ष्य लांबा के लिए 36 लाख नकद लेकर स्कूटी से रोहिणी की तरफ जा रहे थे। जब वह मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी दो मोटरसाइकिलों पर आए बदमाशों ने उनकी स्कूटी को धक्का देकर गिरा दिया। एक आरोपित ने चाकू से उन पर 3झ4 बार हमला किया। घायल रोशन लाल किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। जबकि आरोपित नगदी से भरा बैग और स्कूटी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस के अलावा जिले की एंटी-बर्गलरी सेल व स्पेशल स्टाफ को लगाया गया। संयुक्त टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने पहले अमन, मनीष उर्फ डॉन, प्रिंस उर्फ आवारा और अर्शद को दबोचा। पूछताछ में इन्होंने वारदात कबूल किया। पुलिस ने इनसे लूटी गई रकम से खरीदे गए दो आई फोन बरामद किए। आगे इनसे मिली जानकारी पर पुलिस ने मुख्य साज़िशकर्ता नितेश और उसके साथी इरफान को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपित नितेश गांधी नगर में ड्राइवर का काम करता था और उसे पता था कि पीड़ित रोजाना बड़ी रकम लेकर रोहिणी जाता है।

नितेश ने यह जानकारी इरफान को दी और दोनों ने बाकी साथियों के साथ मिलकर रेकी की। इसके बाद 28 नवंबर को नितेश ने अपने गिरोह को जानकारी दी कि उस दिन भारी रकम की डिलीवरी होनी है। इसके बाद सभी आरोपितों ने मिलकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब शेष लूटी गई रकम की बरामदगी और आरोपियों की अन्य वारदातों में संलिप्तता की जांच कर रही है।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने लांच की नई सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने आज अपने ग्राहकों के लिए फर्स्ट वाओ! ब्लैक क्रेडिट कार्ड लॉन्च कर दिया है। यह मौजूदा फर्स्ट वाओ! क्रेडिट कार्ड का अपग्रेडेड और फीचर्स से भरपूर वर्जन है, जो फिक्स्ड डिपॉज़िट (एफडी) के साथ सुरक्षित है। इसे प्रीमियम लाभों के साथ सुलभ कीमत पर पेश किया गया है। कार्ड कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करता है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय खर्च पर जीरो एफएक्स मार्कअप, डुअल कार्ड (मास्टरकार्ड और रुपे यूपीआई) और यूपीआई खर्च पर रिवॉर्ड्स शामिल हैं। कार्डधारक को एक फिजिकल मास्टरकार्ड और एक यूपीआई-सक्षम रुपे वर्चुअल क्रेडिट कार्ड दोनों मिलते हैं, जो एक ही खाते से जुड़े होते हैं, वह भी एक ही क्रेडिट लिमिट और एक ही कंसोलिडेटेड स्टेटमेंट के साथ।

### फर्स्ट वाओ! ब्लैक कार्ड की विशेषताएं

सभी अंतर्राष्ट्रीय खर्चों पर 0% फॉरेक्स मार्कअप


**कैश विथड्रावल :** भुगतान की तय तारीख तक 0% ब्याज (अधिकतम 45 दिन), निकासी पर 199 रुपए का शुल्क

**रिवॉर्ड पॉइंट्स :** रोजमर्रा के खर्च पर 150 रुपए पर 4 रिवॉर्ड पॉइंट्स (करीब 1.3% वैल्यू बैक) 2,000 रुपए से ऊपर के यूपीआई खर्च पर 150 रुपए पर 3 रिवॉर्ड पॉइंट्स (करीब 1% वैल्यू बैक) आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ऐप पर होटल बुकिंग पर 150 रुपए पर 50 बोनस रिवॉर्ड पॉइंट्स (करीब 16.7% वैल्यू बैक) आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ऐप पर फ्लाइट बुकिंग पर 150 रुपए पर 30 बोनस रिवॉर्ड पॉइंट (करीब 10% वैल्यू बैक)।

## मोहल्ला क्लीनिक बंद होने से बढ़ी चिंता : आप का आरोप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विश्वास नगर वार्ड अध्यक्ष सुभाष चंद लाला ने आरोप लगाया है कि ट्रिपल इंजन सरकार दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर कर रही है। उनके अनुसार, आम आदमी पार्टी द्वारा जनता को उनके घर के पास स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए मोहल्ला क्लीनिकों को लगातार बंद किया जा रहा है, जिससे हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं। सुभाष चंद लाला के अनुसार दिल्ली सरकार के ताजा निर्देशों के तहत बड़ी संख्या में चल रहे मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने के नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी के लगभग 95 मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू कर दी गई है, जिससे वहां तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों पर संकट गहरा गया है। उनके अनुसार इससे पहले भी कई क्लीनिक बंद किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में सितंबर और अक्टूबर में कई क्लीनिकों को बंद किया गया था, और अब इन 95 क्लीनिकों को मिलाकर कुल 296 मोहल्ला क्लीनिक बंद हो चुके हैं।

# लापरवाही से थार चालक ने एक कार में मारी टक्कर, गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- आरोपी की गाड़ी से टक्कर लगने से पीड़ित की गाड़ी चार बार पलटी
- पीड़ित कार चालक के सिर व कंधे में लगी गहरी चोटें

थार कार से स्टंट करने, लापरवाही से ड्राइविंग करने के मामले गुरुग्राम में थम नहीं रहे। ऐसा ही एक मामला और समाने आया है, जिसमें लापरवाही से तेज गति में गाड़ी चलाकर सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी गई। इस टक्कर में पीड़ित व्यक्ति की कार चार बार पलटी। इससे उसे गहरी चोटें आई। पुलिस ने आरोपी थार चालक के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि दो दिसंबर 2025 को एक व्यक्ति ने भौंडसी थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा था कि वह दो दिसंबर को सोहना से गुरुग्राम जा रहा था। करीब डेढ़ बजे वह घामड़ोज टोल के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही एक काले रंग की थार गाड़ी ने उसकी कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी कार चार बार पलटी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उसे सिर व कंधे में गहरी चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने ही कार से उसे निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी थार गाड़ी के चालक के खिलाफ भौंडसी थाना में केस दर्ज किया। पुलिस टीम ने इस मामले में आरोपी थार गाड़ी चालक को अलीपुर गांव जिला गुरुग्राम से काबू किया गया। आरोपी की पहचान भरत निवासी अलीपुर के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह प्रॉपर्टी डीलर है। दो दिसंबर को वह अपने भाई के की थार गाड़ी में गुरुग्राम की तरफ जा रहा था। उसकी गाड़ी की गति तेज होने के कारण शिकायतकर्ता की गाड़ी में थार की टक्कर हो गई। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जा से थार कार भी बरामद कर ली गई है।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने लगाया मुफ्त स्वास्थ्य शिविर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद के सौजन्य से आज नगर निगम यूनियन कार्यालय में मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीके अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरजिंदर ने किया। मेट्रो हॉस्पिटल की टीम प्रवीण भाटिया, डॉ. प्रियंका अनन, डॉ. महिंद्रा, डॉ. राहुल कुमार सहित अन्य स्टाफ ने सैकड़ों रिटायर्ड कर्मचारियों का बीपी, शुगर, ईसीजी आदि जांचें कीं और आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. हरजिंदर ने ऐसे शिविरों में सरकारी स्तर पर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। शिविर आयोजन में संघ के प्रधान नवल सिंह, अमर सिंह बैसला, लज्जाराम, अशोक कुमार, सत्यपाल नरवत, खजान सिंह, श्रीपाल भाटी और यू.एम. खान सहित टीम का विशेष योगदान रहा। कर्मचारियों ने ऐसे शिविर नियमित रूप से लगाने की मांग की। बैठक में बताया गया कि 17 दिसंबर को वित्त विधेयक 2025 के विरोध में उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर बंद होंगी वाणिज्यिक गतिविधियां

# पहले चरण का पुनर्विकास होगा तेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- पहले चरण में कार्य पहाड़गंज की तरफ से शुरू किया गया
- पहाड़गंज की तरफ वीआईपी पार्किंग आधी जगह से टूटी

राजधानी के सबसे प्रमुख नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में एक तरफ जहां पहाड़गंज की तरफ पार्किंग बंद कर दी गई है तो वहीं दूसरी तरफ प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मौजूद दफ्तरों को भी खाली कराया जा रहा है। इसके साथ ही अब प्लेटफॉर्म संख्या एक पर चल रही वाणिज्यिक गतिविधियां जैसे स्टॉल, साइन बोर्ड, प्रतीक्षालय, लॉकर रूम आदि को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिए कहा गया है ताकि पहले चरण का पुनर्विकास कार्य शुरू किया जा सके। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का काम रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा करवाया जा रहा है। पहले चरण में कार्य पहाड़गंज की तरफ से शुरू किया गया है। पहाड़गंज की तरफ मौजूद वीआईपी पार्किंग की आधी जगह को तोड़ा जा चुका है और वहां टावर बनाने का काम शुरू किया जा रहा है। पहाड़गंज स्थित पार्किंग का ठेका बीते सप्ताह ही रद्द किया जा चुका है। इस जगह को निर्माण कर रही कंपनी ने अपने कब्जे में लेकर काम शुरू कर दिया है। आरएलडीए सूत्रों ने बताया कि उन्होंने नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर चल रही वाणिज्यिक गतिविधियों को बंद करने के लिए दिल्ली डिवीजन को पत्र लिखा था। बीते 4 नवंबर को उन्होंने दिल्ली डीआरएण पुष्पेश रमन त्रिपाठी के साथ बैठक कर उन वाणिज्यिक गतिविधियों की सूची दी है जिन्हें जल्द बंद करना इस परियोजना के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बैठक में कहा है कि पहले चरण का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इन वाणिज्यिक गतिविधियों के टेंडर तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाए और जगह उन्हें उपलब्ध कराई जाए। आरएलडीए सूत्रों ने बताया कि पुनर्विकास कार्य में सबसे पहले पहाड़गंज की दिशा में प्लेटफॉर्म संख्या एक की शुरूआत एवं अंत में दो टावर खड़े किए जाएंगे। इसके बाद दोनों को आपस में जोड़ा जाएगा। उसी तरह अजमेरी गेट की तरफ भी दूसरे चरण में दोनों छोड़ पर टावर खड़े किए जाएंगे और उन्हें आपस में जोड़ा जाएगा। इसके बाद प्लेटपॉर्म बनाने का काम शुरू होगा ताकि रेलगाड़ियों के परिचालन पर बड़ा असर न पड़े।

## डिब्रूगढ़ के लिए चलेगी विशेष रेलगाड़ी

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार से डिब्रूगढ़ के बीच विशेष रेलगाड़ी का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05903 डिब्रूगढ़ से 9 दिसंबर की दोपहर 2 बजे चलकर 11 दिसंबर शाम 4 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

Name change

I,Ratan Lal S/o Shri Chand R/o 5L/76, NH-5, NIT Faridabad have changed my name to Ratan Lal Bhatia.

-----------------------------------

I, Guru Prasad S/o Kishori Bhutt R/o 294, Gali no.8, Indra Nagar, Faridabad have changed my name to Guru Mani Bhatt.

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, भीमताल (नैनीताल)
दूरभाष कार्यालयः- 05942-247895 Email : eecd.btl@gmail.com

पत्रांक : 3812/535/68 अल्पकालीन निविदा सूचना दिनांक : 05.12.2025

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विकासखण्ड हल्द्वानी की खेड़ा पेयजल योजना के अवशेष कार्य एवं विकासखण्ड भीमताल की अधौड़ा पेयजल योजना के अवेशष कार्य हेतु मोहरबंद निविदा, दिनांक 19.12.2025 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी कार्यदिवस में अपरान्ह 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। उक्त दिनांकों में अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस को डाली/खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | विकासखण्ड | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हल्द्वानी | विकासखण्ड हल्द्वानी की खेड़ा पेयजल योजना के अवशेष कार्य के संबंध में। | 24000.00 | 2 माह | 1500+जी0एस0टी0 18% |
| 2 | भीमताल | विकासखण्ड भीमताल की अधौड़ा पेयजल योजना के अवशेष कार्य के संबंध में। | 28000.00 | 2 माह | 1500+जी0एस0टी0 18% |

नोट :-
1. नियम एवं अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक कार्यालय या नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय -जीवन संचय" "कृपया जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाइये"
"जल स्त्रोत बताइये-पेयजल योजना पाइये" "जल स्त्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है"

# सीएम रेखा गुप्ता ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ श्री दरबार साहिब में माथा टेका

- भाजपा नेताओं ने श्रीमती गुप्ता और उनके मंत्रियों का स्वागत किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने छह कैबिनेट मंत्रियों के साथ सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें स्मरणोत्सव के मौके पर स्वर्ण मंदिर में प्रार्थना करने के लिए अमृतसर पहुंचीं। अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं और अमृतसर शहर के अध्यक्ष हरविंदर संधू ने श्रीमती गुप्ता और उनके मंत्रियों का फूलों के गुलदस्ते और मालाओं से स्वागत किया।

इसके बाद वह सीधा स्वर्ण मंदिर के लिए रवाना हो गईं। जहां वह गुरुघर में मत्था टेकेंगी। उनकी यह यात्रा राजनीतिक रूप से अहम होने के साथ-साथ धार्मिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने वाली मानी जा रही है। स्वर्ण मंदिर की अपनी यात्रा की एक झलक शेयर करते हुए, श्रीमती गुप्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पवित्र स्थल के दर्शन मात्र से ही अद्भुत शांति की अनुभूति होती है। हरमंदिर साहिब केवल एक धरोहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा और सेवा का दिव्य केंद्र है, जहां आस्था कर्म में बदलती है और भक्ति चरित्र गढ़ती है। यहां सरबत दा भला की अरदास की और सभी के सुख, स्वास्थ्य व कल्याण के लिए प्रार्थना की। दिल्ली को लाल किले पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित भव्य समागम का सफलतापूर्वक आयोजन होना, वाहेगुरु जी की अनंत कृपा और गुरु साहिब का अपार आशीर्वाद है। प्रार्थना है कि वाहेगुरु जी हम सब पर अपनी मेहर बनाए रखें, हमें सेवा, करुणा और कर्तव्य-पथ पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री के दौरे की शुरूआत श्री हरिमंदिर साहिब से हो रही है–जो सिख आस्था और विश्व शांति का केंद्र माना जाता है। यहां वे गुरबाणी का आशीर्वाद लेंगी और समुदाय को शांति-समानता का संदेश देने की उम्मीद है। इसके बाद मुख्यमंत्री गुप्ता का काफिला श्री दुर्गियाना मंदिर पहुंचेगा, जो अमृतसर की धार्मिक पहचान का एक प्रमुख प्रतीक है। यहां वे पूजा-अर्चना करेंगी और हिंदू धार्मिक परंपराओं का सम्मान प्रकट करेंगी। यह पड़ाव शहर की धार्मिक विविधता और सांस्कृतिक एकजुटता को रेखांकित करता है। दौरे का अंतिम चरण श्री रात तीर्थ रहेगा।

# दिल्ली ब्लास्ट केसः चार आरोपियों की एनआईए कस्टडी 4 दिन बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में हुए ब्लास्ट मामले की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। इसी सिलसिले में पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को गिरफ्तार चार आरोपियों की एनआईए कस्टडी 4 दिन और बढ़ा दी है। इन आरोपियों में डॉ. मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद और आदिल अहमद के नाम शामिल हैं। इन आरोपियों को 10 दिन की पिछली कस्टडी पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया गया था।

अब एजेंसी को उनसे आगे की पूछताछ के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। इससे पहले 5 दिसंबर को अदालत ने एक अन्य आरोपी शोएब की एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ाने की मंजूरी दी थी। एजेंसी का आरोप है कि शोएब ने धमाके से ठीक पहले आतंकवादी उमर नबी को पनाह दी थी और उसे लॉजिस्टिक सपोर्ट प्रदान किया था। एनआईए का कहना है कि शोएब की भूमिका साजिश के महत्वपूर्ण हिस्से को समझने में बेहद अहम है।

2 दिसंबर को एनआईए ने इस केस के मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली की कस्टडी 7 दिन और बढ़ा दी थी। आमिर को 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था और एजेंसी को पहले उसकी 10 दिन की रिमांड मिली थी। शुरूआती पूछताछ के दौरान एनआईए को कई अहम सुराग मिले,



जिसके आधार पर हिरासत बढ़ाने की मांग की गई। जांच में यह सामने आया कि धमाके में इस्तेमाल की गई कार का मालिक खुद आमिर था। एजेंसी के अनुसार, उसने न सिर्फ आत्मघाती हमलावर के साथ साजिश रची बल्कि हमले की तैयारियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए ने कई राज्यों में छापेमारी की, जिसके बाद आमिर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। एनआईए इस पूरे मॉड्यूल को तोड़ने के लिए लगातार कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। एजेंसी का लक्ष्य इस नेटवर्क से जुड़े हर सदस्य की पहचान करना और उसे गिरफ्तार करना है। जांचकर्ता सभी संभावित सुरागों को इकट्ठा कर यह समझने की कोशिश में हैं कि हमला कैसे प्लान किया गया और किन-किन लोगों की इसमें भूमिका रही।

# कालिंदी कुंज में चाकूबाजी, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र के जेजे कॉलोनी मदनपुर खादर में रविवार शाम आरोपितों ने तीन लोगों को चाकू से गोद दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो घायलों का इलाज चल रहा है।

दक्षिण पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि शानिवार शाम पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए घटना की सूचना मिली कि मदनपुर खादर में चाकूबाजी हुई है। सूचना मिलते मौके पर पुलिस पहुंची। मौके पर तीन युवक घायल अवस्था में मिले। जिन्हें बिना देरी अपोलो अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान 19 वर्षीय विकास को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी दो घायलों का उपचार जारी है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय पूछताछ और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इलाके के सक्रिय बदमाश रवि उर्फ पव्वा तथा उसके साथियों की भूमिका पाई है। पुलिस ने रवि उर्फ पव्वा को हिरासत में ले लिया है। जबकि उसके अन्य सहयोगियों की तलाश में टीम दबिश दे रही है। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश की आशंका सामने आई है। हालांकि पुलिस सटीक वजह का पता लगाने में जुटी है। घटनास्थल की फॉरेंसिक व क्राइम टीम को बुलाया गया और महत्वपूर्ण सबूत जुटाए गए। मामले में संबंधित धाराओं के मुकदमा दर्ज किया गया।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में रविवार शाम एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार घटना शाम करीब 5:28 बजे हुई, जब पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए जानकारी मिली कि राम टेंट हाउस, मेन मार्केट के पास एक युवक को चाकू मार दिया गया है। सूचना मिलते ही थाना शकरपुर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां सड़क पर खून बिखरा पड़ा था और आसपास भीड़ इकट्ठा थी। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि घायल युवक को लोगों ने पहले पटेल अस्पताल और बाद में गंभीर हालत के चलते एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हैं। घटना सुबह करीब 4:10 बजे हुई, जब एक कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही कृष्णा नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यहां पुलिस को एक क्षतिग्रस्त बुलेट मोटरसाइकिल और डिवाइडर पर चढ़ी हुई लाल रंग की स्विफ्ट कार मिली, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि हादसे में सहबाज (22) को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाइक पर पीछे बैठा समीर (21) का इलाज चल रहा है। वहीं कार चालक ऋषभ (28) भी घायल हुए। वह संगम विहार के रहने वाले है। उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

# दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से हाल-बेहाल

- दिसंबर की शुरूआत से एक्यूआई बेहद गंभीर, अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। दिसंबर की पहली तारीख से लेकर अब तक हवा की गुणवत्ता अति गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है। राजधानी दिल्ली के ज्यादातर मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 320 से 370 के बीच रिकॉर्ड हुआ है, वहीं नोएडा और गाजियाबाद के कई क्षेत्रों में भी हालात बेहद खराब बने हुए हैं।

जहरीली हवा के कारण अस्पतालों में सांस से जुड़ी बीमारियों, दमा, एलर्जी और आंखों में जलन की शिकायतों वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दिल्ली की स्थिति–लगभग हर जगह लाल दिखाई दे रही है। दिल्ली के प्रमुख एक्यूआई स्टेशनों से मिले आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। जिनमें आनंद विहार - 354, अशोक विहार - 337, बवाना - 367, बुराड़ी क्रॉसिंग - 327, चांदनी चौक - 321, सीआरआरआई, मथुरा रोड - 301, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज - 330, डीटीयू- 343, द्वारका सेक्टर-8 - 326, नेहरू नगर - 350, पटपड़गंज - 340, पंजाबी बाग - 334, पूसा - 353 और आरके पुरम - 334 पर दर्ज किया गया है। लगभग सभी स्टेशन गंभीर और अति गंभीर श्रेणी में मेंटेन हैं, जिससे साफ है कि हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। गाजियाबाद में भी हालात खराब हैं। इंदिरापुरम में 283, लोनी - 382, संजय नगर - 329 और वसुंधरा में एक्यूआई - 307 दर्ज किया गया है। लोनी में गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई है, जहां एक्यूआई 380 के पार है। नोएडा में भी 1 दिसंबर से लेकर 7 दिसंबर तक पीएम 2.5 के स्तर लगातार लाल श्रेणी में रहे। जिनमें 1 दिसंबर - 321, 2 दिसंबर - 393, 3 दिसंबर - 365, 4 दिसंबर - 308, 5 दिसंबर - 339, 6 दिसंबर - 344 और 7 दिसंबर को एक्यूआई- 317 दर्ज किया गया है। नोएडा में आज दर्ज किया गया एक्यूआई सेक्टर-125 - 348, सेक्टर-62 - 300, सेक्टर-1 - 345, सेक्टर-116 में - 345 दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग की चेतावनी के मुताबिक अभी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मौजूदा स्तर की हवा दमा के मरीजों के लिए अत्यंत खतरनाक है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए जोखिमपूर्ण है और लंबे समय तक एक्सपोजर पर फेफड़ों में संक्रमण और सांस की गंभीर दिक्कत पैदा कर सकती है।

# दिल्ली पुलिस ने फोन लूट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, काफी समय से थे फरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों काफी समय से फरार चल रहे थे।

पीड़ित अजय शर्मा ने वेलकम पुलिस थाने को शुक्रवार को तहरीर दी थी कि मेट्रो स्टेशन के पास कुछ अज्ञात लोग एक मोटरसाइकिल (डीएल 14 एसजे 7955) से आए और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जब वे भाग रहे थे तो कुछ दूर पर एक ई-रिक्शा से टकरा गए और अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मोटरसाइकिल के नंबर और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसके साथ ही इंस्पेक्टर रूपेश खत्री के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू की। लगातार छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को ढूंढ निकाला और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सादिक उर्फ मोहम्मद सादिक अंसारी उर्फ सड्डो (25 वर्ष) निवासी कैलाश नगर, दिल्ली, और शाहरुख उर्फ दानिश (27 वर्ष), निवासी झुग्गी, जे-ब्लॉक, न्यू सीलमपुर, दिल्ली, के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से पीड़ित का चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी शाहरुख उर्फ दानिश का लंबा आपराधिक इतिहास है और वह आर्म्स एक्ट, चोरी तथा अन्य धाराओं से जुड़े आठ मामलों में पहले भी शामिल रह चुका है। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वे किसी बड़े गिरोह का हिस्सा हैं या हाल के अन्य मामलों में भी शामिल रहे हैं। वहीं, इससे पहले रविवार को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावरों से रिमोट रेडियो यूनिट चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था।

## डिलीवरी बॉय से लूट मामले में दो आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने डिलीवरी बॉय से लूटपाट के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल चाकू और बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। वेलकम पुलिस थाने को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि जनता कॉलोनी के पास डिलीवरी बॉय के साथ कुछ लोग लूटकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पीड़ित आलोक कुमार ने बताया कि बुलेट बाइक पर सवार दो युवकों ने चाकू दिखाकर उनसे 1,200 रुपए लूट लिए। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे चाकू से मारने की धमकी दी। आलोक कुमार ने आगे बताया कि जब मैंने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए और एक आरोपी को दौड़कर पकड़ लिया, जिसकी पहचान फैजान (20) निवासी जनता कॉलोनी, वेलकम के रूप में हुई।

## कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर उत्साह

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आगामी 14 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर संगठन में उत्साह चरम पर है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा-निर्देश पर आयोजित ब्लॉक कमेटियों की मासिक बैठकों में रैली की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। करावल नगर जिला कमेटी के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉकों में न केवल महारैली की रूपरेखा पर चर्चा हुई, बल्कि पार्टी संगठन को मजबूत करने और उसकी एकता को सुदृढ़ करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठकों में लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, मनोज यादव, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला प्रभारी अशोक जैन, फरीद शाह सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य प्रकोष्ठों के सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ठगी में तीन आरोपियों को दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने अतरराज्यीय पैन-इंडिया ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी का पदार्फाश करते हुए तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग देशभर में फैली 165 साइबर शिकायतों से जुड़ा हुआ पाया गया है। जिनमें करीब 6.33 करोड़ की धोखाधड़ी दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित बड़े साइबर सिंडिकेट के लिए हाई-वॉल्यूम म्यूल खाता संचालित कर रहे थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ओडिशा निवासी प्रवाश चंद्र पांडा, भुवनेश्वर, ओडिशा निवासी प्रीतम रोशन पांडा और सृतम रोशन पांडा (24) के रूप में हुई है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि शिकायतकर्ता को खुद को बड़ा अधिकारी बताकर ठग ने मार्केट ट्रेड में निवेश के नाम पर फर्जी ऐप और नकली सर्टिफिकेट दिखाकर भरोसे में ले लिया। पीड़ित ने विश्वास में आकर 49,73,000 कई खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि ये सभी खाते ओडिशा बेस्ड म्यूल खाते थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच में सामने आया कि एक फर्जी कंपनी के नाम पर फर्जी फर्म का खाता ठगी के पैसों को प्राप्त करने और आगे ट्रांसफर करने का मुख्य माध्यम था। आगे जांच में सामने आया कि पीड़ित की पूरी रकम पांच अलग-अलग



खातों में भेजी गई। जिनमें से एक फर्जी कंपनी का खाता था। पैसा मिलते ही उसे तुरंत दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया गया और एटीएम से निकासी की गई। पुलिस ने सभी साक्ष्य को इक्ट्ठा करके एक-एक करके तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पकड़ा गया प्रवाश चंद्र पांडा फर्जी कंपनी के नाम पर म्यूल खाता खोला और संचालन किया। इसके साथ ही बैंक दस्तावेज, सिम कार्ड, डिजिटल माध्यमों की व्यवस्था की। जबकि प्रीतम रोशन पांडा म्यूल खाते का संयुक्त संचालन करता था और पासबुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड संभालता था।

वहीं सृतम रोशन पांडा धोखाधड़ी के पैसों के लेनदेन और निकासी में शामिल था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 17 मोबाइल फोन, 21 सिम कार्ड, 124 एमटीएम/डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 56 बैंक पासबुक, 25 चेक बुक, 07 क्यूआर कोड लेबल, 03 रजिस्टर, 02 पासपोर्ट और एक कैश काउंटिंग मशीन शामिल है।

# डीयू में शिक्षक और शोधार्थियों का संकट बरकरार, धरना जारी

- अकादमिक परिषद में उठने के बाद भी नहीं सुलझा मामला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली विश्वविद्यालय में योग्य शोधार्थियों और शिक्षकों को साक्षात्कार में शामिल किए जाने तथा ए.पी.आई. व्यवस्था को हटाने की मांग को लेकर चल रहा धरना उन्नीसवें दिन भी जारी रहा। सभी शिक्षक संगठनों, डूटा के समर्थन और दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद में मुद्दा उठाए जाने के बावजूद प्रशासन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले सका है। स्थिति यह है कि धरने पर बैठे कई शिक्षकों की तबीयत बिगड़ने लगी है, फिर भी संघर्ष का जज्बा कम नहीं हुआ है।

धरना दे रहे शिक्षक-शोधार्थियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने स्थायी नियुक्ति प्रक्रिया में मनमाने बदलाव कर हजारों योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार चरण से बाहर कर दिया है। उनका कहना है कि वे वर्षों से नियुक्ति प्रक्रिया में सम्मिलित होते रहे हैं, किंतु इस बार विवि ने नियमों में ऐसे परिवर्तन किए हैं जो यूजीसी शिक्षक पात्रता नियम 2018 तथा उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के विपरीत हैं। अभ्यर्थियों ने आंदोलन और पत्राचार के माध्यम से अपनी बात अनेक बार प्रशासन तक पहुंचाई, परंतु अब तक किसी मांग पर विचार नहीं किया गया है। प्रखर ठंड के बीच बिना पर्याप्त व्यवस्था के धरना दे रहे शिक्षकों और शोधार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तंबू और बुनियादी सुविधाओं की मांग करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है, जिससे आंदोलनकारियों में रोष बढ़ रहा है। धरनास्थल पर पहुंचे एस.एस. सागर और पूर्व कार्यकारी परिषद सदस्य राजेश झा ने शिक्षकों-शोधार्थियों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विवि प्रशासन से मांगों पर तुरंत संज्ञान लेने और योग्य अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करने की अपील की। लगातार बढ़ता दबाव और प्रशासन की चुप्पी इस विवाद को और गंभीर बना रही है, जबकि शिक्षक-शोधार्थियों ने संकेत दिया है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय न हुआ तो वे और कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे।

## द्वारका में अवैध रूप से रह रहे 130 विदेशियों को वापस भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने द्वारका जिले में अवैध प्रवासियों और मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक महीने तक ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाने के बाद 130 विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने के लिए एक निरुद्ध केंद्र में भेज दिया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी। अधिकारी ने बताया कि निरुद्ध केंद्र में भेजे गए व्यक्तियों में नाइजीरिया (87), आइवरी कोस्ट (11), कैमरून (10), घाना (10), सेनेगल (4), लाइबेरिया (3), सिएरा लियोन (2), युगांडा (2) और गिनी (1) के नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें से कई लोग कथित तौर पर वीजा अवधि समाप्त होने के बाद रह रहे थे या पूरे जिले में किराये के मकानों में अवैध रूप से रह रहे थे। उन्होंने बताया कि यह अभियान द्वारका के सभी पुलिस थानों में चलाया गया। अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के समूहों वाले क्षेत्रों का मानचित्रण किया गया और साथ ही सत्यापन अभियान भी चलाए गए।

# दिल्ली के परिवार की गोवा में छुट्टी बिताने की ख्वाहिश नाइटक्लब की आग में हुई खाक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विनोद कुमार अपनी पत्नी और तीन सालियों के साथ गोवा में छुट्टी बिताने की ख्वाहिश को पूरा करने के लिए एक हफ्ते से भी कम समय पहले दिल्ली से रवाना हुए थे। उनकी मां ने उन्हें खुशी-खुशी विदा किया। लेकिन वह सोमवार को उसी दरवाजे पर बैठी इंतजार कर रही थीं, इस बात से अनजान कि उनका छोटा बेटा, बड़ी बहू और दो करीबी रिश्तेदार आग में अपनी जान गंवाने के बाद कभी वापस नहीं लौटेंगे। गोवा में रविवार तड़के अरपोरा के एक नाइटक्लब में लगी भीषण आग में 25 लोग मारे गए। मरने वालों में दिल्ली के पांच निवासी शामिल थे और ये सभी कुमार के परिवार के सदस्य थे। पुलिस ने बताया कि परिवार की पांचवीं सदस्य भावना जोशी बच गईं, लेकिन वह घायल हैं।

मृतकों की पहचान विनोद कुमार (43), कमला जोशी (42), अनीता जोशी (41) और सरोज जोशी (39) के रूप में हुई है। घायल भावना की शादी विनोद से हुई थी। तीनों मृत महिलाएं भावना की बहन थीं। कमला की शादी विनोद के बड़े भाई नवीन से हुई थी। उनके रिश्तेदारों ने बताया कि चारों बहनें महीनों से इस यात्रा की योजना बना रही थीं - उम्मीद कर रही थीं कि अब कुछ दिन आराम कर पाएंगी क्योंकि उनके बच्चे बड़े हो गए हैं और अब



पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं हैं। विनोद उनके साथ इसलिए गए थे कि यात्रा के दौरान वे सुरक्षित महसूस कर सकें। पांचों बहनें अपने करावल नगर स्थित घर से उत्साह के साथ निकलीं, उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें अपनी नियमित दिनचर्या से कुछ समय की फुर्सत मिलेगी। परिवार के पुराने पड़ोसी महिपाल सिंह भंडारी ने कहा कि इस क्षति को सह पाना असंभव है। भंडारी ने कहा, मैं लगभग 40 वर्षों से इस परिवार के बगल के घर में रह रहा हूं। यह बेहद दुखद है कि एक ही परिवार के चार सदस्यों की जान किसी और की गैरजिम्मेदारी के कारण चली गई। एक रिश्तेदार और पड़ोसी हरीश ने कहा कि इस त्रासदी ने पूरे मोहल्ले को हिलाकर रख दिया है।

उन्होंने कहा, इस तरह की घटनाओं को शुरू होने से पहले ही रोका जाना चाहिए। राजेंद्र नगर कोचिंग सेंटर का मामला ही लीजिए, उसे भी रोका जाना चाहिए था। उचित जांच जरूरी है। जहां भी भीड़ एकत्र हो, वहां निकास द्वार खुले होने चाहिए और हर संगठन को अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पालन करना चाहिए। हरीश ने कहा कि उन्होंने सुना है कि इस क्लब को बंद करने का आदेश दिया गया था, फिर भी यह कथित तौर पर कई नोटिसों के बावजूद अवैध रूप से चलता रहा। उन्होंने कहा कि सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। हरीश ने कहा, सख्त कार्रवाई जरूरी है और जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। परिवारों ने अपने बेटों, पतियों, बच्चों, भाइयों, बहनों, पत्नियों और बेटियों को खो दिया है, यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप नजरअंदाज कर सकें। उनमें से पांच गोवा की छुट्टी पर गए थे, जिनमें से चार हमेशा के लिए खो गए। करावल नगर स्थित उनके घर पर रिश्तेदार, बच्चों और बुजुर्ग मां को सच्चाई से अवगत कराने से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

विनोद और भावना के दो बच्चे हैं, एक 11 साल का बेटा और एक छह साल की बेटी। पड़ोसियों ने बताया कि उन्हें घर पर आने वाले पड़ोसियों और रिश्तेदारों से दूर रखा गया है। रिश्तेदारों ने बताया कि इस बीच कमला की 18 वर्षीय बेटी और 14 वर्षीय बेटा घटना की खबर मिलने के बाद से गुमशुम हैं और शायद ही किसी से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी मां के लौटने का इंतजार कर रहे थे। एक अलग कमरे में विनोद की मां भी परिवार के लौटने का इंतजार कर रही हैं।

पायनियर

नई दिल्ली, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025




## संक्षिप्त खबरें

### गवर्निंग बॉडी चुनाव संपन्न, डॉ. राजीव बने प्रधान

**फरीदाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) फरीदाबाद की वर्ष 2026 के लिए नई गवर्निंग बॉडी के चुनाव 7 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। 2025 की गवर्निंग बॉडी के निदेर्शानुसार डॉ.



सुरेश अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित चुनाव आयोग ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन आमंत्रित किए थे। डॉ. राजीव गुंबर एक बार फिर से प्रधान पद पर निर्विरोध चुने गए। सचिव पद पर डॉ. अनुज ढींगरा, खजांची पद पर डॉ. आशीष गुप्ता और सह सचिव पद पर डॉ. विनय अरोड़ा निर्विरोध विजयी हुए। एक्जीक्यूटिव सदस्य के रूप में डॉ. ललित हसीजा, डॉ. राशि टुटेजा, डॉ. संदीप मल्होत्रा, डॉ. कपिल भाटिया, डॉ. हेमंत अत्री और डॉ. अशोक पंजाबी निर्विरोध चुने गए। उप प्रधान के दो पदों के लिए तीन उम्मीदवारों के नामांकन होने के कारण सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में मतदान कराया गया। कुल 402 सदस्यों ने मतदान किया जिसमें डॉ. राकेश शर्मा को सर्वाधिक 340, डॉ. अनीता गर्ग को 322 और डॉ. निष्ठता गुप्ता को 120 वोट प्राप्त हुए। परिणामस्वरूप डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. अनीता गर्ग उप प्रधान निर्वाचित घोषित किए गए। प्रधान डॉ. राजीव गुंबर ने चुनाव आयोग के चेयरमैन व रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. सुरेश अरोड़ा तथा सदस्यों डॉ. अशोक चांदना और डॉ. सोनल गुप्ता का निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. पुनीता हसीजा सहित सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### भारतीय भाषा ट्री के माध्यम से मनाया भाषा उत्सव

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा में भारतीय भाषा उत्सव 2025 के तहत तीसरे दिन लैंग्वेज ट्री डिस्प्ले गतिविधि का रचनात्मक आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य एवं जूनियर रेड क्रॉस



अधिकारी रविन्द्र कुमार मनचन्दा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं की विविधता, मातृभाषा के महत्व और मनी लैंग्वेजेज, वन इमोशन की भावना को विकसित करना था। विद्यार्थियों ने एक आकर्षक भारतीय भाषा ट्री पोस्टर तैयार किया, जिसमें हिन्दी, बंगाली, तमिल, उड़िया, कन्नड़, पंजाबी, असमिया, संस्कृत, उर्दू सहित कई भारतीय भाषाओं को एक ही वृक्ष की शाखाओं पर दर्शाया गया। प्रत्येक पत्ती पर बच्चों ने संबंधित भाषा में अभिवादन शब्द लिखकर भाषाई विरासत की एकता और विविधता को सुंदर रूप दिया। कार्यक्रम का संचालन पीजीटी शारीरिक शिक्षा द्वारा किया गया, जबकि फाइन आर्ट्स शिक्षिका गीता एवं दीपांजली शर्मा ने सामग्री और रचनात्मक मार्गदर्शन में सहयोग दिया। प्रधानाचार्य मनचन्दा ने विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं को अपनाने और भाषाई सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देते हुए सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### एआई-एमएल पर राष्ट्रीय सम्मेलन में जूरी सदस्य एनपीटीआई डीजी सम्मानित




**फरीदाबाद।** विद्युत मंत्रालय के निर्देश पर आरईसी लिमिटेड द्वारा भारत मंडपम में बिजली वितरण क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के उपयोग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनपीटीआई के महानिदेशक हेमंत जैन ने जूरी सदस्य की अहम भूमिका निभाई। निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने उन्हें सम्मानित किया, जो संस्थान के लिए गौरव का क्षण रहा। 6-7 दिसंबर 2025 को आयोजित सम्मेलन में देशभर से 195 आवेदनों में से 51 संस्थानों को प्रस्तुति और प्रदर्शनी का अवसर मिला, जिन्हें जूरी ने परखा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल और विभिन्न डिस्कॉम तथा तकनीकी संस्थाओं के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे।

### आलोक मित्तल के पदभार ग्रहण पर समारोह आयोजित

**फरीदाबाद।** फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया द्वारा हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के नवनियुक्त मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक मित्तल के सम्मान में रेलवे रोड स्थित होटल सेरेमनी में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



संस्था से जुड़े अमित भाटिया और धैर्य भाटिया ने आलोक मित्तल को फूलों का बुके भेंट कर स्वागत किया, वहीं बच्चों ने गुलाब के फूल देकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान आलोक मित्तल ने संस्था के सदस्यों को सलाह दी कि वे मिलकर बच्चों की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने उपस्थित सदस्यों अमित भाटिया, अनिल जैन, मंजीत सिंह, ए.के. पंडित, संत सिंह हुड्डा, राकेश भाटिया, संजय भाटिया, जे.के. भाटिया, अंजलि नागपाल, कृतिका डुडेजा, मनोहर पुण्यानि, विनोद मिगलानी, पंकज गोयल और अनीता जैन से बच्चों के हित में सामूहिक प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। फाउंडेशन के महासचिव रविंद्र डुडेजा और जे.के. भाटिया ने आलोक मित्तल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### गुरुग्राम में 'हां हम बिहारी हैं जी' गीत से सांसद मनोज तिवारी ने मचाया धमाल



**गुरुग्राम।** माटी को सोना करने वाली कलाकारी हैं जी...हां हम बिहारी हैं जी, थोड़े संस्कारी हैं जी...। भोजपुरी सिंगर एवं दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने जब यह गीत गाया तो पूर्वांचल का ही नहीं, बल्कि हरियाणा के भी बच्चे, बड़े झूम उठे। बिहार के लोगों के पुरुषार्थ को इस गीत में जहां सेल्यूट किया गया है, वहीं बिहार में जन्में महापुरुषों को भी नमन किया गया है। शिक्षा से आगे बढ़े अधिकारियों को, दिनकर जैसे कवियों और गुरु गोबिंद सिंह को भी इस गीत के माध्यम से स्मरण किया गया है। अवसर था प्रवासी एकता मंच की ओर से गौशाला मैदान में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती समारोह का। इस सह भोजपुरी महाकुम्भ में मनोज तिवारी ने अपने गीतों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके अलावा प्रथम यज्ञ भूखंड धरा पे ये प्रयागराज है...गीत के सिंगर आलोक कुमार, भोजपुरी अभिनेत्री अपर्णा मलिक, फिल्म स्टार राज चौहान समेत दर्जनों भोजपुरी गायक एवं गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति से धमाल मचा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजगंज बिहार के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रसिद्ध एंकर रवि रंजन एवं कार्यक्रम का पूरा संचालन प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने किया।

### सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की पहले दिन हड़ताल बेअसर

# डीसी सिन्हा ने अस्पताल पहुंचकर लिया स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा







पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन जिले में स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई बड़ा प्रभाव देखने को नहीं मिला। बीके सिविल अस्पताल में चिकित्सक नियमित रूप से कार्य करते दिखे। हालांकि जिले के करीब 100 डॉक्टर हड़ताल में शामिल हुए, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चलते अस्पताल की ओपीडी, आपातकालीन और अन्य आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं।

सुबह से ही हड़ताल को देखते हुए अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के तहत गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने लोगों से पूछताछ कर ही वाहनों को अंदर प्रवेश दिया। दूसरी ओर अस्पताल परिसर में अव्यवस्था के कारण मरीजों को पर्ची बनवाने और जांच संबंधित औपचारिकताओं में कुछ देरी का सामना करना पड़ा। इसी बीच दोपहर में जिले के नवनियुक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा अचानक अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने ओपीडी ब्लॉक, आपातकालीन वार्ड, मातृत्व एवं शिशु विंग, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, एक्स-रे यूनिट, पार्किंग स्थल और परिसर की साफ-सफाई का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की तथा उनसे अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, प्रतीक्षा समय, जांच प्रक्रिया, दवाइयों की उपलब्धता और सफाई व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को एक्स-रे मशीन व मैनुअल कार्ड बनवाने और तकनीकी दिक्कतों की सूचना मिली। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद जिला सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहुजा और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को तुरंत मशीन को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल परिसर में लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई, पार्किंग, मार्ग संकेतक और भवन की मरम्मत संबंधी कमियों का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को सुरक्षित, त्वरित और सम्मानजनक चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन का दायित्व है और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### 100 ने की हड़ताल

हड़ताल कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही, इसलिए मजबूर होकर हड़ताल का फैसला किया गया। एसोसिएशन ने सरकार के सामने दो मांगें रखी थीं। पहली मांग थी कि सीएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए। इस पर सरकार ने सहमति तो जताई, लेकिन दूसरी और सबसे महत्वपूर्ण मांग एसीपी बढ़ोतरी पर कोई फैसला नहीं हुआ।

### डॉक्टरों की हड़तालः मरीजों को रहा इलाज का इंतजार



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अपनी मांगों को लेकर सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर सोमवार को हड़ताल पर रहे। इसका असर मरीजों पर नजर आया। मरीज डॉक्टर्स के इंतजार में ओपीडी के बाहर जमा रहे। डॉक्टर्स ने एकता दिखाते हुए हड़ताल को कामयाब बनाया। डॉक्टर्स की हड़ताल के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के 200 मीटर परिधि में धारा 163 लागू की गई है। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएसए) के आह्वान पर सोमवार को गुरुग्राम में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल पर रहे। दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन स्वास्थ्य सेवाएं काफी हद तक प्रभावित रहीं। रोजाना की तरह सोमवार की सुबह ओपीडी तो खुली लेकर ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए डॉक्टर्स नहीं पहुंचे। मरीज घंटों तक उनका इंतजार करते रहे, लेकिन डॉक्टर्स ने अपनी हड़ताल को कामयाब बनाने व सरकार पर दबाव बनाने के लिए एकता दिखाई। हालांकि कुछ ही डॉक्टर्स ने इस हड़ताल से दूरी भी बनाकर रखी।

> सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के पीएमओ डॉ. लोकवीर ने हड़ताल को लेकर कहा कि मरीजों के उपचार में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दी जा रही और ना ही आने दी जाएगी। आपातकालीन विभाग में डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। ओटी में भी ड्यूटियां लगाई गई हैं। पोस्टमॉर्टम के लिए स्पेशल डॉक्टर की नियुक्ति की गई है।

हड़ताली डॉक्टर्स ने बताया कि यह हड़ताल एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में की गई है। गुरुग्राम में 300 से अधिक सरकारी डॉक्टर हैं, इनमें से अधिकांश डॉक्टर हड़ताल पर ही रहे। डॉक्टर्स ने यह भी कहा कि सरकार संशोधित सुनिश्चित करियर प्रोग्रेशन का नोटिफिकेशन भी जारी करके तुरंत लागू करे।

### आशा वर्करों का केंद्रीय मंत्री कार्यालय पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन के आह्वान पर सैकड़ों आशा वर्करों ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला प्रधान हेमलता की अध्यक्षता और राज्य उपाध्यक्ष सुधा के संचालन में आशाओं ने मार्च कर कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और मंत्री के निजी सचिव को ज्ञापन सौंपा।

गुरुग्राम, नूंह, पलवल और फरीदाबाद की आशाओं ने भाग लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार आशा वर्करों के मानदेय, सुरक्षा लाभ और स्थायीकरण की मांगों की अनदेखी कर रही है। चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन देशभर में तेज किया जाएगा।

### अधिवक्ता पर हमले के विरोध में जिला अदालत में हड़ताल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मेडीचेक एनएच-1 के बाउंसरों और स्टाफ द्वारा अधिवक्ता भूपेश जोशी पर किए गए कातिलाना हमले के विरोध में शुक्रवार को फरीदाबाद जिला न्यायालय में पूर्ण हड़ताल रही। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला और महासचिव टीका डागर की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आरोपियों की गिरफ्तारी तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। हमले में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता भूपेश जोशी को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स दिल्ली रेफर किया गया, जहां उनके जबड़े में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वकीलों पर हमला किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि संपूर्ण वकालत बिरादरी पर हमला है।

हड़ताल में संजीव चौधरी, जे.पी. आधाना, मनोज अरोड़ा, नरेंद्र सिंह कंग, पुनीत भाटिया, ओ.पी. परमार, हरीश चेतल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

### दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट टीम के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा के वरिष्ठ नेता सरपंच सुंदर लाल यादव के सेक्टर-82 स्थित कार्यालय पर श्री रामचरितमानस सेवा ट्रस्ट द्वारा दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को सहयोग प्रदान करने के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के सचिव शैलेंद्र यादव, सदस्य संजय यादव तथा उनकी संपूर्ण टीम का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस महान उपलब्धि पर ट्रस्ट की ओर से पूरी महिला टीम, सीएबीआई के सचिव, सदस्य एवं सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विशेष आभार फिल्बी रियल एस्टेट का जताया, जिनके द्वारा महिला खिलाडिड़्ों के सहयोग के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया गया और समाज के प्रति प्रेरणादायक भूमिका निभाई गई।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमारे देश के हर क्षेत्र के खिलाड़ी ऊर्जा से भरपूर हैं। दृष्टि बाधित होने पर भी हमारी बेटियों ने जो खेल खेला, वह पूरी दुनिया के सामने मजबूत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हमारी बेटियां ऐसे ही मैच जीतकर दुनिया पर राज करती रहेंगीं, ऐसी हम सबकी कामना है। श्री रामचरितमानस सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन रविन्द्र भारद्वाज ने कहा कि हमारी दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतकर देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

इस अवसर पर ट्रस्टीज अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरुण गिरधर, उपाध्यक्ष, आरपी मुद्गल, महा सचिव, प्रीति जोशी, कोषाध्यक्ष जेपी शर्मा, संयोजक हरिकेश वशिष्ठ, उपसंयोजक राजीव शर्मा, सदस्य, अरविंद शारदा, सदस्य, डॉ. रविन्द्र शर्मा, जगदीश शर्मा, सुरेश यादव, जीडी शर्मा, विजय गुप्ता, उमेद प्रकाश शर्मा, विनोद मित्तल, एडवोकेटअत्तर सिंह यादव, रमेश जैन, कर्मबीर यादव, सत्तू प्रधान, कृष्ण यादव, दीपक यादव, लालाराम यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ठगी से बचने के लिए डीजीपी ने लॉन्च किया पीवीआर मॉडल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पी.वी.आर...पी-मतलब पोज (रुकिये), वी मतलब-वेरिफाई (जांचिये)और आर-मतलब रिपोर्ट (1930 नंबर पर सूचित करें)। अगर हम इन तीनों को याद रखते हैं तो काफी हद तक ऑनलाइन ठगी से बच सकते हैं। ऑनलाइन ठगी और ठगों से बचने के लिए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओ.पी. सिंह ने यह पीवीआर फामुर्ला गुरुग्राम में लॉन्च किया। रविवार की देर शाम गुरुग्राम के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को स्कैमर्स यानी ठगों, घोटालेबाजों से सावधान रहने के लिए जागरुक किया।



साइबर सिक्योरिटी पर आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पहुंचे डीजीपी ओ.पी. सिंह ने एक नया और बेहद सरल नागरिक सुरक्षा फॉमूर्ला पी.वी.आर. के रूप में पेश किया। पी.वी.आर. शब्द सिनेमा के रूप में हर किसी को याद रहता है। इसलिए डीजीपी ने इसी शब्द को साइबर ठगी से बचने का एक हथियार ही बना दिया।

उन्होंने कहा कि पोज, वेरिफाई, रिपोर्ट का मॉडल ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल स्कैम से बचने के लिए तुरंत अपनाया जा सकने वाला तीन-स्टेप का हथियार है। डीजीपी ने कहा कि आज के स्कैमर्स तकनीक से ज्यादा मानव भावनाओं को हैक करते हैं। हर धोखाधड़ी अक्सर छह ट्रिगर्स पर खेलती है। जो कि-डर, जल्दबाजी, भरोसा, जिज्ञासा, लालच और लापरवाही हैं। पी.वी.आर. मॉडल स्कैम रोकने का नया मंत्र है। उन्होंने कहा कि पी.वी.आर. मतलब रुकिये, जांचिये और 1930 पर रिपोर्ट करें। साइबर ठगी होने पर इसी पी.वी.आर. मंत्र से ही मिनटों में ठगी के पैसे फ्रीज करा सकते हैं।

#### तीन फिल्मी गीतों के माध्यम से समझाया

डीजीपी ओ.पी. सिंह ने पी.वी.आर. फामुर्ला को तीन गाने, तीन स्टेप से भी समझाया, ताकि लोगों को यह प्रक्रिया आसानी से याद हो जाए। उन्होंने पोज पर कहा कि-जिसका मुझे था इंतजार, वेरिफाई पर कहा-कौन है वो, बोलो बोलो कौन है और 1930 पर रिपोर्ट को-चक दे इंडिया गीत से पी.वी.आर. को याद करने की तकनीक समझायी। उन्होंने कहा कि अगर आपको गाना याद रहे तो सुरक्षा भी याद रह जाएगी।

### बुलेट पटाखा बाइक्स के साइलेंसर पर चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बुलेट बाइक से पटाखे छुड़ाने पर पिछले महीने पुलिस सख्त रही। पुलिस ने एक महीने में 114 बाइक चालकों को पकडकर चालान किए। उन पर 11 लाख 40 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। चालान के बाद बाइक्स से उतारे गए साइलेंसर्स को बुल्डोजर से भी कुचला गया, ताकि उनका दोबारा से उपयोग ना हो सके। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा एक नवंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक बुलेट पटाखा बाइक/साइलेंसर का प्रयोग करने वालों पर सख्ती दिखाई गई। यातायात नियमों की उलंघना करने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा स्पेशल अभियान चलाया गया। जिसके तहत यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा एक नवंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक बुलेट पटाखा बाइक के 114 चलान किए। चालान की कीमत 11.40 लाख रुपये रही।

### डी-प्लान के तहत कराए जाएंगें विकास कार्य

# वर्ष 2025-26 में खर्च किए जाएंगे 23 करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपए

- नए विकास कार्यों में केवल उन्हीं कार्यों को शामिल किया जाए जो डी प्लान की शर्तों को पूरा करते हों

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




जिला में योजना वर्ष 2025-26 के लिए सरकार से 23 करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। जिला योजना के तहत जिला गुरुग्राम को स्वीकृत हुई राशि में से 30 प्रतिशत राशि रास्तों व नालियों के विकास कार्यो पर खर्च की जानी है। 70 प्रतिशत राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक भवन, जलापूर्ति व सिंचाई, खेल सुविधाओं, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण व अन्य सामाजिक विकास कार्यो में खर्च की जानी है। सोमवार को उपायुक्त अजय कुमार ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में बैठक की।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डी प्लान के तहत विकास कार्यों के लिए मिली राशि किसी भी सूरत में लैप्स नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ कार्य गुणवत्ता की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपरोक्त राशि को विभिन्न खंडों व नगरपालिकाओं में जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा चुका है। एडीसी वत्सल वशिष्ठ ने बताया कि कुल 186 विकास कार्यों में से छह विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। शेष 64 पर अभी कार्य प्रगति पर है। डीसी अजय कुमार ने योजना अधिकारी से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट लेने उपरान्त विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में डी-प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

### सुशासन दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के अंतर्गत आगामी 25 दिसंबर 2025 को साल 2024-2025 में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को गुड गवर्नेंस अवॉर्ड दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। डीसी ने बताया कि हरियाणा सुशासन पुरस्कार के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, सोसाइटी, विश्वविद्यालय, हरियाणा सरकार के अधीन उपक्रम के सभी पात्र कर्मचारी (रेगुलर या अनुबंधित) अपने-अपने ऑफिस-हेड या विभागाध्यक्ष या संबंधित एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्रेटरी के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

### आमजन समाधान शिविरों का उठाएं लाभ : डीसी

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार की जन-हितैषी पहल समाधान शिविर आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निवारण में बेहद कारगर सिद्ध हो रही है। इसी क्रम में सोमवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी आयुष सिन्हा ने की। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की शिकायतें डीसी ने स्वयं सुनी और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि शिविरों में सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र आईडी में आय संबंधी त्रुटियों, नए सदस्य जोड़ने, राशन कार्ड, अवैध अतिक्रमण, पुलिस तथा बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के रूप में सामने आती हैं। इन सभी मामलों के त्वरित निपटारे हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, स्थानीय निकायों से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका में नक्शा पास, बिजली-सिंचाई-जनस्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ तथा पुलिस शिकायतों जैसी सेवाओं का एक ही स्थान पर लाभ मिल रहा है।

### गाजियाबाद में सीएम योगी आदित्यनाथ का सख्त रुख

# जनप्रतिनिधियों को नसीहत- 'शादी-ब्याह कम, जनता के बीच ज्यादा रहें'

- मुख्यमंत्री ने एसआईआर कार्यक्रम को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया
- पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने का आदेश
- बूथ स्तर पर मतदाता सूची की निगरानी का आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मेरठ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने न केवल क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया, बल्कि जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर भी सख्त टिप्पणी करते हुए उन्हें जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनने का निर्देश दिया।

**विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश:** समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों की गति में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे लंबित परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर विकास कार्य रुका हुआ है या कोई प्रशासनिक बाधा आ रही है, तो उसकी सूचना तत्काल उच्च स्तर पर दी जाए ताकि उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

**मतदाता सूची और एसआईआर की समीक्षा:** मुख्यमंत्री ने बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कुछ विधानसभा क्षेत्रों में इस कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिहीन बनाया जाए और इसमें शामिल फर्जी मतदाताओं के नामों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही करने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## निजी आयोजनों से दूरी, जनता से नजदीकी

बैठक का सबसे अहम पहलू मुख्यमंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों को दी गई नसीहत रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तल्ख लहजे में कहा कि जनप्रतिनिधि शादी-विवाह और अन्य निजी समारोहों में समय व्यतीत करने के बजाय अपना अधिकतम समय जनता के बीच बिताएं। उनका स्पष्ट संदेश था कि जनसमस्याओं का निवारण और क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## अब रोडवेज ड्राइवरों और कंडक्टरों को सीखनी होगी नई भाषा

**नोएडा।** नोएडा में रोडवेज के चालक और परिचालकों को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य मूक बधिर यात्रियों के साथ संवाद को बेहतर बनाना है। सेक्टर 35 स्थित मोरना डिपो में रविवार को पहला सत्र आयोजित किया गया, जिसमें चालकों और परिचालकों को सांकेतिक भाषा सिखाई गई। नियमित सत्रों के माध्यम से, रोडवेज का लक्ष्य सभी कर्मचारियों को इस भाषा में निपुण बनाना है ताकि मूक बधिर यात्रियों के लिए यात्रा सुगम हो सके। जबकि वह अपने संकेतों के माध्यम से कहां जाना है या कहां रुकना समेत हर बात को आसानी से बताते हैं, लेकिन सांकेतिक भाषा की जानकारी ड्राइवरों और कंडक्टरों को न होने से काफी परेशानी होती है। ऐसे में दोनों के मध्य बेहतर तालमेल और एक दूसरी की बात को बेहतर समझ पाने के लिए ड्राइवरों और कंडक्टरों को सांकेतिक भाषा सिखाई जा रही है। ताकि मूक बधिरों के लिए राह और भी सुगम हो सके। इसका पहला सत्र रविवार को सेक्टर 35 स्थित मोरना डिपो में आयोजित किया गया। जहां एक दर्जन से अधिक चालक व परिचालकों को सांकेतिक भाषा सिखाई गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएलएफ कॉलोनी के एक फ्लैट में आग मकान मालिक को सुरक्षित बचाया गया



**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की डीएलएफ कालोनी स्थित एक फ्लैट में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। सुबह सैर पर निकले लोगों ने धुआं निकलता हुआ देखकर दमकल को सूचना दी और दरवाजा खुलवाकर भीतर सो रहे मकान मालिक को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में किसी प्रकार की जनहानी नहीं हुई है। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि डीएलएफ कालोनी निवासी संजीव कुमार दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। सोमवार को वह घर में सो रहे थे। सुबह के समय लोगों ने फ्लैट में से धुआं निकलता हुआ देखकर दमकल को सूचना दी। लोग फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर संजीव कुमार को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आग कमरे से शुरू होकर रसोई तक पहुंच गई थी लेकिन गनीमत रही कि आग गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंची, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। राहुल पाल ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है।

### ट्रक-बस की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सोमवार को ट्रक और बस नियंत्रित होकर आपस में टकरा गईं। इन दोनों की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सोमवार की शाम सेक्टर-153 के समीप ट्रक और बस अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। यह हादसा नोएडा की तरफ जाने वाली लेन पर हुआ। इस बीच बाइक सवार दो युवक इनकी चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को नजदीक के एक अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने ट्रक और बस को कब्जे में लिया है। परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। वाहनों की रफ्तार थम गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड करवाया। इसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

### नए उभरते करियर अवसरों के बारे में दी जानकारी

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित डीपीएस में सोमवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम लक्ष्य का आयोजन किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में कक्षा 10 के छात्रों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और आकांक्षाओं के अनुसार सही करियर पथ चुनने को लेकर मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परिचयात्मक सत्र से हुई, जिसमें अभिभावकों को छात्रों की क्षमताओं को परखने के लिए असेसमेंट, एप्टीट्यूड टेस्ट तथा अकादमिक प्रदर्शन की समीक्षा के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद विशेषज्ञों ने अभिभावकों को पारंपरिक और नए उभरते करियर विकल्पों के बारे में बताया। वहीं, छात्रों ने भी अपने भविष्य को लेकर उत्साह और जिज्ञासा व्यक्त करते हुए सवाल किए। प्रधानाचार्या प्रिया वाधवा ने अभिभावकों को छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

### कार हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना पुलिस ने कार हड़पने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से आठ कार मिली हैं। एसीपी मसूरी लिपि नागायच ने बताया कि आरोपी उबैदुल्ला के खिलाफ नदीम ने मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उबैदुल्ला ने ओएलएक्स पर नदीम से संपर्क किया था। बातचीत में विश्वास जीतकर आरोपी जुलाई 2025 में मसूरी आया और नदीम से कार किराये पर लेने की बात कही। नदीम ने उसे जुलाई में पहली कार किराये पर दे दी। आरोपी ने एक माह बाद 30 हजार रुपये किराये दे दिए। इसके बाद नदीम ने अन्य लोगों की भी कारें उसे दिलाईं। नदीम के जरिए आरोपी कुल 11 कार ले चुका था। इसके बाद किराया देना बंद कर दिया था। कारें न चल पाने से उसे नुकसान हुआ तो दो कारें गिरवीं रख दी थीं और बाकी कारें भी अपने गांव ले गया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आठ कारें बरामद कर लीं।

### आधार बनवाने वालों के लिए सुविधा

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्केट स्थित मुख्य प्रधान डाकघर में संचालित आधार सेवा केंद्र में लोगों के लिए टोकन व्यवस्था और अधिक सहज बना दी गई है। केंद्र पर आने वाले लोग आधार बनवाने से लेकर संशोधन तक के सभी कार्यों के लिए दोपहर तक टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इससे वह टोकन लेकर दिए गए तारीख पर आकर अपना कार्य करा सकेंगे।

### टीईटी के विरोध में जंतर-मंतर पर जाएंगे शिक्षक

**गाजियाबाद।** टीईटी अनिवार्य करने के विरोध में जिले के शिक्षक 11 दिसंबर को दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जाएंगे। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि टेट अनिवार्यता के विरोध में पिछले तीन माह से देश भर के शिक्षक आंदोलनरत हैं। इसी के क्रम में 11 दिसंबर को देश के सभी शिक्षक एकजुट होकर दिल्ली जंतर मंतर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

## लैब के निर्माण का काम बीच में छोड़कर भागा ठेकेदार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




संयुक्त जिला अस्पताल में बन रही इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) का निर्माण कार्य कई महीनों से ठप पड़ा है। ठेकेदार काम को बीच में छोड़कर भाग गया। अस्पताल प्रशासन के नोटिस के बाद भी लैब का काम शुरू नहीं हो सका। संजयनगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में जनपद की इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) का निर्माण हो रहा है।

एक साल में लैब को शुरू करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक लैब का केवल एक हिस्सा ही तैयार हो पाया। दूसरे हिस्से में निर्माण का कार्य पिछले कई महीने से ठप पड़ा है। ठेकेदार काम को बीच में छोड़कर भाग गया।

ठेकेदार की लापरवाही को लेकर अस्पताल प्रशासन ने नोटिस भी जारी किए हैं, लेकिन काम दोबारा से शुरू नहीं हो पाया। हालांकि, शासन को भी अस्पताल प्रबंधन ने पत्र भेजकर ठेकेदार फर्म की लापरवाही की जानकारी दे दी है। तीन नवंबर को मेरठ से एनएचएम के सिविल इंजीनियर संजय कुमार ने भी लैब का निरीक्षण किया। इंजीनियर को लैब में कोई मजदूर और ठेकेदार नहीं मिला। अधर में लटकी इस परियोजना से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है, क्योंकि आईपीएचएल शुरू होने से जांच सुविधाओं का विस्तार होना था।

लैब में 90 तरह की जांच शुरू होनी है। अस्पताल के सीएमएस संजय गुप्ता ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में एनएचएम के निदेशक को पत्र भेज दिया गया है। पूरी परियोजना शासन स्तर से देखी जा रही है। इसमें अस्पताल प्रबंधन का कोई हस्तक्षेप नहीं हैं।

## जिले में खेल प्रतियोगिताओं पर 31 दिसंबर तक रोक

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए 31 दिसंबर तक सभी खेल प्रतियोगिताओं पर रोक लगा दी गई है। इससे संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर दी गई अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ.परवेज अली ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु की गुणवत्ता खराब होने पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन न कराने के संबंध में आदेश दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देते हुए प्रदेश के खेल निदेशक द्वारा भी आदेश दिए गए हैं। इस पर जिले में होने वाली सभी खेल प्रतियोगिताओं पर 31 दिसंबर तक रोक लगा दी है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सभी खेल अकादमी के प्रबंधकों व स्कूल प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल सश्रम कैद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को अदालत ने 20 साल सश्रम कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा 60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड से 40 हजार रुपये पीडिता को भी दिए जाने के आदेश दिए गए। विशेष लोक अभियोजक उत्कर्ष वंश ने बताया कि मामला लिंक रोड थाना क्षेत्र का है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष की नाबालिग पीड़िता घरों में काम करती थी। सितंबर 2018 को जब पीड़िता काम करने के बाद रेलवे लाइन के किनारे से होकर घर लौट रही थी तो साहुल उसे मिला। उसने नशीला पदार्थ सुंघाकर पीड़िता को बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद 29 जनवरी 2019 को पीड़िता को पेट में तेज दर्द होने लगा। परिजनों ने उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मेडिकल जांच में पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पीड़िता के भाई ने 31 जनवरी 2019 को लिंक रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर साहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। सोमवार को मामले की अंतिम सुनवाई विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायधीश नीरज गौतम की अदालत में हुई। अदालत ने सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर साहुल को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास भुगतने के भी आदेश दिए गए।

## नोएडा में 10 दिसंबर से मुफ्त राशन वितरण शुरू

- करीब 2 लाख परिवार को मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत राशन वितरण दस दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इसमें अंत्योदय व पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को निःशुल्क राशन बांटा जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रभारी डीएसओ स्मृति गौतम ने बताया कि अंत्योदय व पात्र उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। सुबह आठ बजे से 12 बजे व दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक ई-पास मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरित होगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुल 54 रुपए में वितरित की जाएगी। अंत्योदय उपभोक्ताओं को प्रति राशन कार्ड 21 किलो चावल व 14 किलो गेंहू बांटा जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट तीन किलो चावल व दो किलो गेंहू का वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों व राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकते हैं।

## गाजियाबाद में जुगाड़ वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, 100 से ज्यादा के काटे चालान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



सर्दियों के कोहरे के चलते होने वाले सड़क हादसों की रोकथाम के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जीटी रोड, एनएच-9 और मेरठ रोड पर पुलिस ने जुगाड़ वाहनों, ओवरलोडेड ट्राली-ट्रकों और ऐसे वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जिन पर बाडी की सीमा से बाहर तक सामान लदा हुआ था। कोहरे में इस तरह के वाहन सबसे ज्यादा हादसों का कारण बनते हैं।

विशेष अभियान में पुलिस ने सौ से अधिक चालान किए। कई जुगाड़ वाहन बिना नंबर प्लेट और रजिस्ट्रेशन के चलाते पाए गए। वहीं कई ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रकों पर सरिए, पाइप और अन्य सामान बाडी से काफी बाहर तक निकला हुआ मिला। पुलिस टीमों ने मौके पर ही इन्हें रोका और नियमों के तहत चालान किया।

अधिकारियों ने बताया कि रात और कोहरे में पीछे से आने वाले वाहनों को बाहर निकला हुआ सामान दिखाई नहीं देता, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। ट्रैफिक पुलिस एक सप्ताह से लगातार सड़क सुरक्षा से जुड़े अभियान चला रही है। इस दौरान शहर में मौजूद 12 अवैध कट बंद कराए गए हैं। इन कटों से विपरीत दिशा में आने वाले वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती थीं।

पुलिस का कहना है कि इन अवैध कटों के बंद होने से हादसों में कमी आएगी और यातायात भी सुगम होगा। इसी के साथ तीन दिन के एक अन्य अभियान में पुलिस ने 500 से ज्यादा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए हैं। विशेषकर भारी वाहनों, ट्रैक्टर-ट्राली, टेम्पो और जुगाड़ वाहनों को ध्यान में रखते हुए रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए ताकि कोहरे में उनकी दृश्यता बढ़े और टक्कर की आशंका कम हो सके। पुलिस ने चालकों को रात्रि और कोहरे में कम गति से चलने तथा हाई बीम से बचने के निर्देश भी दिए।

## जिम्स में एमबीबीएस बैच 2025 का व्हाइट कोट एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

- विद्यार्थियों ने मरीजों की सेवा को सर्वोपरि रखने और चिकित्सा नैतिकता का पालन करने का संकल्प लिया

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान (गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज- जिम्स), ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को एमबीबीएस बैच 2025 के लिए भव्य व्हाइट कोट और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के साथ संस्थान के सातवें एमबीबीएस बैच ने आधिकारिक रूप से चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर जीवन की अपनी नई यात्रा की शुरूआत की। विद्यार्थियों को सफेद कोट प्रदान कर चिकित्सा पेशे में उनके औपचारिक प्रवेश का प्रतीकात्मक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिम्स के निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता ने कहा कि यह दिन छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि सफेद कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। अकादमिक डीन डॉ. रंभा पाठक ने कॉलेज रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए नए बैच का गर्मजोशी से स्वागत किया।

उन्होंने छात्रों को परिश्रम, संवेदनशीलता और नैतिक जिम्मेदारी के साथ अपने अध्ययन एवं भविष्य के पेशे को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सैयद अमजद अली रिजवी, प्रिंसिपल, जेएनएमसी (एएमयू, अलीगढ़) रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में चिकित्सा पेशे की गरिमा और उससे जुड़े नैतिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिरुद्ध सक्सेना, असिस्टेंट प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने किया, जबकि आयोजन का समन्वय डॉ. अपराजिता पंवार, ऑफिसर इन-चार्ज, एकेडमिक ब्लॉक ने किया। समारोह के दौरान स्टूडेंट काउंसिल का इन्वेस्टिचर सेरेमनी भी संपन्न हुई। इसमें नए प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपे गए, जिनमें अध्यक्षः अभिषेक कुमार सिंह (2022), उपाध्यक्षः प्रियांशु (2023), आईटी सचिवः अश्मित खरे (2024), कोषाध्यक्षः हर्षित तिक्खा (2024), अकादमिक सचिवः पार्थ सार्थी (2024), सांस्कृतिक सचिवः कनिषा मिर्ग (2024), आमिर हमीद (2024), खेल सचिवः आदि जोशी (2024), आरशी अग्रवाल (2024), स्टूडेंट वेलफेयर सचिवः कुशाग्र सक्सेना (2024), तनिष्का (2024) को दायित्व सौंपे गए।

### नए साल पर प्रशासन की पुख्ता तैयारी

## 2700 कैमरों से ग्रेटर नोएडा के चप्पे-चप्पे की होगी निगरानी

- 227.60 करोड़ रुपये की परियोजना
- शहर की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन होगा बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



ग्रेटर नोएडा में तकनीकी मदद से चप्पे चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी। शहर भर में 2700 से अधिक कैमरे पुलिस प्रशासन की आंख बनेंगे। इस पर 227.60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। कैमरे लगाने के लिए तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। एलएंडटी टेक्नोलाजी सर्विसेज ने सोमवार को प्राधिकरण में प्रस्तुतिकरण दिया। इसी माह कंपनी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इन कैमरों की मदद से शहर की सुरक्षा समेत यातायात प्रबंधन में भी मदद मिलेगी।

एलएंडटी टेक्नोलाजी की ओर से प्रस्तुतिकरण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के समीप स्थित गोलचक्कर पर कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए। अधिकारियों ने कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण का बारीकी से अध्ययन किया। कंपनियों की प्रतिनिधियों से कई जानकारी लीं। अधिकारियों का कहना है कि दो अन्य एनआइसी, रेलटेल कंपनियों का प्रस्तुतिकरण भी जल्द हो जाएगा। नए साल में कैमरे लगाने का काम शुरू होगा। कैमरे लगाकर ग्रेटर नोएडा को सेफ सिटी के तौर पर तैयार किया जाएगा।

अधिकारियों का कहना है कि सेफ सिटी और आधुनिक यातायात प्रबंधन परियोजना के तहत ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सभी गोलचक्करों, बाजारों, सरकारी कार्यालयों, सेक्टरों, शहर के प्रवेश द्वार समेत 350 जगहों पर 2700 से अधिक कैमरे लगाने की योजना है। सभी कैमरे प्राधिकरण में बने एकीकृत कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे।

परियोजना पर 227.60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यातायात प्रबंधन के लिए यातायात पुलिस की मदद से कैमरे के स्थानों को चिह्नित कर लिया गया है। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट के जरिए रियल टाइम ट्रैफिक, मानिटरिंग की जाएगी। प्रणाली के लागू होने से यात्रा समय में कमी और जाम का समाधान मिलेगा।

### इन प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगेंगे

- परी चौक
- एलजी गोलचक्कर
- अमृतपुरम
- सेक्टर पीथ्री
- सूरजपुर
- सूरजपुर प्रवेश द्वार
- गौड़ सिटी चौक
- अल्फा कार्मिशल बेल्ट
- जगत फार्म
- शहर के सभी गोलचक्कर
- बाजार
- सेक्टरों के गेट

## भारत-रूस में साझेदारी

# नई आर्थिक संरचना की घोषणा

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं। इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है। भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है।

# लोकतंत्र की जिम्मेदारी और सहभागिता की अनिवार्यता

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र किसी भी राष्ट्र का केवल राजनीतिक ढांचा नहीं बल्कि सामाजिक चेतना, नागरिक अधिकारों और जनभागीदारी की संयुक्त अभिव्यक्ति है। विश्व के हर बड़े लोकतंत्र भारत, अमेरिका फ्रांस, जापान, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका ने यह स्पष्ट रूप से सीखा है कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतांत्रिक संस्थाएँ मात्र औपचारिक ढाँचे में बदलकर रह जाती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि ऐसे समय में मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह किसी भी राष्ट्र के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का सबसे विश्वसनीय सूचक माना जाता है। जब नागरिक स्वयं यह मान लें कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा एक सामाजिक अनुशासन है, तब मतदान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। इसी व्यापक दृष्टि के साथ आज मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया नगर परिषद के नगर अध्यक्ष और दो पार्षदों के लिए मतदान केवल एक स्थानीय नागरिक दायित्व नहीं, बल्कि वैश्विक लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। किसी छोटे नगर में होने वाला एक वोट भी विश्व लोकतंत्र के उस विशाल कैनवास पर प्रभाव छोड़ता है, जहाँ नागरिक भागीदारी, राजनीतिक स्थिरता और सामाजिक उत्तरदायित्व आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मतदान का हर कदम इस तथ्य को मजबूत करता है कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित है जब उसका हर नागरिक खुद को इस व्यवस्था का सक्रिय रक्षक समझता है। गोंदिया जैसे नगर में यदि मतदान का प्रतिशत अधिक होता है, तो यह सिर्फ एक स्थानीय उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर यह संदेश देगा कि यहाँ के नागरिक हर परिस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सर्वोच्च महत्व देते हैं। आज विश्व में कई लोकतंत्र मतदाता उदासीनता, गलत सूचना और जन विश्वास संकट से गुजर रहे हैं। उनके मुकाबले यदि किसी भारतीय नगर में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की आवाज उठती है, तो यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व लोकतांत्रिक समुदाय के लिए प्रेरणा का विषय बन सकता है।




साथियों बात अगर हम मतदाताओं का उत्साह:लोकतंत्र को मजबूत बनाने की सार्वभौमिक शक्ति है इसको समझने की करें तो, विश्व इतिहास में कई ऐसे उदाहरण मौजूद हैं जहाँ कम मतदान या मतदाता उदासीनता ने लोकतंत्र को कमजोर किया और राजनीतिक ढाँचों को अस्थिरता की ओर धकेल दिया। राजनीतिक अस्थिरता, जन असंतोष, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अक्षमताएँ अक्सर वहीं अधिक पनपती हैं जहाँ नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कम करते हैं। इसके विपरीत, जहाँ मतदाता जागरूक होते हैं और 70-80 प्रतिशत या उससे भी अधिक मतदान दर दर्ज की जाती है, वहाँ की राजनीतिक प्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सहभागी बनती है। मतदाताओं का उत्साह केवल वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहता बल्कि राजनीति में जनता की भूमिका को उच्च स्तर पर ले जाता है। यह उत्साह राजनीतिक दलों को भी संदेश देता है कि जनता अब निष्क्रिय नहीं है;वह शासन, निर्णय और नीतियों पर नजर रखती है। इस जागरूकता से शासन तंत्र में सुधार, अधिक पारदर्शिता, कुशल सेवा वितरण और नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप नीतियों का निर्माण सहज और सटीक रूप से आगे बढ़ता है। साथियों बात अगर हम जागरूक मतदाता बनने की वैश्विक जिम्मेदारी लोकतंत्र को 100 प्रतिशत भागीदारी तक ले जाने का संकल्प करने की करें तो, 21वीं सदी की राजनीति में वैश्विक लोकतंत्र अनेक दबावों से गुजर रहा है डिजिटल गलत सूचना, सोशल मीडिया पर पूर्वाग्रह निर्माण, चुनावों में धन बल का प्रभाव, राजनीतिक ध्रुवीकरण, और नॉन डेमोक्रेटिक विचारधाराओं का उभार। ऐसे समय में जागरूक मतदाता होने का अर्थ केवल मतदान करना नहीं, बल्कि सूचित मतदान, विवेकपूर्ण निर्णय औरसामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी है जागरूक मतदाता तीन प्रमुख भूमिकाएँ निभाता है (1)तथ्यों पर आधारित निर्णय लेने वाला नागरिक, (2) लोकतंत्र को दिशा देने वाला सक्रिय सहभागी, (3) वैश्विक लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक और संवाहक। इस संदर्भ में 100 प्रतिशत भागीदारी केवल एक सांख्यिकीय लक्ष्य नहींबल्कि लोकतांत्रिक आदर्शवाद का आधुनिक रूप है। दुनिया के लोकतांत्रिक विशेषज्ञ आज यह तर्क देते हैं कि जितनी अधिक भागीदारी, उतना अधिक मजबूत लोकतंत्र। 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य एक नगर या शहर की सीमाओं से बहुत आगे जाकर राष्ट्र और विश्व को यह संदेश देता है कि नागरिक लोकतंत्र के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। गोंदिया नगर अगर 100 प्रतिशत मतदान की दिशा में कदम बढ़ाता है, तो यह केवल स्थानीय स्तर पर स्वर्णिम क्षण नहीं होगा, बल्कि यह विश्व लोकतंत्र के लिए एक नया अध्याय होगा जो यह बताएगा कि विकसित होते समाज में नागरिकों की सक्रियता किस तरह लोकतांत्रिक ढांचे को नई ऊर्जा से भर देती है। आज, जब कई देशों में मतदान प्रतिशत गिर रहा है, भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के छोटे नगर यदि 100 प्रतिशत मतदान की मिसाल रखते हैं, तो यह लोकतंत्र के भविष्य को लेकर एक सकारात्मक वैश्विक संदेश है कि राजनीतिक व्यवस्था में जनता की भागीदारी अभी भी सबसे शक्तिशाली परिवर्तनकारी शक्ति है। साथियों बात अगर हम आज 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया में मतदान:स्थानीय कर्तव्य से वैश्विक प्रतिबद्धता तक की यात्रा इसको समझने की करें तो, आज 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया नगर परिषद चुनाव में मतदान करना केवल एक व्यक्तिगत दायित्व नहीं बल्कि वह वैश्विक विमर्श भी है जो लोकतंत्र की रक्षा और सुदृढ़ीकरण के लिए विश्व स्तर पर चल रहा है। जब एक नागरिक सुबह उठकर मतदान केंद्र तक जाता है, अपनी पहचान दर्ज कराता है, और ईवीएम मशीन के सामने खड़े होकर एक बटन दबाता है तो यह एक साधारण घटना लग सकती है। लेकिन वास्तव में यह वैश्विक लोकतंत्र की बुनियाद में जुड़ने वाली एक महत्वपूर्ण अमूल्य ईंट होती है। साथियों बातें कर हम विश्वभर में कई सामाजिक वैज्ञानिक के विचारों को समझने की करें तो वे यह मानते हैं कि लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के बीच जितना गहरा संबंध भारत जैसे देशों में देखने को मिलता है, उतना कम ही अन्य स्थानों पर दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि यहाँ लोकतंत्र जन आंदोलनों संघर्षों और सामाजिक जागृति की लंबी यात्रा से विकसित हुआ है। इसलिए भारत का हर नागरिक अपने वोट के महत्व को भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक सभी आधारों पर गंभीरता से समझ सकता है। गोंदिया के चुनावों में मतदान करने के बाद महसूस होने वाला गर्व केवल इसलिए नहीं है कि हमने अपना दायित्व निभाया, बल्कि इसलिए भी कि आपने विश्व लोकतंत्र के स्वास्थ्य में अपना योगदान दिया। आपका यह वोट वैश्विक समुदाय को यह बताता है कि नागरिक चाहे किसी भी स्तर के चुनाव में हों नगरा जिला, राज्य या केंद्र उनकी चेतना राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा के लिए पूरी तरह जागृत है। साथियों बात अगर हम मतदानः राजनीतिक संस्कृति का सशक्त स्तंभ इसको समझने की करें तो, राजनीतिक संस्कृति केवल सरकार, संविधान या राजनीतिक दलों से नहीं बनती, यह बनती है नागरिक चेतना से। मतदान इस संस्कृति का सबसे सशक्त स्तंभ है। यह नागरिकों को यह अहसास दिलाता है कि वे केवल शासन के विषय नहीं बल्कि व्यवस्था के निर्माता हैं। मतदान यह सुनिश्चित करता है कि (1) सत्ता जवाबदेह बनी रहे, (2) नीतियाँ जनता-केंद्रित रहें, (3) नेताओं का चुनाव मेरिट, नीतियों और जनहित के आधार पर हो, (4) समाज में समानता, न्याय और पारदर्शिता की भावना बने। जब नागरिक मतदान से दूर रहते हैं, तो वे अनजाने में अपने भविष्य के निर्णयों का अधिकार दूसरों को सौंप देते हैं। लेकिन जब वे सक्रिय होकर आगे आते हैं, तो लोकतंत्र अधिक स्थिर, मजबूत और जन-उत्तरदायी बनता है।

साथियों बात अगर हम गलत सूचना, ध्रुवीकरण और वैश्विक चुनौतियों के युग में मतदान क़े महत्व को समझने की करें तो, आज दुनिया का हर बड़ा लोकतंत्र गलत सूचना, गहरे राजनीतिक ध्रुवीकरण, और डिजिटल प्रोपेगेंडा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और डिजिटल इकोसिस्टम ने सूचनाओं को तेज बनाया है, परंतु उनकी विश्वसनीयता को कमजोर भी किया है। ऐसे माहौल में नागरिकों के लिए सूचित निर्णय लेना आसान नहीं रहा। इसलिए जागरूक मतदाता का महत्व और बढ़ जाता है। वह (1) तथ्य और अफवाह के बीच अंतर करता है, (2) प्रचार और वास्तविकता को अलग पहचानता है, (3) मताधिकार को भावनाओं नहीं, विवेक से जोड़ता है, (4) और राजनीतिक भाषा के बजाय नागरिक हितों को प्राथमिकता देता है। गोंदिया में मतदान कर लौटना इस जागरूकता का प्रमाण है कि नागरिक तथ्य आधारित निर्णय लेते हैं और लोकतंत्र को गलत सूचना तथा भ्रामक प्रचार के हमलों से बचाने के लिए तैयार हैं।

साथियों बात अगर हम 100 प्रतिशत मतदान का संकल्पः केवल लक्ष्य नहीं, नागरिक चेतना का प्रतीक इसको समझने की करें तो, 100 प्रतिशत मतदान किसी चुनाव आयोग के अभियान का नारा भर नहीं है। यह नागरिक चेतना का वह स्तर है जहाँ लोग समझते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव दिवस पर सक्रिय होने से नहीं, बल्कि हर चुनाव में अपनी भूमिका निभाने से आगे बढ़ता है। यदि गोंदिया 100% मतदान का लक्ष्य प्राप्त कर लेता है, तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि विश्व लोकतंत्र के लिए एकऐतिहासिक संदेश होगा, कि एक नगर भी वैश्विक लोकतंत्र को नई दिशा दे सकता है।

# जीडीपी ग्रोथ-जीएसटी सुधार से हुआ चमत्कार

**बीपी गौतम**

**क्योंकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी, वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी।**

भारत की जीडीपी ग्रोथ ने अर्थशास्त्रियों को भी स्तब्ध कर दिया है। जीडीपी ग्रोथ के पीछे कई कारण हैं पर, सबसे बड़ा कारण जीएसटी में किया गया सुधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते जीएसटी सुधार से ही चमत्कार हुआ है। देश के अंदर उत्पादन बढ़ा है पर, जीडीपी ग्रोथ को बनाये रखने के लिये उपभोग भी बढ़ाना होगा। मध्यम वर्ग अभी आशंकित है, वह पूंजी को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है, इसलिए मध्यम वर्ग का विश्वास जीतना होगा। आरबीआई को मध्यम वर्ग के लिए राहत देनी होगी, वहीं डॉलर की तुलना में रुपया कमजोर होता दिख रहा है। हालांकि देश के अंदर रूपये को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं है। आम नागरिक भी समझ गया है कि डोनाल्ड ट्रंप की हठधर्मिता से हालात बिगड़ रहे हैं लेकिन, सरकार को स्वाभिमान की रक्षा करते हुये अमेरिका के साथ भी व्यापारिक रिश्ते सहज करने होंगे, इसी विषय पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...




सितंबर में समाप्त हुए भारत की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे हैं, इस दौरान 8.2 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रही है, जो गत छः तिमाहियों में सबसे अधिक है, यह ग्रोथ उम्मीदों से कहीं अधिक है, इसने अर्थशास्त्रियों को भी स्तब्ध कर दिया है। मजबूत मैन्युफैक्चरिंग और खपत ने जीडीपी उछाल में अहम भूमिका निभाई है। गत वित्त वर्ष-2024-25 की इसी तिमाही में यह ग्रोथ 5.6 फीसदी थी, वहीं चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी थी, जो पांच तिमाहियों का सबसे ऊंचा स्तर था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 फीसदी के अनुमान से भी यह ग्रोथ काफी अधिक है। नॉमिनल जीडीपी यानी, महंगाई को एडजस्ट किए बिना आर्थिक वृद्धि इस तिमाही में 8.7 फीसदी रही। ध्यान देने वाली विशेष बात है कि पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ तीन तिमाहियों के निचले स्तर 8.8 फीसदी पर आ गई थी। जीडीपी के मजबूत आंकड़ों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये शुक्रवार को कहा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यम को दर्शाती है। नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर बहुत उत्साहजनक है। यह हमारी विकास-समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को दर्शाती है। यह हमारे लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता को भी दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुधारों को आगे बढ़ाती रहेगी और प्रत्येक नागरिक के लिए जीवन की सुगमता को मजबूत करेगी। जानकारों का कहना है जीडीपी में उछाल त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और हाल में लागू जीएसटी सुधारों से संभव हुआ है, जिसने बाजार में अतिरिक्त मांग पैदा की और आर्थिक गतिविधियों को गति दी, यह विस्तार चीन के 4.8 प्रतिशत से अधिक रहा, यह उच्च सार्वजनिक निवेश, सेवाओं की मांग, औद्योगिक उत्पादन और फर्म उपभोग के अलावा निम्न आधार के सांख्यिकीय प्रभावों के कारण हुआ है, क्योंकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी, वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी। भारतीय अर्थ व्यवस्था के लिये वित्त वर्ष-2025-26 की दूसरी तिमाही खुशी लेकर आई। जीडीपी आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिले-जुले एवं उत्साहवर्धक संकेत लेकर आए हैं। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में जीडीपी 5.6 प्रतिशत थी। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बीती छः तिमाहियों में सर्वाधिक हैं। नए आंकड़ों में वाणिज्यिक वाहनों और कृषि क्षेत्र में तेजी की बात कही गई है, वहीं निजी कारों की सुस्त बिक्री ने मध्यम वर्ग की चुनौतियों को भी उजागर किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी किये गये ताजा आंकड़ों में रोचकता दिखाई दे रही है। वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती आवाजाही और निर्माण क्षेत्र में आई तेजी ने औद्योगिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की है, वहीं निजी कारों की घटती बिक्री ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर सवाल कर दिए हैं, जिससे बेहतर आंकड़ों के बावजूद मध्यम वर्ग के लिए अभी चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी राहत लॉजिस्टिक्स सेक्टर से मिली है। वाणिज्यिक वाहनों को आर्थिक गतिविधियों का बैरोमीटर माना जाता है, इनकी बिक्री बढ़ी है। पिछले साल समान तिमाही में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 10.7 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन, इस वर्ष 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ट्रक और लोडर आदि की बिक्री बढ़ने से माना जाता है कि फैक्ट्रियों से माल की ढुलाई बढ़ी है, जो औद्योगिक उत्पादन में तेजी और रोजगार के नए अवसरों का संकेत है, यह टर्नअराउंड बताता है कि सुस्ती का दौर समाप्त हो रहा है। जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार देश में वाणिज्यिक गाड़ियों की मांग बढ़ रही हैं, वहीं मध्यम वर्ग की ओर से खरीदी जाने वाली निजी कारों की बिक्री की गति कम हो गई है। निजी वाहनों की बिक्री वृद्धि दर घटकर 5.9 फीसदी रह गई है, जो पिछले वर्ष 9.9 फीसदी थी, इससे स्पष्ट है कि मध्यम वर्ग अभी भी महंगाई और ऊंचे ब्याज दरों के दबाव में है। लोग अपनी जमा पूंजी बचाने को प्राथमिकता दे रहे हैं और कार जैसी बड़ी खरीदारी से बच रहे हैं, इसीलिए त्योहारों और शादियों के बहाने कंपनियों को भारी डिस्काउंट का सहारा लेना पड़ता है। आंकड़े सामने से खुशी देने वाले दिखाई दे रहे हैं लेकिन, आंशिक तौर पर आंकड़े विरोधाभासी भी दिख रहे हैं। एक ओर भारतीय अर्थव्यवस्था का सप्लाई साइड, जैसे उत्पादन, निर्माण और लॉजिस्टिक्स मजबूती के साथ दौड़ रहा है और औद्योगिक गतिविधियों में ऊर्जा भर रहा है, वहीं दूसरी ओर डिमांड साइड अभी भी कमजोर दिखाई दे रही है अर्थात, उत्पादन के अनुरूप मांग नहीं बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र का मध्यम वर्ग बड़ा उपभोक्ता है लेकिन, वह अभी महंगाई और उच्च ब्याज दरों के दबाव में खर्च करने से बच रहा है, इसके विश्वास को जागृत करना बड़ा कार्य करना शेष है, इस वर्ग के अंदर सरकार के कार्य करने के तरीके से ही विश्वास जागृत होगा। अपना बनाने वालों, खरीदारों, डेवलपर्स और रियल एस्टेट निवेशकों के लिए बाजार में गर्माहट आई है। इंफ्रास्ट्रक्चर और हाउसिंग सेक्टर में भारी मांग देखी जा रही है। सीमेंट उत्पादन में 7.3 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष 3.2 फीसदी थी, वहीं स्टील की खपत 8.8 फीसदी की दर से बढ़ रही है, इसका मुख्य कारण सरकार की आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र की आवास योजनाओं में आई तेजी है, जिससे इसका सीधा श्रेय सरकार को ही जायेगा। हालांकि मांग में इतनी तेज वृद्धि का असर कीमतों पर पड़ सकता है। घर बनाने की योजना बना रहे लोगों को अपने बजट में 5-10 फीसदी का अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है, क्योंकि कंपनियां आवश्यक उत्पादों की कीमतें बढ़ाकर इसका भार आम उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं। आम आदमी की चिताओं में रसोई का बजट प्रमुख है। आम आदमी के लिए कृषि क्षेत्र से एक राहत भरी खबर है। चावल के उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 2.9 फीसदी हो गई है, जो पिछले वर्ष मात्र 1.1 फीसदी थी, इसका सीधा लाभ आम आदमी को ही मिलेगा। चावल के उत्पादन में तीन गुना बढ़ोतरी खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बाजार में आपूर्ति बढ़ने से चावल की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना जताई जा रही है, इससे खाने की थाली पहले की तुलना में कम महंगी हो सकती है, इससे ग्रामीण आय को सुधारने में मदद मिल सकेगी। डिजिटल क्षेत्र में भारत ने एक और लंबी छलांग लगाई है। देश में टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या में 3.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ा छोटा दिख सकता है लेकिन, गत वर्ष की 0.8 फीसदी की वृद्धि की तुलना में यह चार गुना अधिक है, जो उपलब्धि ही कही जायेगी। जीडीपी से जुड़ा यह अहम आंकड़ा बताता है कि ग्रामीण भारत तेजी से डिजिटल नेटवर्क से जुड़ रहा है, इससे यूपीआई और ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार न सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित रहेगा बल्कि, सुदूर ग्रामीण अंचलों तक अपनी पैठ बनायेगा, इससे ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और टेली-मेडिसिन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जिसकी मदद से एक समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने में मदद मिलेगी।

## आप की बात

### फिर जड़ों की ओर लौट रही बसपा

प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौट रही है एवं खोए हुए जन आधार को पुनः प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 6 महीने से राज्यवार बैठकों को दौर जारी है। मायावती के नेतृत्व में दलित मुस्लिम और पिछड़े वर्गों को एकजुट करने की रणनीति पर जोर दिया जा रहा है ।9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि एवं 6 दिसंबर को डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पार्टी दलित समाज की भावनाओं को मजबूत करने और अन्य समुदायों को जोड़ने का प्रयास किया है, क्योंकि अंबेडकर के विचार बसपा की विचारधारा का आधार हैं और ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी अपने कोर वोट बैंक को मजबूत करने के साथ-साथ मुस्लिम और ओबीसी समुदायों तक पहुंच बना रही है। अगर यह रणनीति कामयाब रही तो 2027 में बसपा न केवल अपनी सीटें बढ़ाएगी बल्कि सत्ता पक्ष के सामने एक मजबूत चुनौती पेश करेगी। बसपा अध्यक्ष मायावती की सक्रियता यू पी चुनाव में भाजपा कांग्रेस सपा को एक बड़ी चुनौती पेश करेगी। बस पार्क इन सभी गतिविधियों की और सक्रियता की पहली परीक्षा उत्तर प्रदेश के फरवरी में होने वाले पंचायती चुनाव है इन चुनाव के सफलता ही 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा की मध्य प्रदेश के आधार बन सकते हैं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

### लोकतंत्र के हित में स्वार्थी राजनीति त्यागें नेतागण

राजनीति करें व राजनेता बनें यह जनतंत्रीय अधिकार है सबको. पर लोकतंत्र के हित में विवादित बयानबाजी और विवादित काम करने एवं उसपर स्वार्थपरक राजनीति करने से वे बचें ताकि किसी तरह के कोई विवाद उत्पन्न न हों और जनभावना व जनजीवन सदैव सामान्य बने रह सकें. पिछले काफी समय देखा जा रहा कि कतिपय नेता दोमुंही बातें करना, विवादित बयानबाजी करना फिर जब विवाद बढ़ जाए तो या तो माफ़ी मांग लेना या अपने बयान से पलट जाना अथवा बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप मीडिया पर तुरंत लगा देना/पार्टी द्वारा व्यक्तिगत बया का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेना. अभी तक तो कतिपय नेता विवादित बयानबाजी ही अभी तक तो कतिपय नेता विवादित बयानबाजी ही करते रहे हैं, अब तो वे किसी की भावनाओं पर क्या प्रभाव/दुष्प्रभाव पड़ेगा/पड़ सकता है उसका भी बगैर ख्याल रखे स्वार्थ की राजनीति के चलते करने में भी नहीं झिझक रहे हैं. ऐसी भावनात्मक/विवादित राजनीति में लिप्त नेता हो नागरिक प्रशासन/शासन या राज्य/केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि किसी भी तरह का कहीं भी विवाद पैदा न होने पाए. क्योंकि लोकतंत्र के हित में विवादित बयानबाजी/कार्य न तो उचित है और न ही संवैधानिक।

**शकुंतला महेश नेनावा, 57, गिरधर नगर (तिलक नगर के पास), इंदौर (म.प्र.).**

### घुसपैठियों की इतनी तरफदारी क्यूं

भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने देश में लगातार ही घुसपैठ कर रहे रोहिंग्याओं की गिरफ्तारी के बाद उनकी जानकारी न मिलने का मुद्दा उठाने वाली याचिका की सुनवाई पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्या भारत सरकार ने इन रोहिगयाओ को आज शरणार्थी का दर्जा दे दिया है,अगर हां, तो सरकार को इसका आदेश दिखाना चाहिए। हमारे देश में भी आज काफी गरीब लोग हैं। उनके भी कुछ अधिकार है , अतः क्या उनके बारे में नहीं सोचा जाना चाहिए।कहा जा सकता है कि हमारे देश में भी आज के समय में काफी मात्रा में बंगलादेशी रोहिंग्या घुसपेठिऐ घुस आये है जिन्हें आज शरणार्थी का दर्जा देकर उन्हें हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।अतः यह एक तरह से अनुचित ही कहा जाऐगा। इस पर जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी की है तो इसका हम दिल से स्वागत करते हैं। कारण आज यह सरकार का दायित्व है कि वह देश में लगातार ही घुसपैठ करते जा रहे बंगला देशी शरणार्थीयों पर आज न केवल सख्ती से नजर रखे बल्कि उन्हें हमारे देश से बाहर निकालने की भी जरूरत है।

**एमएम राजावत राज, न्यू रोड शाजापुर।**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सीएम धामी ने होमगार्ड स्थापना दिवस पर जवानों को दिया तोहफा

# अब मिलेगा वर्दी, भोजन और प्रशिक्षण भत्ता

- सेवा प्रदत्त एवं दिवंगत होमगार्ड्स के आश्रितों को चेक भी किए गए वितरित

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ननूरखेड़ा, देहरादून में होमगार्ड्स स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रैतिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की स्मारिका 2025 और विभागीय कैलेंडर 2026 का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने सेवा प्रदत्त एवं दिवंगत होमगार्ड्स के आश्रितों को चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को वर्दी भत्ता अनुमन्य करने, राज्य में अंतर्जनपदीय डयूटी में तैनात होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को मिलने वाले भोजन भत्ते को 100 से बढ़ाकर 150 प्रतिदिन करने, नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवकों को मिलने वाले प्रशिक्षण भत्ते को 50 रुपए से बढ़ाकर 140 प्रतिदिन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने 63वें होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परेड में राष्ट्र सेवा के प्रति जवानों के समर्पण, साहस और उत्कृष्टता की शानदार झलक देखने को मिली। होमगार्ड जवान कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छा शक्ति के साथ प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था और जनसेवा के दायित्वों को निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों के कल्याण और संगठन के उत्थान के लिए अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार होमगार्ड जवानों को 12 आकस्मिक अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया। महिला होमगार्ड्स को प्रसूति अवकाश प्रदान करने की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। पुलिस कर्मियों और एनडीआरएफ की भांति 9 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर डयूटी करने वाले होमगार्ड स्वयंसेवकों को 200 प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ के जवानों के साथ प्रशिक्षित हुए होमगार्ड्स के जवानों को 100 प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान, कैलाश पंत, मधु भट्ट, श्यामवीर सैनी, सचिव शैलेश बगौली, डीजीपी दीपम सेठ, डीजी होमगार्ड पी.वी.के. प्रसाद एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### जवानों के हौंसले व समर्पण को राज्य सरकार दे रही उचित सम्मान



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि होमगार्ड जवान बरसात, ठंड, गर्मी जैसी हर परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण से करते हैं। होमगार्ड जवान यातायात प्रबंधन, कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ कुंभ और कांवड़ यात्रा जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। चारों धामों के साथ-साथ हरिद्वार में स्थापित होमगार्ड्स हेल्प डेस्क देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हर संभव मदद उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि जवानों के हौंसले और समर्पण को राज्य सरकार उचित सम्मान दे रही है। राज्य सरकार होमगार्ड जवानों के हितों के लिए आगे भी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

जंगली जानवरों की गतिविधियों को देखते हुए डीएम ने दिए निर्देश

# विद्यालय जाने वाले छात्रों के लिए नि:शुल्क वाहन सुविधा शुरू

- 28 गांवों के लगभग 200 विद्यार्थियों के लिए 13 वाहनों की व्यवस्था की गई

**पायनियर समाचार सेवा। रुद्रप्रयाग**



जनपद रुद्रप्रयाग के कुछ क्षेत्रों में हाल ही में गुलदार,भालू एवं अन्य जंगली जानवरों की सक्रियता एवं हिंसक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आने-जाने में सुरक्षा का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। जंगली जानवरों की बढ़ती आक्रामकता से अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में असमंजस एवं असुरक्षा महसूस कर रहे थे।

इस गंभीर परिस्थिति पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन को ज्ञापन प्रस्तुत कर तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की मांग की। जिसके बाद जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए छात्र सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उन मार्गों और क्षेत्रों को चिन्हित किया जाए, जहां छात्र-छात्राएं अधिक दूरी पैदल तय कर जंगलों एवं झाड़ीदार क्षेत्रों से होकर विद्यालय जाते हैं। स्थिति सामान्य होने तक ऐसे संवेदनशील मार्गों पर विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों पर तुरंत कार्यवाही की गई। प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार चन्द्रनगर क्षेत्र के बाड़व एवं कांदी के विद्यार्थी, गोर्ति एवं बुढना इंटर कॉलेज में पालाकुराली क्षेत्र के विद्यार्थी तथा रा.इ.का. चोपड़ा क्षेत्र के लगभग 8 गांवों के विद्यार्थियों के लिए उक्त प्रस्ताव दिया गया था। इन सभी के लिए वाहन सुविधा की मांग की गई थी। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर 28 गांवों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं के लिए 13 वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह व्यवस्था सोमवार से विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्यों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रारंभ करा दी गई है। इस सुविधा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 125 योजनाओं का किया वर्चुअल उद्घाटन

## सीमा तक पहुंचना अब और होगा आसान

- विधायक सुरेश चौहान ने पुलों का औपचारिक उद्घाटन किया

**पायनियर समाचार सेवा। उत्तरकाशी**



उत्तरकाशी में जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 125 योजनाओं को वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें सीमांत जनपद के नेलांग और भैरव घाटी में दो महत्वपूर्ण पुलों का उद्घाटन भी शामिल है। वर्चुअल रिबन कटिंग रक्षा मंत्री द्वारा की गई, जबकि स्थानीय स्तर पर गंगोत्री विधानसभा के विधायक सुरेश चौहान ने पुलों का औपचारिक उद्घाटन किया।

इन पुलों के निर्माण से आने वाले समय में पर्यटकों, स्थानीय निवासियों और सेना–तीनों को सीमा तक पहुंचने में बड़ी राहत मिलेगी। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर पूरे देश में 93 बॉर्डर पुल, 28 सड़कों और 4 अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक सुरेश चौहान, बीआरओ के अधिकारी और अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने परियोजनाओं को सीमांत क्षेत्रों के लिए गेम-चेंजर बताया। इन पुलों के बन जाने से न केवल सीमांत सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि गंगोत्री क्षेत्र में पर्यटन और विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

### सीमा क्षेत्रों में सड़क निर्माण में आएगी तेजी

कार्यक्रम में मौजूद बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) के कमांडर कर्नल राजकिशोर ने बताया कि इन नए पुलों और परियोजनाओं के पूरा होने से सीमा क्षेत्रों में सड़क निर्माण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि अगले साल तक सड़क मार्ग से चीन सीमा तक पहुंच सुनिश्चित हो जाएगी। जिससे सामरिक दृष्टि से भारत की मजबूती और अधिक बढ़ेगी।

# नगर आयुक्त ने कूड़ा निस्तारण के लिए शुरू की नई पहल

- घर-घर जाकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**



कुमाऊं क्षेत्र के सबसे बड़े नगर निगम हल्द्वानी ने कूड़ा प्रबंधन को व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगर निगम ने आज से वार्ड संख्या 51 में सोर्स सेग्रीगेशन (कचरे को स्रोत पर अलग करना) की सुविधा शुरू कर दी है।

इस पहल के तहत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, कि वे गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग दें। गीले कूड़े से खाद तैयार की जाएगी, जबकि सूखे कचरे को एमआरएफ सेंटर भेजा जाएगा ताकि उसका सही तरीके से निस्तारण हो सके। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि यह मॉडल वार्ड-51 से शुरू किया गया है और धीरे-धीरे इसे पूरे शहर के सभी वार्डों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि लोग शुरूआत से ही कचरे को अलग-अलग देंगे, तो डोर-टू-डोर कलेक्शन के दौरान कचरे का सही प्रबंधन संभव हो सकेगा। इसके साथ ही श्रीजी स्वयं सहायता समूह की टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस नई व्यवस्था को अपनाएं और शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान दें। यह पहल हल्द्वानी को स्वच्छ, पर्यावरण-हितैषी और आधुनिक नगर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# लापरवाही! बिना ड्राइवर के 100 मीटर खाई में गिरी स्कूल बस

- छात्रों ने चलती बस से कूदकर बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**



उत्तराखंड में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सोमवार सुबह सहसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धलानी में संस्कार स्कूल की बस लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

स्थानीय लोगों और छात्रों के अनुसार यह दुर्घटना ड्राइवर की घोर लापरवाही के कारण हुई। बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर बच्चों को उतारने के दौरान बस को खड़ी अवस्था में छोड़कर कहीं चला गया था। इस दौरान बस ढलान पर अचानक अपने आप चलने लगी और अनियंत्रित होकर गहरी खाई की ओर बढ़ने लगी। इस दौरान छात्रों ने बिना समय गंवाए चलती बस से छलांग लगा दी। जिससे छात्रों की जान बच सकी। इस हादसे के बाद क्षेत्रवासियों ने परिवहन विभाग और स्कूल प्रशासन से बसों की नियमित जांच, फिटनेस और चालक प्रशिक्षण को लेकर सख्त व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

इस घटना की सूचना मिलते ही सहसपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बस को खाई में गिरा देखकर घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मामले में ड्राइवर की लापरवाही को प्राथमिक कारण मानते हुए जांच शुरू कर दी है। साथ ही, स्कूल प्रबंधन से भी इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जनता दरबार में डीएम ने आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना

- अधिकारियों को दिए त्वरित सामधान करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा। बागेश्वर**



जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े की अध्यक्षता में सोमवार को गरुड़ ब्लॉक में आयोजित जनता दरबार में आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना गया।

संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें प्रमुख रूप से पेयजल, आपदा, विद्युत, वन, आवारा पशु, सड़क, सिंचाई एवं शिक्षा से संबंधित मामले शामिल रहे। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिलाधिकारी ने आपदा संबंधी शिकायतों पर निर्देश दिए कि परिसम्पत्ति क्षति का आकलन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। वन विभाग को निर्देशित किया गया कि योजनाओं को सुदृढ़ किया जाए, अधिक से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया जाए तथा जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान लिए स्पष्ट नीति सुनिश्चित की जाए।

# नर्सिंग बेरोजगारों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास किया कूच

- प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों को पुलिस ने एकता विहार स्थित धरना स्थल भेजा

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**



नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की तरह वर्षवार किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर नर्सिंग बेरोजगारों ने सोमवार को दिलाराम चौक पर इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री आवास कूच किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें न्यू कैंट रोड स्थित साला वाला के निकट बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसी बीच आगे बढ़ने को लेकर पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की जमकर धक्का-मुक्की हो गई। हंगामा बढ़ता देख जब पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों को हिरासत में लेने की कोशिश की तभी एक महिला पुलिसकर्मी ने प्रदर्शन में शामिल नर्सिंग बेरोजगार छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान दोनों के बीच खूब हाथापाई हुई।

अन्य प्रदर्शनकारियों ने पुलिस मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। नर्सिंग एकता मंच उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवल पुंडीर का कहना है कि वह बीते लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की भारतीय वर्षभर संचालित किए जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत है। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसे बेरोजगारों में भारी आक्रोश है। उन्होंने वर्तमान नर्सिंग भर्ती विज्ञप्ति व भर्ती पोर्टल को तुरंत निरस्त या बंद किए जाने, आईपीएचएस मानकों के तहत स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग में ढाई हजार पदों पर नई विज्ञप्ति जारी करने और उत्तराखंड मूल के निवासी अभ्यर्थियों को भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने और अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को अलग रखने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों को पुलिस ने एकता विहार स्थित धरना स्थल भेज दिया है।

# 5.48 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

- एडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**



एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. ने जिले के समस्त प्रभारियों को नशामुक्त अभियान चलाकर नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जिसके तहत टीपीनगर चौकी पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान टीपी नगर क्षेत्र में सीएमटी कॉलोनी के पास से एक आरोपी राजेश पाण्डेय उर्फ रामा (32) पुत्र बल्लभ पाण्डेय निवासी सीएमटी कालोनी डहरिया हल्द्वानी को 5.48 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध एडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

अवैध खनन गतिविधियों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

# जेसीबी मशीन समेत 4 डंपर किए गए सीज

- किसी भी स्तर पर गैरकानूनी गतिविधि नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**पायनियर समाचार सेवा। चंपावत**





अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए चम्पावत प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही कड़ी निगरानी के बीच, सीम बंडा पट्टी क्षेत्र, बकोड़ा-मध्य मोस्टा संगरोन में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। तहसीलदार चम्पावत बृजमोहन आर्य के नेतृत्व में की गई इस औचक छापेमारी के दौरान अवैध खनन से जुड़ा एक बड़ा गिरोह पकड़ा, जो खनिज संपदा का अवैध दोहन कर रहा था।

मौके पर एक जेसीबी एक्सावेटर (चैन युक्त टायर) को अवैध खुदान करते पाया गया, जबकि खुदान की गई खनिज सामग्री को टनकपुर की ओर ले जाते हुए 4 डंपरों को भी मौके से पकड़ा गया। प्रशासनिक टीम के पहुंचते ही ऑपरेटर एवं डंपर चालक मौके से फरार हो गए। तहसीलदार द्वारा तुरंत प्रभाव से जेसीबी एवं सभी चारों डंपरों का चालान कर उन्हें सीज कर दिया गया, साथ ही पूरे क्षेत्र को सुरक्षित संरक्षण में लेते हुए अवैध खनन गतिविधियों पर रोक सुनिश्चित की गई।

तहसीलदार श्री बृजमोहन आर्य ने बताया कि क्षेत्र में कई दिनों से अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसके आधार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य कर रहा है तथा किसी भी स्तर पर गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्रवाई के पश्चात पूरे क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया गया है, ताकि भविष्य में भी कोई व्यक्ति अवैध खनन का प्रयास न कर सके। प्रशासन नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा है, और खनन से जुड़े सभी संभावित स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार के साथ राजस्व उपनिरीक्षक पुष्कर चन्द, राजस्व उपनिरीक्षक जीवन रिंगवाल, राजस्व उपनिरीक्षक शुभम पुजारी तथा जवान बंशीधर एवं राजेंद्र बिष्ट उपस्थित रहे।

# ज्योर्तिमठ में भालू का आतंक जारी, आबादी में दहशत

- वन विभाग ने बड़ाई गश्त, कई टीमें अलर्ट पर

**पायनियर समाचार सेवा। ज्योर्तिमठ**





उत्तराखंड में ठिठुरन भरी सर्दी के बीच पहाड़ों में भालुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीमांत नगर ज्योर्तिमठ के डांडो वॉर्ड, मुख्य बाजार, नरसिंह मंदिर, सिंहधार, मनोहर बाग, सुनील, टीवी टावर, नोंग, चौड़ारी, रवि ग्राम और जीरो बैंड इलाके में लगातार भालू के सक्रिय होने की खबरें सामने आ रही हैं। इससे नन्दा देवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।

सोमवार सुबह 4:30 बजे डांडो गांव के आबादी वाले इलाके में भालू के घुसने से अफरा-तफरी मच गई। भालू एक जगह से दूसरी जगह उधम मचाते हुए साफ दिखाई दिया। गौशाला के आस-पास मंडराते देख ग्रामीणों ने अपने छतों से शोर मचाया, जिसके बाद भालू बमुश्किल गांव के बीच के रास्तों से अपर बाजार की ओर भाग गया। गनीमत रही कि उस समय पैदल संपर्क मार्ग पर लोग नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं सूचना मिलने पर नन्दा देवी राष्ट्रीय पार्क की क्यूआरटी टीम, रेंज ऑफिसर गौरव नेगी के नेतृत्व में भालू प्रभावित डांडो गांव पहुंची। टीम ने जहां-जहां भालू की गतिविधियां देखी, उन पॉइंट्स का निरीक्षण किया और वापस लौटी। इसके बाद मुख्य बाजार से लेकर सुनील गांव तक क्यूआरटी टीम गश्त करती नजर आई, लेकिन तब तक भालू जंगल की ओर भाग चुका था। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है और कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

## एक नजर

### रक्तदान शिविर के लिए देवेंद्र चौहान सम्मानित



**नकुड़।** अपने पुत्र स्वर्गीय विवेक चौहान की स्मृति में रक्तदान शिविर लगवाने वाले गोल्डन ग्लोब पत्रिका के संपादक देवेंद्र चौहान को सहारनपुर जनमंच में स्व. महावीर राणा मेमोरियल पुस्तकालय ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में समाज की सेवा का कार्य व चिकित्सा सेवाओं में सामाजिक व मानवीय दृष्टिकोण से कार्य करने के लिए चौहान हैल्थ केयर के डा. अमित चौहान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा रहे जबकि प्रशांत पुंडीर के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### कैम्पस ड्राइव का आयोजन 11 को

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के अन्तर्गत 11 दिसम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने देते हुए बताया कि जनपद में कैम्पस ड्राइव में सात्विक सोलर ऊर्जा प्रा.लि. अम्बाला कैन्ट हरियाणा प्रतिभाग कर रही है। कैम्पस ड्राइव में तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर अभ्यार्थियों का साक्षात्कार के द्वारा चयन किया जाएगा।

### पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी की सिलसिलेवार घटनाओं का खुलासा करते हुए दो कुख्यात नकबजन नासिर व अमजद को हसनपुर चुंगी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 8 हजार नकद, दो घड़ियां, पाजेब, कपड़े, पिट्ठू बैग और अन्य सामान बरामद हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख़्त अभियान के तहत कोतवाली सदर इंस्पेक्टर कपिल देव ने टीम के साथ की घरों नकब लगाकर चोरियां करने वाले दो चोर नासिर व अमजद को हसनपुर चुंगी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 8 हजार नकद, दो घड़ियां, पाजेब, कपड़े, पिट्ठू बैग और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस को दोनों ने बताया कि वह दोनों कई घरों में नकबजनी कर माल को कबाड़ियों को बेचकर पैसा नशे में उड़ा देते थे। गिरफ्तार नासिर का लंबा आपराधिक इतिहास है जो पहले भी लूट, चोरी, गैंगस्टर और आयुध अधिनियम में जेल जा चुका है। एसएसपी की सख्त नीति ने शहर में चोरी और नकबजनी पर पुलिस का दबदबा मजबूत किया है।

### यातायात नियमों के प्रति दिलाई शपथ



**नागल।** सोमवार को थाने की सी.सी टीम के द्वारा कस्बे के नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज के छात्रों को एक कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। टीम प्रभारी उप निरीक्षक सतेंद्र सिंह राठी ने छात्रों को जागरुक करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना अति आवश्यक है क्योंकि वह आपके जीवन का रक्षक है। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन बिल्कुल ना चलाएं और निर्धारित जगह पर ही अवर टैक करें। उन्होंने मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान कांस्टेबल दलबीर सिंह उपस्थित रहे।

### मौन पालन प्रशिक्षण 16 दिसंबर से

**सहारनपुर।** प्रदेश में वैज्ञानिक पद्धति से मौन पालन के कृषि एवं बागवानी आधारित व्यवसाय को बढावा देने के साथ साथ युवक-युवतियों को स्वरोजगार सृजन के अवसर स्थापित करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग के अधीन औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र में 16 दिसम्बर से 31 जनवरी तक 45 दिवसीय मौन पालन प्रशिक्षण आरम्भ किया जा रहा है।

### पीएमश्री विद्यालय के बच्चों को कराया भ्रमण



**शामली।** समेकित शिक्षा के तहत सोमवार को दिव्यांग बच्चों को हरियाणा के करनाल का भ्रमण कराया गया। इससे पूर्व दिव्यांग बच्चों की बस को सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों को ऐतिहासिक नगरी करनाल के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। जानकारी के अनुसार सोमवार को जनपद के दिव्यांग बच्चों को ऐतिहासिक नगरी करनाल का भ्रमण कराया गया। इससे पूर्व सीडीओ विनय कुमार तिवारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ऑपरेशन सवेरा में झिंझाना पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई

# 2.52 करोड़ की पकड़ी गई स्मैक

- कुख्यात सरफराज उर्फ धौला गिरफ्तार
- नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा



**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर के तहत झिंझाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता दर्ज की है। बीती रात पुलिस ने 1 किलो 263 ग्राम स्मैक के साथ एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 करोड़ 52 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। अभियान के दौरान मिली यह बड़ी उपलब्धि पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह ऑपरेशन पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। नशे के अवैध व्यापार, प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से पूरे परिक्षेत्र में सघन अभियान जारी है। इसी क्रम में एसपी शामली एन.पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निकट पर्यवेक्षण में झिंझाना पुलिस की टीम ने यह बड़ी कार्रवाई की। रविवार की देर रात थाना झिंझाना प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र कसाना को सूचना मिली थी कि ग्राम अगड़ीपुर वाले रास्ते पर बंद पड़े क्रेशर के पास एक युवक अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कसाना, उपनिरीक्षक अनुज कुमार, हेड कांस्टेबल अमित सांगवान, कांस्टेबल रूपक कुमार, पुनित कुमार, शांतनु व सुमित कुमार ने तत्काल छापेमारी करते हुए सरफराज उर्फ धौला पुत्र खुर्शीद निवासी घाटमपुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 1 किलो 263 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 50 पारदर्शी पाउच तथा एक पिट्ठू बैग बरामद हुए।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना झिंझाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। पुलिस पूछताछ में सरफराज ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि वह अपने साथी साबिर पुत्र कौशर निवासी इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना के साथ बरेली गया था। वहां से उन्होंने गुड्डू निवासी बरेली नामक व्यक्ति से स्मैक खरीदी थी। आरोपी ने बताया कि वह लंबे समय से स्मैक की फुटकर सप्लाई कर रहा है और आसपास के क्षेत्रों में इसे बेचता है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगालने में जुट गई है, ताकि सप्लाई चेन में जुड़े सभी लोगों को गिरफ्तार किया जा सके।

## आदर्श मंडी पुलिस ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

- -नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की दी जानकारी, नशा तस्करों की सूचना देने की भी अपील



**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

आपरेशन सवेरा के तहत पुलिस द्वारा लोगों को लगातार नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है, इसी के तहत आदर्श मडी पुलिस ने सोमवार को गांव कसेरवा कलां में जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ पुलिस प्रशासन का सहयोग करने, नशे से दूर रहने व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। जानकारी के अनुसार सोमवार को आदर्श मंडी पुलिस द्वारा कसेरवा कलां गांव में आपरेशन सवेरा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी बीनू चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार, समाज एवं भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है। उन्होंने कहा कि आदर्श मंडी पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशे के विरुद्ध निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है तथा नशा बिक्री व तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## ठगी गई रकम में से पीड़िता को 8,500 रुपये दिलाए वापस

**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों के बीच झिंझाना थाना क्षेत्र के साइबर सेवा केंद्र ने एक सराहनीय कार्य करते हुए ठगी गई धनराशि का बड़ा हिस्सा पीड़िता को वापस दिला दिया। केंद्र की त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को 8,500 रुपये की राहत मिली है।



विगत 28 जून को मोहल्ला साजिदनगर निवासी कु. शायमा पुत्री नफीस अहमद के खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से 13,500 रुपये उड़ा लिए थे। घटना के बाद पीड़िता ने थाना झिंझाना में संचालित साइबर सेवा केंद्र पर शिकायत दर्ज कराई थी।एसपी शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर टीम सक्रिय हुई। प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कसाना, निरीक्षक अपराध राजकुमार सिंह, म0का0 पूजा रानी व का0 ललित मोहन राठौर के प्रयासों के बाद रविवार को ठगी गई राशि में से 8,500 रुपये वापस करवाने में सफलता हासिल की। रकम वापस मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों और साइबर टीम के प्रति आभार जताया। शामली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह की गलत ऑनलाइन ट्रांजेक्शन या साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

### आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर मारपीट, एक को लगी गोली

**नकुड़।** छत्रपति शिवाजी महाराज की सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर दो समुदाय में झगड़ा हो गया। दूसरे समुदाय के 10-12 लोगो ने लाठी-डंडों धारदार हथियारों व अवैध हथियारो से हमला कर दिया। फायरिंग में एक व्यक्ति गोरी लगी जिसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव तिरपडी निवासी सुशील ने बताया कि गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक ने सोशल मीडिया पर छत्रपति शिवाजी की एक अमर्यादित पोस्ट कर दी, पोस्ट को लेकर रोहित नाम के युवक की दूसरे समुदाय के उक्त युवक से बहस हो गयी। सुशील ने आरोप लगाया कि सुबह इन बात को लेकर दूसरे सुमदाय के आठ-दस लड़को ने घेर में घुसकर रोहित के साथ मारपीट की। बाद में गांव के जिम्मेदार लोगों ने शाम के समय आपसी सहमति से मामला निपटाए जाने का प्रयास किया जा रहा था। आरोप है कि पंचायत के दौरान दूसरे समुदाय के 10-12 लोगो ने लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व अवैध असलहे से रोहित पक्ष के ऊपर हमला कर दिया।

## जल निकासी की व्यवस्था को किया जाएगा दुरुस्त: नगर आयुक्त

- निर्माण विभाग ने 70 वार्डो में 107 नालों के निर्माण का किया प्रस्ताव तैयार



**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**

नगर निगम के सभी 70 वार्डो में पुराने नालों का सुधार व नये नालों का निर्माण कर जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा। इसके लिए निगम के बजट में 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर स्क्रीन के माध्यम से प्रस्तावित नालों की लोकेशन और उनके सम्बंध में तैयार ऐस्टीमेट की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये।

महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निर्माण विभाग द्वारा 70 वार्डो में 107 नालों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव में 15 से 30 लाख तक लागत वाले नालों को लिया गया है। नगरायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो भी नाले बनाये जायेंगे, वे सब आरसीसी से और कवर सहित निर्मित किये जायेंगे तथा पूरी निकासी के साथ बनाये जायेंगे। नगरायुक्त ने नाला निर्माण में स्वास्थ्य विभाग व जलकल विभाग से समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिये ताकि नालों की सफाई में कहीं कोई अवरोध या बहाव में कोई परेशानी न आये। इससे पूर्व जेई मदनपाल ने घुन्ना महेश्वरी में निमार्णाधीन सीबीजेड गैस संयंत्र की भूमि में जलभराव की समस्या का उल्लेख करते हुए नगरायुक्त को बताया कि चारों ओर का पानी संयंत्र भूमि में एकत्रित होकर तीन-चार फुट तक जमा हो जाता और उसे सूखने में तीन महीने लगते है। बैठक में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, जेडएसओ राजीव चौधरी आदि के अलावा एई व जेई मौजूद रहे।

## सपा ने एसआईआर अभियान को भाजपा की वोट चोरी बताया

- भुवन जोशी ने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं की सुरक्षा और संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की



**पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर**

सपा कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. भुवन जोशी और सपा लोकसभा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने एसआईआर अभियान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने की और संचालन सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा द्वारा किया गया।

बैठक में सपा नेताओं ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग का एसआईआर अभियान वास्तव में भाजपा का स्पेशल इंटेंसिव रिंगिंग अभियान साबित हो रहा है और इसका उद्देश्य पीडीए मतदाताओं की वोट चोरी करना है। भुवन जोशी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सपा मतदाताओं के वोट बचाने के लिए मजबूती से आवाज उठाएगी और उन्हें इस संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। सपा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक स्थिति है कि घुसपैठियों की पहचान के बजाय भारतीय मतदाताओं को अपनी नागरिकता और वोट साबित करने के लिए एसआईआर के नाम पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान रहते हुए चुनावी साजिशों से लड़ने का आह्वान किया। बैठक के अंत में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी गौरव जैन के पिता, असद पाशा के पुत्र और सपा नेता नंदू शर्मा के आकस्मिक निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर चरथावल से सपा विधायक पंकज मलिक, महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी, सपा प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर, विनय पाल, नौशाद अली, तथा अन्य कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सपा सभासद वाजिद मलिक, शहजाद चीकू, नदीम खान, सुंदर सिंह, अब्दुल सत्तार मंसूरी, फखरुद्दीन त्यागी, मौलाना नजर, अविनाश कपिल, सादिक चौहान, संजीव आर्य, अकरम खान, पूर्व एमएलसी सपा प्रत्याशी गौरव जैन, पूजा अंबेडकर, सचिन पाल सहित दर्जनों अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता। बैठक में विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर आगामी चुनावी रणनीति, मतदाता सुरक्षा और एसआईआर अभियान से जुड़े कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### किक्की जैन गैंग पर शिकंजा कसने से राहत में खतौली के व्यापारी

**मुजफ्फरनगर।** खतौली में वर्षों से अवैध दबदबा और ब्लैकमेलिंग कर रहे किक्की जैन गैंग के जेल भेजे जाने से क्षेत्र में व्यापक राहत और संतोष का माहौल है। व्यापार मंडल खतौली के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता के अनुसार गैंग जीएसटी समेत अन्य सरकारी कार्यों की आड़ में व्यापारियों और सरकारी कर्मचारियों को लंबे समय से धमकाता और अवैध वसूली करता आ रहा था।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा की तत्परता और निर्णायक कार्रवाई के बाद किक्की जैन को गिरफ्तार कर सलाखों के अंदर भेज दिया गया। इस कदम को स्थानीय व्यापारियों ने सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे अवैध गतिविधियों पर नकेल कसी है और व्यापारियों को वर्षों से मिल रही धमकियों से मुक्ति मिली है। सोमवार को खतौली के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी वर्मा से मिला और उन्हें बुक्के देकर सम्मानित किया। व्यापारियों ने कहा कि यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने वाली है और इससे व्यापारिक माहौल में सुरक्षा और विश्वास कायम हुआ है।

## दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत पर धरना



- छुटमलपुर के अधिशासी अधिकारी के क्रिया कलापों से नाराज नगरवासियों ने डी.एम को दिया पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**

नगर पंचायत छुटमलपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करने तथा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत को लेकर नगरवासियो ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया को एक ज्ञापन देकर जाँच की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए पत्र मे अवगत कराते हुए बताया गया कि नगर पंचायत छुटमलपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार अभद्र व अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। शिकायत पत्र में कहा गया कि नगर पंचायत में विकास कार्यों के संचालन में भी भारी अनियमितताएँ एवं भ्रष्टाचार हुआ है। अधिशासी अधिकारी को यदि कोई समस्या बताई जाती है तो वे न तो समाधान करते हैं और न ही किसी प्रकार का सकारात्मक उत्तर देते हैं। भ्रष्टाचार जैसे गंभीर प्रकरण में ईओ कमलकांत राजवंशी के सहकर्मी नीरज सैनी को गिरफ्तार किया गया है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने वालो मे बेबी, सोना पंडित, अंकुर, रेखा रानी, पुष्पा, गीता, राजेश कुमार, डॉ. संदीप, संजय, राजपाल, सुमित कम्बोज, प्रियंका, सुषमा, रेखा, लक्ष्मी, सोनिया, सुनीता, नरेश, रविंदर समेत तमाम लोग शामिल रहे।

स्व.महावीर सिंह राणा मेमोरियल पुस्तकालय सेवा संस्थान की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# प्रतिभाओं को देश सेवा का मिलना चाहिए अवसर

**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**

पूर्व विधायक स्वर्गीय महावीर सिंह राणा मेमोरियल पुस्तकालय सेवा संस्थान द्वारा जनमंच सहारनपुर में रचनात्मक एवं सार्थक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य तिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने छात्र छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया।

कार्यक्रम से पूर्व संस्था के अध्यक्ष प्रदीप सिंह राणा एवं उपाध्यक्ष मनोज राणा मोंटी द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि स्वर्गीय महावीर सिंह राणा मैमोरियल पुस्तकालय सेवा संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष सर्वसमाज के छात्र छात्राओं की प्रतिभा सम्मान परीक्षाएं कराकर उनके अंदर छुपी प्रतिभा को निकालकर जो सम्मान देने का कार्य करती है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि संस्था शिक्षा चिकित्सा खेल समाजिक क्षेत्र मे उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिभाओं को देश एवं समाज सेवा करने के लिए अवसर दे रही है यह हमारे बहुत ही गर्व की बात है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी प्रदीप राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रति वर्ष प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर छात्र छात्राओं के अन्दर छुपी प्रतिभा को निकालना। संस्था सैकड़ों छात्र छात्राओं को सम्मानित कर चुकी है। उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी अनंतानंद सरस्वती काशी, बिजेंदर कश्यप, रामेंद्र राणा, मानवीर सिंह पुंडीर, दीपक सोम, डीसीडीएफ के चेयरमैन सुनेंद्र राणा, धर्मवीर पुंडीर, महिपाल सिंह, अरुण आचार्य, यशपाल, डॉक्टर उदयराज सिंह, अनीता पुंडीर, डॉक्टर दिनेश, मुकुंद पुंडीर, हिमांश, सोम, कान सिंह राणा, प्रियंवदा राणा, अजय सिंह राणा, संदीप राणा, अजीत राणा, दिग्विजय चौहान, प्रमोद चौहान पुस्तकालय समिति के प्रशांत पुंडीर, कुलदीप पुंडीर, विजय पुंडीर, सुशांत राणा, ऐ डी ओ प्रदीप प्रदीप पुंडीर आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने आधा बीघा भूमि पर किया जबरन कब्जा

**शामली।** चौसाना के गांव लक्ष्मीपुरा निवासी एक ग्रामीण ने गांव के ही कुछ दबंगों पर उसकी आधा बीघा भूमि पर जबरन कब्जा करने, भूमि पर लगे 70 पेड काटने तथा विरोध करने पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। पीडित ने चेतावनी दी कि यदि उसे न्याय न मिला तो वह आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएगा।

सोमवार को गांव लक्ष्मीपुरा निवासी सतीश ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसे सरकार ने भूमि का चकबंदी पट्टा आवंटित किया था जिसका वर्ष 2022 में लेखपाल द्वारा दखलनामा भी करा दिया गया था लेकिन गांव के कुछ दबंगों ने उसकी करीब आधा बीघा भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया तथा भूमि पर लगाए गए 70 पेड भी चोरी से काट लिए। उसने चौसाना चौकी पर दबगों के खिलाफ तहरीर भी दी थी लेकिन आज तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

## 40 लाख कीमत के 29 मोबाइल सहित दो लुटेरे गिरफ्तार

- भाजपा नेता सचिन सिंघल से लूटा गया डेढ़ लाख का मोबाइल भी बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर**

नई मंडी पुलिस ने भाजपा नेता सचिन सिंघल की कार से डेढ़ लाख रुपये मूल्य का मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 29 ब्रांडेड मोबाइल बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है।



एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया गैंग मोबाइल चोरी कर नेपाल और बंग्लादेश से जुड़े इलाकों में बेचता था, जिससे उन्हें पकड़ पाना मुश्किल हो जाता था। उन्होंने बताया कि आरोपी फराज उर्फ कांचा पुत्र रहीस आलम, निवासी गुदड़ी बाजार और सुहैल पुत्र शफीक, निवासी रेलवे रोड मेरठ को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरा आरोपी महफूज पुत्र फजलू रहमान, निवासी रशीदनगर, थाना ब्रह्मपुरी मेरठ अभी फरार है। एसएसपी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने भाजपा जिला मंत्री सचिन सिंघल लक्ष्मण विहार की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए मार्ग चलते मोबाइल छीनने वाले गैंग का पदार्फाश किया। बरामद मोबाइलों में भाजपा नेता का मोबाइल भी शामिल है। आरोपी भारत के विभिन्न हिस्सों से मोबाइल चोरी कर उन्हें विदेश भेजते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए फराज और सुहैल के खिलाफ पहले से ही आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आगामी दिनों में फरार तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित कर दी है।

# मुख्यमंत्री योगी ने 'जनता दर्शन' में आये नागरिकों से की मुलाकात

## कब्जे आदि की शिकायत पर अधिकारियों को दिया कार्रवाई का निर्देश

❖ फरियाद लेकर 42 से अधिक लोग पहुंचे, मुख्यमंत्री ने एक-एक की सुनीं समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यस्तताओं के बीच भी सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश के हर तबके की खुशहाली के लिए सीएम योगी आमजन से सीधे मुखातिब होकर जनता दर्शन करते हैं। इसके जरिए वे सभी की समस्याएं सुनते और उनका निस्तारण भी कराते हैं। इसी क्रम में सोमवार को भी अपनी फरियाद लेकर 'जनता दर्शन' में पहुंचे हर नागरिक से सीएम योगी ने मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा



कि आप सभी निश्चिंत होकर घर जाइए, हर समस्या का उचित समाधान कराया जाएगा। 'जनता दर्शन' में 42 लोग अपनी परेशानी लेकर पहुंचे। इसमें से पांच लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल से एस्टिमेट बनवाने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार पहले ही दिन से चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। धन के अभाव में किसी का भी इलाज नहीं प्रभावित होगा। प्रदेश में जिस भी जरूरतमंद को इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होगी तो सरकार सदैव उसके साथ सदैव खड़ी रहेगी। 'जनता दर्शन' में लोग पुलिस, अवैध कब्जे की शिकायत लेकर भी पहुंचे। सीएम योगी ने सभी का प्रार्थना पत्र लिया और आदेश दिया कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके बाद शिकायत करने वालों से फीडबैक भी लिया जाए। सरकार हर पीड़ित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## एमपी शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव बुधवार को

❖ सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे अध्यक्षता, मुख्य अतिथि होंगे उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) बुधवार (10 दिसंबर) को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) आरोग्यधाम, बालापार रोड के परिसर में भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह शामिल होंगे। समारोह में उत्कृष्टता के आधार पर एमपी शिक्षा परिषद की संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और संस्थापक सप्ताह समारोह के तहत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी, पदक व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एमपी शिक्षा परिषद के स्मृतिशेष अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी होगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा।

संस्थापक समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हाथों महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति स्वर्गीय प्रो. यूपी सिंह पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। इस पुस्तक 'जीवन के साधना पथ का गृहस्थ सन्यासी प्रो. उदय प्रताप सिंह एवं जीवन मूल्य' का प्रकाशन प्लाक्षा प्रकाशन ने किया है।

## सामाजिक और जनसेवा पुण्य का कामः भाटिया

**लखनऊ।** सामाजिक और जनसेवा के कार्यों में अग्रणी संस्था रजनी केयर फाउंडेशन ने स्थापना के तीन वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थापक और आध्यामिक गुरु देवेंद्र मोहन भइया के मार्गदर्शन में संस्था देश के विभिन्न राज्यों में रक्तदान, मेडिकल कैंप, आईकैंप, योग मेडिटेशन, दिव्यांग सहायता, वृद्धजन सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय योगदान देती आ रही है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की पूर्व महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने संस्था के कार्यों की जमकर सराहना की। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से योगदिवस, मेडिकल कैंप के कई कार्यक्रमों में वो शामिल हो चुकी हैं। वृद्धाश्रमों में संस्था की ओर से किए जा रहे कार्यों को उन्होंने विशेष रुप से सराहा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सदस्य पूर्व धनन्जय गुप्ता ने संस्था की ओर से वंचित वर्ग के लिए शिक्षा के प्रयासों की जमकर सराहना की। मुख्य ट्रस्टी गीता मिश्रा के साथ ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों में प्रिया बजाज और प्रवीन मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर रजनी केयर फाउंडेशन की कोलकाता, बरेली, हरिद्वार, लखनऊ और डिजिटल टीमों का सम्मान भी किया गया।

## बेहतर जल प्रबंधन व हरित आवरण वाले आवासीय क्षेत्र बनेंगे यूपी की पहचान

❖ सरकार अधिक समावेशी आवासीय क्षेत्रों के विकास का रोडमैप कर रही तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार विजन 2047 के अंतर्गत एक व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रही है। प्रदेश के नगरीय आवासीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित, हरित तथा जलवायु के अनुकूल बनाने की दिशा में रोडमैप का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के मोहल्लों को जलवायु तथा पर्यावरण समावेशी स्वरूप देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर, शुद्ध हवा, सुरक्षित जलापूर्ति तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। प्रदेश सरकार का उद्देश्य शहरी विकास को केवल सड़कों व भवनों तक सीमित न रखते हुए उसे पर्यावरण संतुलन तथा जनस्वास्थ्य से भी जोड़ना है। यह पूरी कार्ययोजना दो प्रमुख आधारों पर केंद्रित है- पहला, जलवायु सहिष्णु हरित अवसंरचना का विस्तार, वहीं दूसरे घटक के तौर पर जल सुरक्षा एवं पारिस्थितिकीय संतुलन को मजबूत बनाने पर जोर है। इन्हीं दोनों स्तंभों के माध्यम से प्रदेश के शहरी आवासीय क्षेत्रों का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर फोकस कर रही है। योजना के अनुसार, प्रत्येक नगरी क्षेत्र के लिए सिटी सेंट्रिक क्लाइमेट एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से वर्षा, तापमान, जलभराव, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन जैसी स्थानीय जलवायु संकटों का आकलन कर उनके समाधान लागू किए जाएंगे। कार्ययोजना के अनुसार, नगरीय हरित आवरण को लेकर कई पहलों को बड़े पैमाने पर जमीन पर उतारा जाएगा। इसके अंतर्गत, नगरों में पार्क, हरित पट्टियां, हरित गलियारे व खुले हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिससे आवासीय इलाकों में शुद्ध हवा, तापमान संतुलन और पर्यावरणीय स्वास्थ्य बेहतर हो सके। साथ ही, मोहल्ला स्तर पर जलवायु नियोजन को लागू किया जाएगा, ताकि स्थानीय समस्याओं जैसे जलभराव, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और प्रदूषण जैसी समस्याओं की रेगुलकर मॉनिटरिंग कर रियल टाइम में कार्ययोजना क्रियान्वित कर सीधा नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस योजना का दूसरा मुख्य उद्देश्य जल सुरक्षा व इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी यानी पारिस्थितिकीय सततता को सुदृढ़ करना है। इसके तहत शहरों के तालाबों, झीलों और जलाशयों के पुनरुद्धार की योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे वर्ष भर जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। वर्षा जल संचयन को प्रत्येक आवासीय क्षेत्र में विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण के लिए विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने पर फोकस है।

## किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का 104वाँ वार्षिक खेल समारोह उत्साह और जोश के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। छात्रों और शिक्षकों की ऊर्जावान भागीदारी ने खेल, अनुशासन और टीम-स्पिरिट की परंपरा को और सशक्त बनाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पैरा-एथलीट व कअर अधिकारी सुहास एलवाई, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एपी टिक्कू उपस्थित रहे। साथ ही एथलेटिक्स एसोसिएशन के ट्रेज़रर एवं सेक्रेटरी प्रो. अंजनी कुमार पाठक, प्रेसिडेंट प्रो. रश्मि कुशवाहा और को-प्रेसिडेंट प्रो. आर. के. दीक्षित ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। विश्वविद्यालय नेतृत्व–कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, प्रो. अपजीत कौर, डॉ. वीरेन्द्र आतम, डॉ. के. के. सिंह, डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. सुरेश बाबू, डॉ. आर. ए. एस. कुशवाहा सहित अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे। झंडारोहण एवं तिरंगे गुब्बारों के साथ समारोह का भव्य शुभारंभ किया गया।

चारों ओर गूंजते जोशपूर्ण नारों और रोमांचक मुकाबलों ने पहले दिन के खेल को और भी जीवंत बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्पोर्ट्स सेक्रेटरी दिव्यांशी सिंह, स्पोर्ट्स कैप्टन देवेश प्रताप यादव, एथलेटिक्स कैप्टन प्रांशुल, बॉयज़ रिप्रेज़ेन्टेटिव दिव्यांशु यादव तथा गर्ल्स रिप्रेज़ेन्टेटिव खुशी सक्सेना द्वारा किया गया। खेल महोत्सव विद्यार्थियों में साहस, खेलभावना और एकता की भावना को और मजबूत करता है।

## आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल को सेबी से अंतिम मंजूरी मिली

लखनऊ। मुंबई स्थित आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को पूँजी बाजार नियामक सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से इसके इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 8 जुलाई, 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। यह आईपीओ प्रमोटर- प्रुडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में होगा।डीआरएचपी जमा करने की तारीख तक कंपनी का सब्सक्राइब्ड और पेड-अप शेयर कैपिटल 17,652,090 इक्विटी शेयर था। इसकी फेस वैल्यू 1 रुपए है। प्रस्तावित बोनस इश्यू पूरा होने के बाद कंपनी की जारी, सब्सक्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 176,520,900 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 494,258,520 इक्विटी शेयर हो जाएगी। प्रस्तावित बोनस इश्यू होने के बाद (यदि होता है), तो प्रुडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर किए जाने वाले शेयरों की संख्या अधिकतम 49,425,852 इक्विटी शेयर होगी।

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की मखाना विकास योजना की शुरुआत

❖ 158 लाख रुपए की कार्ययोजना स्वीकृत, पूर्वांचल को मिलेगा विशेष लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मखाना विकास योजना उत्तर प्रदेश के किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। यह योजना उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन के उपरान्त प्रथम चरण में 10 राज्यों में योजना लागू की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। यह बात सोमवार को 19, गौतमपल्ली, लखनऊ में प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता कर कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में मखाना विकास योजना के शुभारम्भ की घोषणा की। प्रदेश में इस योजना का क्रियान्वयन उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा।

उद्यान मंत्री ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को भारत सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष में सीमित समय शेष होने के बावजूद केंद्र सरकार ने 158 लाख रुपए की धनराशि क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत की है। इस धनराशि से मखाना की खेती हेतु तालाबों का चयन एवं निर्माण, किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, बायर-सेलर मीट, मखाना पवेलियन के माध्यम से प्रचार-प्रसार, निर्यातकों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी तथा जनपद एवं राज्य स्तरीय सेमिनार जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मखाना'' की स्थापना की दिशा में भी कार्य शुरू किया जाएगा।

मंत्री सिंह ने कहा कि मखाना अपने औषधीय गुणों और उच्च बाजार मूल्य के कारण सुपरफूड के रूप में लोकप्रिय है। अब तक इसकी खेती मुख्य रूप से बिहार में होती थी, परंतु उत्तर प्रदेश की जलवायु और जलभराव वाले क्षेत्र मखाना उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। पूर्वांचल के जनपद कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, बलिया, महाराजगंज, वाराणसी और बस्ती मखाना उत्पादन की दृष्टि से विशेष रूप से उपयुक्त माने जाते हैं। जहां सिंघाड़े की खेती संभव है, वहां मखाना उत्पादन भी अत्यंत सफल रहेगा। अगले वित्तीय वर्ष से विभाग मखाना की खेती के क्षेत्र का विस्तार, गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन तथा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर प्रारम्भ करेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान मंत्री सिंह ने आलू निकासी की स्थिति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यान विभाग पूर्णतः पारदर्शी ढंग से कार्य कर रहा है। इस वर्ष की निकासी दर 99.35 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष की 99.31 प्रतिशत से अधिक है। 15 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत निकासी पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आलू से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं है और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद की निकासी का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित रहे कि किसानों की उपज का कहीं भी दुरुपयोग न हो।

## भारत विकास परिषद् पंच सूत्रीय कथा महोत्सव की शुरुआत

पायनिर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत विकास परिषद्, अवध प्रान्त द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की प्रेरणा से आयोजित 5 दिवसीय पंच सूत्रीय कथा महोत्सव का शुभारम्भ शुक्रवार को कृष्णा नगर स्थित सुमितनाथ सेवा भवन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने परिषद् की पंचसूत्रीय अवधारणा - संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण को समाज-निर्माण के पाँच आधारस्तंभ बताते हुए इसे राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया। अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने भारतीय संस्कृति के प्रकृतिझसमन्वित दर्शन को रेखांकित करते हुए कहा कि तेजी से बढ़ता संसाधन-दोहन



आज गंभीर पर्यावरण संकट का रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि -2013 से 2023 के बीच लखनऊ के कई इलाकों में भूजल स्तर 20 मीटर तक गिरा है। डॉ. सिंह ने वैश्विक पर्यावरण स्थिति को समझाते हुए World Overshoot Day का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा,''1970 में World Overshoot Day 25 दिसम्बर को आता था, यानी मानवता लगभग पूरे वर्ष पृथ्वी की वहन क्षमता के भीतर रहती थी। पर आज यह तिथि घटते-घटते 24 जुलाई तक पहुँच गई है, जो बताती है कि हम केवल आधे वर्ष में ही पृथ्वी के पूरे वर्ष के संसाधन समाप्त कर देते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि सरोजनीनगर क्षेत्र पर्यावरणीय पहल के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, लखनऊ में स्थापित कुल Solar Capacity का 50% से अधिक सरोजनीनगर में स्थापित है। ताराशक्ति केंद्रों द्वारा तैयार किए गए 30,000 से अधिक Eco-Friendly Bags बच्चों में वितरित कर पर्यावरण जागरूकता बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसे प्रयास ही पृथ्वी के संसाधनों को बचाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए चंद्र भूषण तिवारी (पेड़ वाले बाबा), राजेंद्र प्रताप सिंह और विजय सक्सेना को डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

## अशरफनगर वासियों ने रखी आवास, लाइट व पेंशन जैसी समस्याएं

### विधायक राजेश्वर के संवाद शिविर में लगा SIR कैंप, फॉर्म भरने में लोगों को मिली सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके द्वार तक पहुंचाने तथा मेधावियों व गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के उद्देश से शुरू की गयी 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन संवाद शिविर की साप्ताहिक पहल 146 आयोजनों का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है।

रविवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में अर्जुनगंज मंडल के अंतर्गत अशरफनगर में 146 वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों ने स्ट्रीट लाइट, ढट आवास, नाली, सड़क, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि से जुडी करीब 23 समस्याओं/सुझाओं से अवगत कराया जिनमें से 3 समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। शिविर के दौरान 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले अशरफ़ नगर के 4 मेधावियों - प्रशांत वर्मा (96.5%), साधना रावत (80%), श्लोक कश्यप (73%) तथा अमरदीप (69%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प क्रम में 160 वें Youth Club (Boys) ½f 95½fmÔ Girls Youth Club का गठन कर कैरम, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, फुटबॉल आदि प्रदान की गईं। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से विजन प्लस हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य तथा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान 50 क्षेत्रवासियों के नेत्र परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार चश्में भी प्रदान किए गये। साथ ही, SIR हेल्प डेस्क के माध्यम से ग्रामीणों को मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरने आदि में सहयोग भी किया गया, इस दौरान संबंधित BLA-2 एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सेक्टर संयोजक दिनेश कश्यप एवं सचिन नाथ, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार, सूबेदार लोधी, मुकेश लोधी, राम नरेश लोधी, रामू लोधी, लता तिवारी, रेनू कुशवाहा, मोनिका गौतम, सुष्मिता सिंह, अर्चना, कुलदीप, ननकी, बसंती, सावित्री, अर्जुन धानुक एवं अन्य क्षेत्रवासियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## महापौर ने घुसपैठियों के खिलाफ सत्यापन अभियान पर जोर दिया

### राजधानी की जनता से समर्थन की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को कहा कि नगर निगम पिछले एक वर्ष से अधिक समय से संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दस्तावेज सत्यापन अभियान चला रहा है। खर्कवाल ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा कि इस अभियान के स्पष्ट परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार पूरा का पूरा इलाक तेजी से खाली कराया गया।

महापौर ने कहा कि एक बार, सिर्फ एक घंटे में एक इलाके से लगभग 50 लोगों को हटाया गया। मैं वहीं बैठी रही और अधिकारियों से कहा कि जब तक ये अवैध कब्जा करने वाले हट नहीं जाते, मैं वहां से नहीं उठूंगी। उन्होंने बताया कि यह सत्यापन अभियान का विस्तार नगर निगम तक किया गया है। खर्कवाल ने कहा कि पिछले एक-दो हफ्तों में लगभग 160 लोगों ने (नगर निगम की) नौकरी छोड़ दी है। अगर हमारा अपना घर साफ है, तभी हम बाहर देख सकते हैं। नगर निकाय के अंदर सफाई भी उतनी ही जरूरी है। महापौर ने कहा कि उन्होंने सभी



जोनों को संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने और आवश्यक होने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

लंबे समय के परिणामों को लेकर उन्होंने चेताया कि अगर हम अभी चीजें ठीक नहीं करेंगे तो 20 साल बाद हालात बहुत गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा, सरकार या नगर निगम अकेले सफल नहीं हो सकते। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मीडिया, सरकार और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। निरुद्ध केंद्र स्थापित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की योजना पर उन्होंने कहा कि यह जिला प्रशासन का विषय है।

उन्होंने कहा कि जिस वक्त जिला प्रशासन हमसे जिमीन मांगेगा, मैं तुरंत उपलब्ध करा दूंगी। मेरा काम झुग्गियों और बस्तियों में सत्यापन सुनिश्चित करना है, जो पहले से ही जारी है। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि नागरिकों से सतर्क रहें और घुसपैठियों की पहचान में सहयोग करें। मुख्यमंत्री की अपील का जिक्र करते हुए महापौर ने कहा कि राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है। जब नेता जनता के साथ होता है, तो लोग भी आगे आते हैं। अगर किसी को अपने आसपास, खासकर झुग्गियों में घुसपैठिए दिखते हैं, तो वे हमें बताएं। मैं खुद वहां जाऊंगी।

## शिक्षक की भूमिका में दिखाई दिए भजन सम्राट

❖ इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में शामिल हुए भजन सम्राट अनूप जलोटा और राज्य सूचना आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री सहभागी हुए। यहां के अनुभव को युवा कलाकार कभी भुला नहीं सकते। उनके सामने देश के भजन सम्राट थे। जिन्हें लोग बड़े मंचों के अलावा छोटे बड़े पर्दे पर देखते रहे है। प्रसार माध्यमों से उनके भजन सुनते रहे है। आज वह सामने थे। उनके गीत संगीत से श्रोता प्रभावित होते है। लेकिन इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में उनकी सहजता का भी प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एकेडमी के संस्थापक दिनेश सहगल और योगेश मिश्रा ने किया था।

अनूप जलोटा ने वहां उपस्थित युवा कलाकारों का परिचय प्राप्त किया। कला संगीत की किस विधा में उनकी रुचि है,यह जानकारी ली। कुछ कलाकारों को गायन में रुचि थी। अनूप जलोटा ने उन सभी का गाना सुना। उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों की फरमाइश पर उन्होंने भी अपने प्रसिद्ध भजनों की पंक्तियां सुनाई। यहां अनूप जलोटा मुख्य अतिथि की जगह संगीत के शिक्षक की भूमिका में आ गए। कहा कि गायन में रियाज अपरिहार्य होता है। सुबह के समय संगीत साधना उपयुक्त होती है। उस समय स्वर या राग आदि लय में नहीं होते है। उन्हें साधना पड़ता है। यह कार्य प्रयास और अभ्यास से होता है। फिर शेष दिन में भी लयबद्धता रहती है। इसके साथ ही अनूप जलोटा ने वर्तमान समय की व्यवहारिक समस्या भी बताई। कहा कि सुबह जल्दी उठने के लिए रात्रि में जल्दी सोना आवश्यक होता है। लेकिन सभी के लिए अनेक कारणों से ऐसा करना संभव नहीं होता। ऐसे लोग जब उठें,तभी अभ्यास करें। इस कार्यक्रम के बाद अनूप जलोटा उठे, उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि किसी को उनके साथ तस्वीर लेनी है।

स्टूडेंट्स उत्साहित हो गए। यही तो वह चाहते थे। अनूप जलोटा नहीं सभी के साथ अलग अलग फोटो खिंचवाई। सभी से स्नेह पूर्वक मिले। शुभकामना दी। उनकी यह सहजता प्रभावित करने वाली थी।

# पश्चिम बंगालः हुमायूं कबीर पलटे, कहा- विधायक पद नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी। मुर्शिदाबाद



■ लोगों ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। वे नहीं चाहते कि मैं इस्तीफा दूं

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को अपने पहले के रुख से पलटते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल विधानसभा से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने यह बात मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखने के कुछ दिन बाद कही। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से विधायक कबीर ने संवाददाताओं से कहा, "अब मेरे इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं है। मैं विधायक पद से इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। उन्होंने दावा किया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने उनसे इस्तीफा नहीं देने को कहा है।

उन्होंने कहा, लोगों ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। वे नहीं चाहते कि मैं इस्तीफा दूं। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए, मैंने इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है।'' कबीर ने पहले घोषणा की थी कि वह 22 दिसंबर को एक नयी राजनीतिक पार्टी बनाने से पहले 17 दिसंबर को विधानसभा से इस्तीफा दे देंगे। विधायक ने यह भी दावा किया था कि कोलकाता में स्थायी समिति की बैठक में भाग लेने के बाद वह औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप देंगे। इस बीच, राज्य में सत्तारूढ़ दल टीएमसी ने विधानसभा के अंदर भी कबीर से दूरी बनाए रखने का फैसला किया है। टीएमसी नेताओं ने कहा कि सदन में उनके बैठने की व्यवस्था बदली जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विधायक बने रहने के उनके फैसले के बाद, तृणमूल कांग्रेस विधायक दल ने सत्तारूढ़ दल के सदस्यों से दूर रखने के लिए कबीर की सीट भाजपा सदस्यों की सीट के पास करने की पहल की है। इससे पहले, कबीर को उनके पूर्व मंत्री पद के कारण सत्ता पक्ष की सीट के पास अगली पंक्ति में सीट दी गई थी। वर्ष 2012 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने पशु संसाधन राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था, लेकिन 2015 के रेजिनगर उपचुनाव में हार के बाद उन्होंने मंत्री पद गंवा दिया था। तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि पार्टी स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है।

उन्होंने बताया, "निलंबित विधायकों को विधानसभा में बैठने की व्यवस्था पर फैसला अगले कुछ दिन में लिया जाएगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा के कार्यकाल की समाप्ति से पहले सदन का शीतकालीन सत्र और अंतरिम बजट सत्र की बैठक होने की उम्मीद है। टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखी, जिस पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं हुईं और सत्तारूढ़ दल के भीतर तनाव गहरा गया। कबीर ने दावा किया कि आधारशिला समारोह को ₹अप्रत्याशित जन प्रतिक्रिया₹ मिली, जिसके कारण उन्होंने अपने इस्तीफे के फैसले पर पुनर्विचार किया। उन्होंने कहा, ₹नींव रखने के बाद मुझे लोगों का भारी समर्थन मिला। इस समर्थन ने मेरे संकल्प को और मजबूत किया है।₹ टीएमसी ने कबीर को पार्टी अनुशासन का बार-बार उल्लंघन करने और मस्जिद परियोजना से जुड़े भड़काऊ बयान देने के लिए निलंबित कर दिया था। विधायक बने रहने का फैसला करने के बावजूद, कबीर ने दोहराया कि वह इस महीने के अंत में एक नया राजनीतिक दल बनाने की योजना पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने दावा किया, "मैंने अभी तक कांग्रेस से बात नहीं की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने उनके साथ बातचीत की जिम्मेदारी ली है। अगले विधानसभा चुनाव के लिए मुर्शिदाबाद में कांग्रेस और वाम दलों के साथ सीट के बंटवारे की प्रबल संभावना है।

## अब भारत में ही होगी सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट की मरम्मत

■ टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लॉकहीड मार्टिन ने भारत में नये सी-130जे एमआरओ केंद्र की स्थापना की घोषणा की

एजेंसी। नई दिल्ली



टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और लॉकहीड मार्टिन ने भारत में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान के संचालन में मदद के लिए एक नये रखरखाव, मरम्मत एवं नवीकरण (एमआरओ) केंद्र की स्थापना की सोमवार को घोषणा की। बेंगलुरु में इस केंद्र की स्थापना की घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब टाटा-लॉकहीड मार्टिन संयुक्त उद्यम भारतीय वायु सेना को लगभग 80 भारी मालवाहक विमानों की आपूर्ति से जुड़ा करार हासिल करने की दौड़ में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस को सर्वश्रेष्ठ विमान के रूप में पेश कर रहा है।

भारतीय वायु सेना फिलहाल लॉकहीड मार्टिन के 12 सी-130जे विमानों का संचालन करती है, जिन्हें दुनिया के अग्रणी सामरिक मालवाहक विमानों में से एक माना जाता है। एमआरओ केंद्र की स्थापना की घोषणा के अवसर पर भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी, सरकारी गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत के दिग्गज और लॉकहीड मार्टिन तथा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। लॉकहीड मार्टिन के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) फ्रैंक सेंट जॉन ने कहा, "आज की घोषणा दर्शाती है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत के साथ हमारा सहयोग कितनी दूर तक पहुंच गया है और हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, "सात दशक से भी ज्यादा समय से, हम भारत के बढ़ते एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक आधार के साथ आगे बढ़े हैं। यह नया सी-130जे एमआरओ केंद्र उस नींव को मजबूत करता है। जॉन ने कहा कि यह केंद्र भारत में विश्वस्तरीय रखरखाव क्षमता विकसित करेगा, भारतीय वायु सेना की तैयारियों में सुधार लाएगा और ऐसे अवसर पैदा करेगा, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सी-130जे संचालकों के लिए मददगार होंगे। उन्होंने कहा, "हम आने वाले दशकों में भारत के लिए और भारत के भीतर क्षमता निर्माण के वास्ते प्रतिबद्ध हैं।

## धर्मांतरण रोधी कानून के खिलाफ याचिका पर राजस्थान से जवाब तलब

एजेंसी। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान के अवैध धर्मांतरण विरोधी अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 'कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' द्वारा दायर याचिका को राजथान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम -2025 के विभिन्न प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली अलग-अलग लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न कर दिया। शीर्ष अदालत इससे पहले इसी तरह के मुद्दों को उठाने वाली कुछ अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करने को लेकर सहमति जताई थी और राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि इसी तरह के मामले उसके समक्ष विचाराधीन हैं। याचिकाकर्ता ने उच्चतम न्यायालय से 2025 के अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह किया है। राजस्थान के इस कानून में धोखे से सामूहिक धर्मांतरण कराने पर 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है, जबकि धोखाधड़ी से व्यक्ति का धर्मांतरण कराने पर सात से 14 साल तक के कारावास की सजा का प्रावधान है। अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि धोखे से नाबालिगों, महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और दिव्यांगों का धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 साल तक कारावास की सजा और कम से कम 10 लाख रुपये का जुर्माना होगा। शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ ने सितंबर में विभिन्न राज्यों से उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अलग-अलग याचिकाओं पर उनसे रुख स्पष्ट करने को कहा था।

## ओडिशाः छात्रा की अस्पताल में मौत

### पटनायक ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

एजेंसी। भुवनेश्वर



■ आत्मदाह का प्रयास करने के बाद लगभग 90 प्रतिशत तक झुलस गई थी स्नातक छात्रा

ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में कथित तौर पर आत्मदाह करने वाली एक छात्रा की राउरकेला के इस्पात जनरल अस्पताल (आईजीएच) में मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्नातक की पढ़ाई कर रही छात्रा सुंदरगढ़ जिले में कथित तौर पर आत्मदाह का प्रयास करने के बाद लगभग 90 प्रतिशत तक झुलस गई थी।

स्नातक छात्रा को 25 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर ब्लैकमेल किया था, जिसके बाद उसने शुक्रवार रात राजगंगपुर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्मदाह कर लिया। उसे आईजीएच राउरकेला में भर्ती कराया गया। ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने आईजीएच का रविवार को दौरा किया था और अस्पताल प्राधिकारियों को उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) भुवनेश्वर ले जाने का निर्देश दिया था, लेकिन अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने रविवार रात को दम तोड़ दिया। पिछले छह महीनों में राज्य में इस तरह की यह पांचवीं घटना है। बालासोर, पुरी, केंद्रपाड़ा और बारगढ़ में भी इसी प्रकार की घटनाओं में महिलाओं की मौत हुई है। इस बीच, बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक ने छात्रा की मौत पर गहरी चिंता व्यक्त की। पटनायक ने 'एक्स' पर लिखा, "राजगंगपुर लांजीबेरना में जलने से कॉलेज छात्रा की जान जाने की दुखद घटना दिल दहला देने वाली है। दुख की इस घड़ी में, मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। पटनायक ने कहा कि छात्रा के परिवार के सदस्यों द्वारा यह बताए जाने के बाद भी सरकार की निष्क्रियता सभी को हैरान करती है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां पहले भी मिली थीं।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता पटनायक ने कहा, "सरकार इस तरह और कितने निर्दोष लोगों की जान जाने देगी? ओडिशा में ऐसी बढ़ती घटनाओं को रोकने के प्रति सरकार की उदासीनता अपराधियों के हौसले बढ़ा रही है।''उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोगों में असुरक्षा की भावना है। पटनायक ने आरोप लगाया कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पटनायक ने कहा, "सरकार को राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

## अग्निकांड को लेकर लोगों में गुस्से के बावजूद हांगकांग में मतदान दर बढ़ी

एजेंसी। हांगकांग



चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हांगकांग में 2021 में व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करके लोकतंत्र समर्थक विपक्ष को खत्म किए जाने के बाद दूसरी बार हो रहे आम चुनाव के लिए लगभग एक तिहाई पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया।

मतदान दर 31.9 प्रतिशत दर्ज की गई जो 2021 के चुनाव में करीब 30.2 प्रतिशत थी। यह चुनावी बदलाव होने से पहले की तुलना में काफी कम मतदान है। इससे पहले मतदान 50 प्रतिशत से ऊपर रहा था। लगभग दो सप्ताह पहले एक अपार्टमेंट में आग लगने से 159 लोगों की मौत के बाद हुए ये चुनाव इस त्रासदी से निपटने को लेकर सरकार के बारे में जनता की राय भांपने का जरिया माना जा रहा है। शहर के 41 लाख पात्र मतदाताओं में से विशेष रूप से लोकतंत्र समर्थक लोगों ने 2019 में विरोध प्रदर्शनों के बाद हुए दमन के पश्चात राजनीति से दूरी बना ली है। इस चुनाव में उम्मीदवारों का चीन के प्रति निष्ठावान होना आवश्यक है। सरकार का कहना है कि 2019 में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद स्थिरता लाने के लिए ये बदलाव जरूरी थे। इस बार मतदान प्रतिशत पर सबकी नजरें थी जो 2021 में हुए पिछले चुनाव में 30 प्रतिशत तक गिर गया था। शहर के मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने शुक्रवार को लोगों से मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि वह नयी 'लेजिस्लेटिव काउंसिल' में एक प्रस्ताव पेश करेंगे, जिसमें यह बताया जाएगा कि आग से प्रभावित पीड़ितों की कैसे सहायता की जा सकती है। वर्ष 2021 में हुए परिवर्तनों से पहले भी 70 सदस्यीय 'लेजिस्लेटिव काउंसिल' में से केवल आधे सदस्यों को सामान्य मतदाता चुनते थे।

## मोटरसाइकिल-ट्रक की टक्कर में परिवार के दो लोगों की मौत

■ ट्रक को ज़ब्त कर लिया गया है और उसके चालक की तलाश है जारी

एजेंसी। रायसेन (मप्र)



मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार को लोहे से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक और एक मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो जाने से एक परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा पूर्वाह्न करीब 10 बजे रायसेन जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर भोपाल रोड पर एक मिल के पास हुआ।

पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) आलोक श्रीवास्तव ने को बताया कि एक ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की जान चली गयी वे मोटरसाइकिल से किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। एसडीओपी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार वीरपुर निवासी अलीम मंसूरी (60) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां घूरन (75) ने उपचार के लिए भोपाल ले जाते समय दम तोड़ दिया। श्रीवास्तव के अनुसार मंसूरी की 50 वर्षीय पत्नी को गंभीर चोटें आईं। उन्हें भोपाल के एक अस्पताल में रेफर किया गया है। एक और अधिकारी ने कहा कि ट्रक को ज़ब्त कर लिया गया है और उसके चालक की तलाश जारी है।

## तनाव बढ़ने पर थाईलैंड ने कंबोडियाई सीमा पर हवाई हमले शुरू किए

एजेंसी। बैंकॉक

थाईलैंड ने सोमवार को कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हवाई हमले शुरू किए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर उस संघर्ष विराम समझौते को तोड़ने का आरोप लगाया, जिसके कारण पहले हुई लड़ाई रुक गयी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अक्टूबर में कराए गए एक संघर्ष विराम समझौते के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। इससे पहले दोनों दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद के कारण जुलाई में पांच दिनों तक संघर्ष हुआ था, जिसमें कई सैनिक और आम नागरिक मारे गए थे। थाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 50,000 से अधिक लोग सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों को छोड़कर आश्रय स्थलों में चले गए हैं तथा माना जा रहा है कि और भी लोग अन्यत्र अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। वहीं, कंबोडिया के सूचना मंत्री नेथ फेकट्रा ने कहा कि सीमा के निकट के कई गांवों के निवासियों को वहां से निकाल लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ताजा झड़पों में कम से कम एक थाई सैनिक और चार कंबोडियाई नागरिक मारे गए हैं।

## अभाविप ने की देश के हर विवि में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग

■ हमने इस सिलसिले में केंद्र सरकार से की है मांग

एजेंसी। इंदौर (मध्यप्रदेश)



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोमवार को मांग की कि देश के हर विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के चुनाव कराए जाने चाहिए ताकि इन शैक्षणिक परिसरों के जरिये नया नेतृत्व उभर सके।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने यहां संवाददाताओं से कहा,"न सिर्फ मध्यप्रदेश, बल्कि देश भर के सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए। हमने इस सिलसिले में केंद्र सरकार से मांग की है और हम राज्य सरकार से भी यही मांग करते हैं।'' उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव कराए जाने से शैक्षणिक परिसरों के जरिये नया नेतृत्व उभरेगा और समाज को इसका फायदा होगा। सोलंकी ने कहा,"कुछ सरकारों को लगता है कि छात्रसंघ चुनावों के चलते शैक्षणिक परिसरों का वातावरण प्रभावित हो सकता है और अप्रिय घटनाएं होने पर अराजकता फैल सकती है, लेकिन हमारा कहना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को इंतजाम करने चाहिए।'' अभाविप महामंत्री ने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव कराए जा रहे हैं, तो मध्यप्रदेश में प्रशासन यह चुनाव कराने में खुद को 'असफल' क्यों महसूस करता है।

उन्होंने कहा,"हमारी मांग है कि मध्यप्रदेश में 2026 के दौरान किसी भी तरह से छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए।'' सोलंकी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए आवश्यक कदम है और अभाविप इस विषय में लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 77 लाख सदस्यों वाली अभाविप 'वंदे मातरम' को 150 साल पूरे होने पर देश के हर शैक्षणिक परिसर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गान का कार्यक्रम आयोजित करेगी।


स्वर्ग हो या धरती, हम हमेशा हैं साथ, पिता के साथ तस्वीरें की साझा

## ईशा ने पिता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर उन्हें किया याद

■ उन्होंने लिखा, मेरे प्यारे पापा के लिए, हमारा रिश्ता, सबसे खास और सबसे मजबूत था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





अभिनेत्री ईशा देओल ने सोमवार को अपने पिता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर उन्हें याद किया और कहा कि धरती हो या स्वर्ग, वह (धर्मेंद्र) हमेशा उनके साथ हैं। धर्मेंद्र का 24 नवंबर को मुंबई में 89 साल की उम्र में निधन हो गया था। ईशा ने 'एक्स' पर अपने पिता के साथ की कुछ तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने लिखा, "मेरे प्यारे पापा के लिए। हमारा रिश्ता, सबसे खास और सबसे मजबूत था। 'हम' ताउम्र साथ रहेंगे, सभी लोकों में और उससे परे... हम हमेशा साथ हैं पापा। चाहे स्वर्ग हो या धरती। हम साथ हैं। अभी के लिए मैंने आपको बहुत संभालकर अपने दिल में बसा लिया है... ताकि मैं जिंदगी भर आपको अपने साथ लेकर चल सकूं।'' ईशा ने कहा, "अनमोल यादें... अपनी बेटी के रूप में आपने मुझे जीवन के जो सबक, शिक्षाएं, मार्गदर्शन, गर्मजोशी, बिना शर्त प्यार, गरिमा और ताकत दी, उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता।'' उन्होंने लिखा, "मुझे आपकी बहुत याद आती है पापा... आपका मुझे गले लगाना, जो सबसे ज्यादा सुकून देता था, आपके नरम लेकिन मजबूत हाथों को पकड़ना, जिनमें अनकहे संदेश होते थे और आपका मेरा नाम पुकारना, जिसके बाद हमारे बीच अंतहीन बातचीत होती थी, ये सब बहुत याद आता है पापा।'' ईशा ने कहा कि वह अपने पिता की विरासत को गर्व और सम्मान के साथ आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने लिखा, "और मैं आपके प्यार को उन लाखों लोगों तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करूंगी, जो आपसे मेरी तरह ही प्यार करते हैं। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं पापा। आपकी प्यारी बेटी, आपकी ईशा, आपकी बिट्टू।''

गीता पाठ कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर बोलीं ममता

## भाजपा का कार्यक्रम था, मैं कैसे जाती

■ अगर यह एक निष्पक्ष कार्यक्रम होगा, तो मैं निश्चित रूप से वहां जाती

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सनातन संस्कृति संसद द्वारा आयोजित भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में अपनी अनुपस्थिति को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने इसमें हिस्सा इसलिए नहीं लिया, क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ा एक कार्यक्रम था।

रविवार को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में हुए इस कार्यक्रम में राज्य भर से लाखों लोग जुटे थे। इसे 2026 विधानसभा चुनावों से पहले हिंदू पहचान के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा था। उत्तर बंगाल के आधिकारिक दौरे पर निकलने से पहले, बनर्जी ने कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, अगर यह एक निष्पक्ष कार्यक्रम होगा, तो मैं निश्चित रूप से वहां जाती। मैं एक पार्टी से जुड़ी हूं और एक विचारधारा का अनुसरण करती हूं। मैं सभी धर्मों, जातियों और पंथों का सम्मान करती हूं। उन्होंने जोर देकर कहा, मैं ऐसे कार्यक्रम में कैसे शामिल हो सकती हूं, जिसमें भाजपा सीधे तौर पर शामिल है? मैं उन लोगों के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होती, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस से नफरत करते हैं और महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन नहीं करते। मेरे बंगाल और मेरे शिक्षकों ने मुझे बनाया है। जो बंगाल का अपमान करते हैं और बांग्ला विरोधी है, मैं उनके साथ नहीं हूं। मुख्यमंत्री और राज्यपाल सी वी आनंद बोस दोनों को निमंत्रण भेजा गया था। राज्यपाल बोस ने कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि बनर्जी अनुपस्थित रहीं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने उनकी अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा, एक सच्चे हिंदू को ऐसे निमंत्रणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# शुभमन गिल व हार्दिक पांड्या की होगी वापसी

## टी20 विश्व कप के लिए तैयारी करेगा भारत

**भाषा। कटक**

शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी20 मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच सात फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिये के साथ उतरेगी जिसमें इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा।

पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा जिसे उसने टी20 विश्व कप फाइनल में हराया था। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लेकिन 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी। अभिषेक ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 163 रन बनाए थे और वह भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

### अभिषेक मैच विजेता खिलाड़ी, हमारे लिए उसका विकेट अहम: मारक्रम



**कटक (भाषा)।** दक्षिण अफ्रीका टी20 टीम के कप्तान एडेन मारक्रम ने अभिषेक शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि यह भारतीय सलामी बल्लेबाज बेखौफ और उस अति-आक्रामक खेल शैली का प्रतीक है जिसने इस प्रारूप को नयी पहचान दी है। सनराइजर्स हैदराबाद में अभिषेक के साथ खेलने वाले मारक्रम ने इस 25 वर्षीय वामहस्त बल्लेबाज के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। बाराबती स्टेडियम में होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर मारक्रम ने कहा कि मैं सनराइजर्स में पहले भी अभिषेक के साथ खेल चुका हूं, वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं, इसलिए इसमें कोई शक नहीं कि यह हमारे लिए एक बड़ा विकेट है। उन्होंने कहा कि जो भी नयी गेंद से गेंदबाजी करेगा उसके लिए अभिषेक को जल्दी आउट करना एक चुनौती होगी। वह मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विकेट है। मारक्रम ने कहा कि मौजूदा समय में टी20 बल्लेबाजी में युवाओं का दबदबा है जो इसकी आक्रामक प्रवृत्ति को मनोरंजन और अवसर दोनों के रूप में देखते हैं। मारक्रम ने कहा कि यह शायद बेखौफ होकर खेलने का ही नतीजा है और इसमें पहली गेंद से ही दबदबा कायम करने की कोशिश होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में धीमी ओवर गति के लिए सोमवार को भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा एकदिवसीय मैच जीतकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी थी लेकिन भारत ने विशाखापत्तनम में तीसरा एकदिवसीय जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। मैच रैफरी के एलीट पैनल में शामिल रिची रिचर्डसन ने जुर्माना लगाया क्योंकि लोकेश राहुल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों से जुड़े नियम 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में टीम जितने ओवर कम फेंकती है उसके खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### दुबई कैपिटल्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर बड़ी जीत

**दुबई।** वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की धमाकेदार पारी की मदद से दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को 83 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। पॉवेल ने 52 गेंदों पर नाबाद 96 रन बनाए जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने जॉर्डन कॉक्स (32 गेंदों पर 52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की जिससे दुबई कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 186 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम 15.3 ओवर में 103 रन पर ढेर हो गई और दुबई कैपिटल्स ने आसान जीत हासिल की। नाइट राइडर्स के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। दुबई कैपिटल्स की तरफ से वकार सलामखेल ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा डेविड विली, मोहम्मद नबी और मुस्तफिजुर रहमान ने दो-दो विकेट हासिल किए।

### मैं थका हुआ था और इसलिए मैंने जानबूझकर 'चकिंग' की: शाकिब

**लंदन।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने स्वीकार किया कि शारीरिक थकान के कारण उन्हें सरे की तरफ से खेलते हुए इंग्लिश काउंटी मैच के दौरान जानबूझकर चकिंग (गलत एक्शन से गेंदबाजी करना) का सहारा लेना पड़ा, जिसके कारण उन्हें गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया। बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि पिछले साल दिसंबर में लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र जांच में उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। अंपायरों ने टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे के प्रथम श्रेणी मैच के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। इस मैच की दो पारियों में उन्होंने लगभग 65 ओवर गेंदबाजी की थी। शाकिब ने बियर्ड बिफोर विकेट पॉडकास्ट से कहा कि मुझे लगता है कि मैं जानबूझकर ऐसा कर रहा था, क्योंकि मैंने (एक मैच में) 70 से अधिक ओवर फेंके थे। मैंने अपने करियर में कभी भी टेस्ट मैच में 70 ओवर नहीं किए। मैं टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे की तरफ से चार दिवसीय मैच खेल रहा था। मैं बहुत थका हुआ था। उन्होंने कहा कि मैंने पाकिस्तान में लगातार दो टेस्ट मैच खेले थे। हमने उस श्रृंखला में जीत हासिल की थी।

### भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने यूएई में टी20 श्रृंखला के लिए टीम जर्सी का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने तीन मैच की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए सोमवार को टीम की जर्सी का अनावरण किया। यह श्रृंखला आईडीसीए की बधिर टीम और दुबई की बधिर टीम के बीच 10 से 13 दिसंबर तक यूएई के शारजाह में खेली जाएगी। जर्सी का अनावरण श्रृंखला में हिस्सा ले रही भारतीय बधिर क्रिकेट टीम, आईडीसीए के सहयोगी साझेदारों और आईडीसीए के बोर्ड सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। आईडीसीए अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि हमारे खिलाड़ी चैंपियनशिप के लिए अच्छी तरह से तैयार और उत्साहित हैं। वे अपना कौशल दिखाने और प्रतिष्ठित खिताब के लिए मुकाबला करने को तैयार हैं। मैं उन्हें इस श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आईडीसीए बधिर टीम इस प्रकार है: वीरेंद्र सिंह (कप्तान), सुहैल अहमद, आर यशवंत नायडू, संतोष कुमार महापात्रा, अश्विन कलियापेरुमल, राहुल वाघमशी, इहजास पट्टापिल, समीउल्लाह खान पठान, प्रणिल मोरे, विराज कोल्टे, जिगर ठक्कर, वैभव परांजपे, दीपक कुमार, फहीमुद्दीन।

### रियाल मैड्रिड की घरेलू मैदान पर पहली हार

**मैड्रिड(एपी)।** रियाल मैड्रिड को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रविवार को सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया। रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। मैड्रिड के बेंच पर बैठे खिलाड़ी एंड्रिक को भी शिकायत करने पर रेड कार्ड दिखाया गया। विलियट स्वेडबर्ग ने 54वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से एक बेहतरीन फ्लिक से सेल्टा विगो के लिए पहला गोल किया। रियाल मैड्रिड ने 64वें मिनट में गार्सिया को और स्टॉपेज टाइम में कैरेरास को खो दिया। मैड्रिड के नौ खिलाड़ियों पर सिमट जाने के कुछ ही देर बाद स्वेडबर्ग ने गोल करके सेल्टा विगो की जीत पक्की कर दी। इस हार से रियाल मैड्रिड की टीम बार्सिलोना से चार अंक पीछे हो गई है। बार्सिलोना ने शनिवार को रियाल बेटिस पर 5-3 से जीत हासिल की थी।

### आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भारत का प्रभावी प्रदर्शन

## जोरावत सातवें स्थान पर



**भाषा। दोहा**

निशानेबाज जोरावर सिंह संधू पुरुषों के ट्रैप फाइनल में शुरुआती 10 शॉट में सात हिट के साथ सातवें स्थान पर रहे जबकि भारत ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ अपने शानदार अभियान का अंत किया।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर लुसैल निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन अकेले भारतीय प्रतिस्पर्धी थे। जोरावर ने क्वालीफाइंग में 125 में से 119 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया जिसमें अब नए आईएसएसएफ नियमों के अनुसार पहले के छह के बजाय आठ निशानेबाजों ने जगह बनाई। तीस शॉट के फाइनल में जोरावर लय में नहीं दिखे और इटली के जियोवानी पेलिएलो के साथ बाहर होने वाले शुरुआती दो निशानेबाजों में शामिल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित नौ पदक के साथ शीर्ष पर रहा। पुरुषों के ट्रैप और स्कीट में सोमवार को दो स्वर्ण के साथ अमेरिका भारत के बाद तीसरे स्थान पर रहा।

भारत के लिए सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और सुरुचि फोगाट ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल की किसी स्पर्धा में दो पदक जीते जब 10 मीटर एयर पिस्टल में संयम दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश भानवाला ने भी रजत पदक जीते।

### लियोन से कोई शिकायत नहीं, बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए उन्हें बाहर किया: स्मिथ

**भाषा। एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी। स्मिथ ने मैच के बाद फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा कि लियोन को लेकर कुछ भी व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। वह पिछले कई वर्षों से हमारे मुख्य स्पिनर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए यह फैसला किया गया।

## विश्व कप से पहले टी20 टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं: सलमान

**भाषा। कराची**



पाकिस्तान की टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल के शुरू में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में किसी भी बड़े बदलाव से इनकार किया और कहा कि पिछले कुछ महीनो में खिलाड़ियों को उनकी विशिष्ट भूमिकाएं सौंपे जाने के बाद टीम में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

पाकिस्तान ने इस वर्ष एशिया कप के फाइनल में भारत से मिली हार के बाद बड़े बदलाव करते हुए अब्दुल समद, बाबर आजम, उस्मान खान और नसीम शाह को टीम में शामिल किया था। पाकिस्तान ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया और फिर पिछले महीने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के साथ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला जीती।

सलमान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट पर कहा कि मुझे विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टी20 टीम में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता है। मुझे लगता है कि हमारा मौजूद संयोजन विश्व कप में भी बरकरार रहेगा। पिछले कुछ महीनो में प्रत्येक खिलाड़ी को कुछ विशिष्ट भूमिका दी गई और टीम के प्रदर्शन में उसके बाद सुधार हुआ है। पाकिस्तान को विश्व कप से पहले छह टी20 मैच खेलने हैं। विश्व कप अगले साल सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। सलमान ने कहा कि मैचों की सीमित संख्या के कारण बड़े बदलाव करना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले हमें छह टी20 मैच खेलने हैं और मुझे नहीं लगता कि हम इन बचे हुए मैचों में अब कोई बड़ा बदलाव कर सकते हैं। हमें अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखानी होगी और मौजूदा संयोजन के साथ ही आगे बढ़ना होगा।

### एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप

## भारत ने वेल्स को 3-1 से हराया

**भाषा। सैंटियागो (चिली)**

भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की तरफ से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए, जबकि एलोइस मोट (52वें) ने वेल्स के लिए एकमात्र गोल किया।

भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उसे पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर सके। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन निधि ने उसे रोक दिया और स्कोर बराबर बनाए रखा। भारत पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में गोल करने में सफल रहा। हिना ने साक्षी राणा के पास पर यह गोल किया। अपनी बढ़त को दोगुना करने की कोशिश में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके दबाव बनाए रखा।

भारतीय टीम ने लगातार मौके बनाए जिसका उन्हें फायदा भी मिला जब राणा का शॉट सुनलिता के पास गया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। इस तरह से भारत ने मध्यांतर तक 2-0 की बढ़त बना ली थी। भारत ने दूसरे हाफ के शुरू में ही अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब वेल्स की गोलकीपर से मिले रिबाउंड पर इशिका ने गोल कर दिया। भारत ने लगातार मौके बनाते हुए वेल्स को अपने ही हाफ में पीछे धकेलते हुए तीसरा क्वार्टर समाप्त किया।

### तेज गेंदबाज ठाकुर ने चार विकेट लिए, विदर्भ ने आंध्र को हराया

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

विदर्भ ने तेज गेंदबाज यश ठाकुर के चार विकेट की मदद से सोमवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अंतिम दौर के मैच में आंध्र को 19 रन से पराजित किया। आंध्र की टीम ग्रुप ए से मुंबई के साथ पहले ही अगले दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी है लेकिन अंतिम मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 154 रन बनाए। इसके जवाब में आंध्र की टीम नौ विकेट पर 135 रन नहीं बना सकी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने पहले मैच में पांच विकेट लिए थे और इस तरह से कुल 18 विकेट लेकर प्रतियोगिता में अपने अभियान का समापन किया। विदर्भ की पारी अमन मोखड़े (50) और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर (41) के इर्द-गिर्द घूमती रहीं। आंध्र के तेज गेंदबाज सत्यनारायण राजू ने 26 रन देकर चार विकेट लिए।

## बिहार ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ किया उलटफेर

**भाषा। कोलकाता**



भारत के टी20 विशेषज्ञ रिंकू सिंह बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके जिससे बिहार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हरा दिया। सलामी बल्लेबाज पीयूष सिंह की 54 गेंदों में 57 रनों की पारी के दम पर बिहार ने 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।

इससे पहले मंगल महरौर ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे उत्तर प्रदेश छह विकेट पर 144 रन ही बना सका। मध्यम गति की गेंदबाजी करने वाले महरौर को कप्तान सकीबुल गनी (20 रन पर एक विकेट) और साकिब हुसैन (31 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने अपने-अपने चार ओवरों में एक-एक विकेट लिया। आमोद यादव महंगे साबित हुए और उन्होंने एकमात्र सफलता के लिए 50 रन लुटाये। रिंकू की 25 गेंद पर 19 रन पारी पर महरौर ने विराम लगाया। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आये प्रशांत वीर ने जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर के मैदान पर 26 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर टीम को 140 रन के पार पहुंचाया। मध्यक्रम के बल्लेबाज समीर रिजवी को भी महरौर ने 17 गेंदों में 22 रन बनाने के बाद आउट किया जबकि तेज गेंदबाज शिवम मावी 12 गेंदों में 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

प्रशांत और मावी ने सातवें विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीयूष और विकेटकीपर आयुष लोहारुका (36 गेंदों में 36 रन) की सलामी जोड़ी ने 11.3 ओवर में 83 रन जोड़कर बिहार को मजबूत शुरुआत दिलाई। पीयूष ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। बिपिन सौरभ ने 16 गेंदों में नाबाद 26 रनों की आक्रामक पारी खेलकर बिहार की जीत सुनिश्चित की। प्रिंस यादव 24 रन पर तीन विकेट के साथ उत्तर प्रदेश के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

ग्रुप के एक अन्य मैच में महाराष्ट्र ने राहुल त्रिपाठी के 83 रन की शानदार पारी के बाद जलज सक्सेना, तनय सांघवी और विक्की ओस्तवाल के तीन-तीन विकेटों से गोवा को 15 रन से हराया।

## अभी भी पदक जीतने का एक मौका है, इसे गंवाना नहीं है : जूनियर हॉकी कोच श्रीजेश

**भाषा। चेन्नई**



सात बार की चैम्पियन जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में 1-5 से करारी हार के बाद नौ साल बाद जूनियर विश्व कप जीतने का सपना टूटने के बावजूद भारतीय टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने कहा कि अभी भी टीम के पास पदक जीतने का एक मौका है और इसे गंवाना नहीं है।

भारतीय टीम अब दस दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जबकि फाइनल में स्पेन की टक्कर जर्मनी से होगी। सेमीफाइनल हारने के बाद श्रीजेश ने भाषा से खास बातचीत में कहा कि यह दिन खराब नहीं था लेकिन टीम अच्छा नहीं खेल सकी । हमारी जो अपेक्षायें थी, हम उस स्तर पर खेल नहीं पाये । जब आप जूनियर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेल रहे हैं तो आसान मौके नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि हमे काफी मौके मिले लेकिन हम भुना नहीं सके। पेनल्टी कॉर्नर भी एक ही मिला जिस पर गोल तो हुआ लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कई बार विरोधी टीम बहुत अच्छा खेलती है तो आप बेसिक चीजें करना भूल जाते हैं।

यह पूछने पर कि मौजूदा चैम्पियन टीम के सामने होने के कारण क्या कोई मानसिक दबाव था, श्रीजेश ने कहा कि माहौल की वजह से कई बार दबाव बन जाता है। उन्होंने कहा कि कोई मानसिक कारण नहीं था लेकिन कई बार माहौल की वजह से दबाव बन जाता है। इतने बड़े टूर्नामेंट में दबाव रहता ही है चूंकि इन खिलाड़ियों के पास उतना अनुभव अभी नहीं है। आपको उनकी टक्कर का मैच खेलना था क्योंकि एक बार दबाव में आने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है।

इसके लिये मानसिक दृढता की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को जर्मनी की तरह खेल पर नियंत्रण बनाना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि हमें खेल पर नियंत्रण रखना चाहिये था जिसमें हम नाकाम रहे। हमारी छोटी छोटी गलतियों का जर्मनी ने पूरा फायदा उठाया और गोल किये। उन्होंने बहुत अच्छा खेला और वन टच यूरोपीय हॉकी खेलकर मैच पर नियंत्रण बनाये रखा जो हमें सीखना और समझना होगा। ये भारतीय हॉकी के भविष्य हैं और उनके लिये यह अच्छा सबक होगा।

दो बार ओलंपिक कांस्य पदक का मुकाबला जीत चुके श्रीजेश ने कहा कि टीम के लिये जरूरी है कि अगले मैच का महत्व समझे क्योंकि अभी भी हमारे पास एक पदक जीतने का मौका है। यह खिलाड़ियों के लिये अहम है कि इस हार को भुलाकर अगले मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। हमें बड़ी टीमों के खिलाफ मैचों में मौकों को भुनाना और मौके नहीं गंवाना सीखना होगा।

## एलपीएल सीज़न-1 के लिए ट्रायल 26 से

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के द्वारा आयोजित लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) की तैयारियों को रफ्तार मिल गई है और इसके ट्रायल की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। इस आशय की घोषणा करते हुए सीएएल ने बताया कि खिलाड़ियों को पहली बार डे-नाइट ट्रायल का मौका मिलेगा और इस दौरान सफेद गेंद का इस्तेमाल होगा।

**पहली बार डे-नाइट में सफेद गेंद का इस्तेमाल**

इस संबंध में फैसला एलपीएल की तकनीकी समिति की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही बैठक में एलपीएल के सुचारू आयोजन से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक की अध्यक्षता टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश टीम के पूर्व कप्तान ज्ञानेंद्र पांडेय ने की, जो इस प्रतिष्ठित लीग के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। एलपीएल का प्रबंधन क्वाड स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि एलपीएल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की शुरुआत भी कर दी गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तय की गई है। इसके लिए 14 से 30 वर्ष की आयु के खिलाड़ी पंजीकरण करा सकते हैं।

वहीं प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके 30 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भी पंजीकरण के पात्र होंगे। सूत्रों के मुताबिक एलपीएल का पहला संस्करण फरवरी या मार्च में आयोजित होने की संभावना है, जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। यह टीमें - लखनऊ चैलेंजर्स, लखनऊ पैंथर्स, लखनऊ एसेस, लखनऊ लायंस, लखनऊ नवाब्स और लखनऊ स्ट्राइकर्स होंगी।

इस बैठक के दौरान सीएएल के सचिव केएम खान, पूर्व रणजी खिलाड़ी आरिश आलम, अभिनव दीक्षित सहित सीएएल के अन्य अधिकारी एसपी सिंह, विकास पांडेय, नईम चिश्ती और शुभांश कुमार भी उपस्थित रहे।

# वॉक करते समय न करें ये गलतियां

हेल्दी रहने के लिए रोजाना वॉक करना सबसे आसान और फायदेमंद एक्सरसाइज मानी जाती है। यह न केवल वजन कम करने में मदद करता है, बल्कि दिल की बीमारियां, डायबिटीज और स्ट्रेस जैसी समस्याओं से भी बचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वॉक करने के तरीके में छोटी-छोटी गलतियां आपकी सेहत को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा सकती हैं? जी हां, गलत तरीके से की गई वॉक आपके जोड़ों, मांसपेशियों और पोश्चर पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि लोगों को अक्सर इन गलतियों के बारे में मालूम भी नहीं होता है। आइए जानते हैं ऐसी ही 5 आम गलतियों के बारे में, जिन्हें वॉक करते समय करने से बचना चाहिए।





**गलत जूतों का चयन**

वॉक के दौरान सबसे बड़ी गलती गलत फुटवियर पहनना है। टाइट जूते, सैंडल, या फ्लैट चप्पल पहनकर वॉक करने से पैरों में दर्द, एड़ियों में चोट, यहां तक कि प्लांटर फैसीसाइटिस की समस्या हो सकती है। हमेशा ऐसे जूते चुनें जो आरामदायक हों, एड़ी को सही सपोर्ट दें और तलवों में कुशनिंग हो। वॉकिंग या स्पोर्ट्स शूज इसके लिए सबसे बेहतर हैं।

**गलत पोश्चर**

कई लोग वॉक करते समय झुककर चलते हैं, सिर नीचा कर लेते हैं या कंधे आगे की ओर झुका लेते हैं। इस गलत पोश्चर से कमर दर्द, गर्दन में अकड़न और रीढ़ की हड्डी पर दबाव बढ़ता है। सही तरीका यह है कि सीधे खड़े होकर, सिर ऊपर, कंधे सीधे और छाती खुली रखते हुए चलें। कदम हमेशा एड़ी से पंजे की ओर रखें।

**बिना वॉर्म-अप के चलना शुरू कर देना**

अचानक तेज गति से वॉक शुरू करना मांसपेशियों और जोड़ों के लिए खतरनाक हो सकता है। इससे मोच आने या मांसपेशियों में खिंचाव का जोखिम रहता है। वॉक से पहले 5-10 मिनट हल्की स्ट्रेचिंग या धीमी वॉक जरूर करें। इसी तरह, वॉक खत्म करने के बाद भी कूल डाउन करें ताकि हार्ट बीट धीरे-धीरे सामान्य हो सके।

**ज्यादा लंबे कदम उठाना**

कुछ लोग सोचते हैं कि लंबे-लंबे कदम उठाने से ज्यादा कैलोरी बर्न होगी, लेकिन यह गलत है। बहुत लंबे कदम उठाने से जांघों, घुटनों और पीठ पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिससे चोट लग सकती है। नेचुरल और आरामदायक कदम ही सही रहते हैं। कदमों की गति धीरे-धीरे बढ़ाएं, लेकिन लंबाई बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

**पानी न पीना**

वॉक करने से पहले पर्याप्त पानी न पीना डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। वहीं, बिल्कुल खाली पेट तेज वॉक करने से चक्कर आना, कमजोरी या शुगर लेवल गिरने की समस्या हो सकती है। वॉक से करीब 30 मिनट पहले हल्का पानी पिएं और अगर लंबी वॉक पर जा रहे हैं, तो साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। हल्का स्नैक (जैसे केला या मुट्ठीभर ड्राई फ्रूट) भी ले सकते हैं।



## मोटापा, डायबिटीज और हार्ट रोग अलग-अलग समस्याएं नहीं

भारत में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर अब तीन ऐसी बीमारियों पर अधिक ध्यान दे रहे हैं, जो आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं मोटापा, डायबिटीज और हार्ट रोग। पहले इन्हें अलग-अलग समस्याओं की तरह देखा जाता था, लेकिन अब शोध दिखा रहे हैं कि ये एक ही चेन की कड़ियों की तरह एक-दूसरे को प्रभावित करती हैं। इस संबंध को समझना लोगों, परिवारों और समुदायों के लिये बेहद जरूरी है।

**मोटापा सिर्फ बढ़ा हुआ वजन नहीं:** मोटापा सिर्फ बढ़े हुए वजन का मामला नहीं है, यह शरीर की मेटाबॉलिज्म पर असर डालने वाली एक लंबी बीमारी है। नए शोध बताते हैं कि शरीर की चर्बी सिर्फ जमा नहीं रहती, बल्कि हार्मोन जैसे केमिकल भी छोड़ती है, जो शरीर की इंसुलिन प्रणाली को बिगाड़ देते हैं। इससे शरीर धीरे-धीरे इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाता। समय के साथ यह स्थिति टाइप 2 डायबिटीज में बदल जाती है। चिंता की बात यह है कि यह प्रक्रिया अब कम उम्र में ही शुरू हो रही है। कई डॉक्टर युवा लोगों में पेट के आसपास बढ़ी चर्बी के कारण डायबिटीज के शुरूआती संकेत देख रहे हैं। पेट की यह चर्बी सबसे ज्यादा हानिकारक मानी जाती है क्योंकि यह अंदरूनी अंगों के पास होती है और ऐसे पदार्थ छोड़ती है, जो धमनियों को सख्त और ब्लॉकेज-प्रोन बनाते हैं। जिसकी वजह से भविष्य में व्यक्ति के लिए हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

**डायबिटीज और हार्ट रोग के बीच भी मजबूत रिश्ता:** खून में लगातार बढ़ी हुई शुगर रक्त वाहिकाओं को अंदर से नुकसान पहुंचाती है, जिससे उनमें ब्लॉकेज की स्थिति बन सकती है। टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में हार्ट रोग का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में 2 से 4 गुना ज्यादा होता है। कई बार व्यक्ति को कोई लक्षण नहीं दिखते, और नुकसान चुपचाप बढ़ता रहता है। इसलिए डॉक्टर अब ऐसे लोगों को भी जांच कराने की सलाह देते हैं जिनके परिवार में डायबिटीज या हार्ट रोग की हिस्ट्री रही हो।

रोबोटिक, मिनिमल एक्सेस और बैरिएट्रिक सर्जन डॉ. पांडे कहते हैं कि आज के समय में बढ़ता तनाव, कम नींद और अनियमित काम के घंटे शरीर के महत्वपूर्ण हार्मोन जैसे कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन), घ्रेलिन (भूख बढ़ाने वाला) और लेप्टिन (पेट भरने का संकेत देने वाला) को बुरी तरह प्रभावित करते हैं, जिससे भूख, वजन, मूड और नींद का संतुलन बिगड़ जाता है, और इसके कारण मोटापा, डायबिटीज, चिंता और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि मोटापा सिर्फ खान-पान या एक्सरसाइज से जुड़ा मुद्दा नहीं है, यह पूरी जीवनशैली से जुड़ा मामला है। अच्छी खबर यह है कि इस चक्र को तोड़ा जा सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, यदि व्यक्ति अपना वजन 5-10 प्रतिशत भी कम कर ले, तो इंसुलिन का काम बेहतर और हार्ट रोग का खतरा काफी कम हो जाता है। छोटे कदम जैसे रोजाना चलना, संतुलित भोजन करना, हल्की-फुल्की स्ट्रेंथ एक्सरसाइज और पूरी नींद लंबे समय में बड़ा फर्क ला सकते हैं।

## महिलाओं का साइलेंट किलर है हार्ट अटैक

**लगभग 48 फीसद महिलाओं की मौत के ज्यादातर कारणों में से एक हैं- हार्ट अटैक। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए यह एक साइलेंट किलर के रूप में जाना जाता है। महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण पुरुषों के मुकाबले अलग होते हैं। आज की बदलती जीवनशैली में कम उम्र में भी महिलाएं हार्ट अटैक का शिकार बन रही हैं। फास्ट फूड का सेवन, तनाव, अनियमित खानपान और घर-बाहर की भागदौड़ में उनका स्वास्थ्य इग्नोर हो रहा हैं। ऐसें में छोटी-मोटी बीमारियों के अलावा बड़ी बीमारियां भी उन्हें चपेट में ले रही हैं। हार्ट अटैक के लक्षणों और अगर समय रहते न पहचाना गया, तो ये मृत्यु का कारण बनते हैं।**



पुरुषों में जहां हार्ट अटैक के लक्षणों में सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी शामिल है, वहीं महिलाओं में दर्द के बिना सांस लेने में दिक्कत होती है, इस वजह से कई महिलाएं इसे मामूली परेशानी समझ लेती हैं और नतीजा हार्ट अटैक। सांस संबंधी परेशानी में तुरंत डॉक्टर के पास जरूर जाएं ताकि समय रहते इलाज किया जा सकें। सर्वे के मुताबिक लगभग 40 फीसद महिलाओं में ऐसी परेशानी देखने को मिली है। इसके अलावा अगर आपके शरीर के ऊपरी हिस्से में दर्द हैं तो यह खतरनाक हो सकता है, जैसे गर्दन, पीठ, कंधा बगैरह। इनमें अगर दर्द ज्यादा हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। यह हार्ट अटैक के लक्षणों में से एक हो सकते हैं। इन जगहों से दिल की कई धमनियां जुड़ी रहती हैं। इसीलिए इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

दिल तक खून पहुंचाने वाली दाई धमनी में अगर कोई रूकावट आ जाए तो यह हार्ट अटैक का कारण बनते हैं। इस परिस्थिति में उल्टी, मितली और पेट की गड़बड़ी जैसे लक्षण महिलाओं में दिखते हैं। इसलिए ऐसे लक्षणों को हल्के में न लें, ये हार्ट अटैक के लक्षण भी हो सकते हैं।

बेवजह की थकान और अचानक से तेज नींद आना हार्ट अटैक का कारण बनता हैं। कई महिलाओं में यह परेशानी देखने को मिलती हैं कि अचानक उन्हें बेवजह थकान महसूस होने लगती है और फिर हार्ट अटैक के कारण उन्हें अस्पताल में एडमिट होना पड़ा। कई महिलाएं तो ऐसी हालात को दिन-भर की थकान समझ बैठती है और नतीजा अच्छा नहीं होता। मेनोपॉज के बाद अचानक घबराहट या पसीना आए तो किसी भी महिला के लिए शायद नार्मल बात होगी। मगर मेनोपॉज के पहले ही अगर यह लक्षण नजर आने लगे, तो बुद्धिमानी इसी में हैं कि समय रहते संभल जाइए। वरना ये लक्षण आपको अस्पताल पहुंचा सकते हैं।

## इन 5 चीजों को पेट साफ न होने पर कभी भूलकर भी न खाए

**अगर पेट साफ ना हो तो पूरे दिन पेट में भारीपन महसूस होता है। अगर ऐसी स्थिति में आपको उन चीजों की जानकारी न हो, जिन्हें खाने पर पेट और ज्यादा खराब हो सकता है, तो उन्हें खाना आपको और भी परेशानी में डाल सकता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही चीजों के बारे में जिन्हें पेट साफ नहीं होने पर आपको भूलकर भी नहीं खाना चाहिए-**



1. पेट को दूध से बने किसी भी उत्पाद को पचाने में काफी समय लगता है, अगर आपका पेट पहले से ही साफ नहीं हैं तो दूध से बने उत्पाद को खाने से बचें, ऐसे में अगर उन्हें खाएंगे तो कब्ज हो सकता है।

2. पेट साफ नहीं होने पर चिप्स और तली-भुनी चीजों का सेवन करने से भी बचें, क्योंकि इनमें वसा ज्यादा होता है जो पचने में समय लगाता है।

3. फ्रोजन खाद्य पदार्थ भी खाने से बचें, ये आपके पेट को और ज्यादा खराब कर देती है।

4. बिस्कुट और कुकीज में मैदे की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जो कि इस दौरान आपके पेट को ज्यादा नुकसान करेगी।

5. वैसे तो केला खाना पचाने में सहायता करता है, लेकिन पेट साफ नहीं होने की स्थिति में कच्चा केला भूलकर भी न खाएं।

## जरा कान की भी सुनिए

**आजकल सुनने की क्षमता में कमी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। एक शोध कहता है कि 20 से 40 आयु वर्ग के 80 प्रतिशत लोगों में यह समस्या मोबाइल फोन के ज्यादा उपयोग के कारण बढ़ रही है। इसके अलावा भी इस समस्या के अनेक कारण हैं, जो आपके कानों को परेशान करते हैं। आप अपने कानों का कैसे रख सकते हैं ख्याल...**



विज्ञान के विकास ने हमारी जीवनशैली को काफी बदल दिया है। मोबाइल और गाडियों के बढ़ते उपयोग से ध्वनि प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है और उसी अनुपात में कानों की समस्याएं भी बढ़ी हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कानों की समस्याएं युवाओं में तेजी से बढ़ रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक भारत के 20-22 प्रतिशत लोग कान की किसी न किसी बीमारी के शिकार हैं। इनमें कानों में दर्द होना, धीमी आवाजें सुनाई न देना, कान में किसी तरह का दबाव महसूस होना, कान में सूजन आ जाना या कान से तरल पदार्थ का बहना प्रमुख हैं। इसके अलावा कानों की एक गंभीर समस्या और है कि जब बाहर कोई आवाज नहीं है, तब भी आवाज सुनाई देना या कानों में घंटी बजना। ये समस्याएं आपके एक या दोनों कानों में हो सकती हैं।

**ध्वनि प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव:** ध्वनि प्रदूषण का सबसे अधिक जाना-पहचाना नुकसान है सुनने की क्षमता प्रभावित होना या कुछ निश्चित आवाजों को सुनने में अक्षमता, लेकिन ध्वनि प्रदूषण के कुछ दूसरे प्रभाव भी हैं।

**ईयरफोन से दूरी जरूरी:** आजकल युवाओं में ईयरफोन या हेडफोन का बड़ा क्रेज है। इनके लगातार इस्तेमाल से सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। लंबे समय तक तेज ध्वनि सुनने से कान के पर्दे की मोटाई प्रभावित होती है। इससे सुनने की क्षमता प्रभावित होती है और धीमी आवाजें सुनाई नहीं देती हैं। इसके अलावा इससे याददाश्त और बोलने की क्षमता भी प्रभावित होती है। शोधों में यह बात सामने आई है कि यदि कोई व्यक्ति रोज एक घंटे से अधिक 80 डेसीबल्स से तेज वॉल्यूम में संगीत सुनता है तो उसे अगले पांच वर्षों में सुनने में कठिनाई हो सकती है या स्थाई रूप से बहरा हो सकता है।

**कान के पर्दे में छेद होना:** जानलेवा घटना जैसे विस्फोट या वाहन चलाते समय कोई दुर्घटना घटित होने से कान में अचानक तेज दर्द हो तो हो सकता है कि कान के पर्दे में छेद हो गया हो। अगर दुर्घटना के समय तेज दर्द हो और फिर सुनाई पड़ना बंद हो जाए तो समझिए की कान के मध्य भाग को नुकसान पहुंचा है। अगर कान के पर्दे में छोटा छेद है तो वह खुद ही भर जाता है, लेकिन अगर बड़ा छेद हो जाए तो सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**स्विमिंग से संक्रमण:** देर तक पानी में रहने से कानों में पानी चला जाता है। इससे कानों में दर्द होना या तरल पदार्थ बहने की समस्या हो सकती है। बचाव के लिए ईयर प्लग का इस्तेमाल करें।

**हवाई यात्रा में बरतें सावधानी:** हवाई यात्रा के दौरान अक्सर लोगों को कान में दर्द की शिकायत होती है। यह समस्या प्लेन के लैंडिंग करते समय अधिक होती है। बचाव के लिए ईयर प्लग का इस्तेमाल करें। च्यूइंगम चबा कर भी बच सकते हैं।

**सावधानी से करें सफाई:** कान से मैल अपने आप न निकल पाने के कारण अंदर जमा होने लगता है। इस पर तेल, धूल, धुआं, कचरा आदि लगने के कारण यह कड़ा हो जाता है, जिसे निकालना बेहद जरूरी होता है। कुछ दवाओं की मदद से मैल को मुलायम करके उसे निकाला जाता है।

**शोर-शराबे से रहें दूर:** मशीनों, फैक्ट्रियों और खासतौर पर ऑटोमोबाइल से निकलने वाले शोर के कारण वातावरण में ध्वनि प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इस शोर-शराबे का हमारे स्वास्थ्य पर दो तरह से प्रभाव होता है। प्राथमिक स्तर पर इससे हमारी सुनने की क्षमता प्रभावित होती है। दूसरे स्तर पर एंग्जाइटी और अनिद्रा की समस्या होती है। 20-40 वर्ष की आयु वर्ग के 80 प्रतिशत लोगों में सुनने की समस्या अत्यधिक मोबाइल फोन का उपयोग करने से होती है।

### कानों को स्वस्थ रखने के टिप्स:

- अपने कानों को अत्यधिक सावधानी से साफ करें। कान में कोई नुकीली चीज न डालें। इससे ईयर कनैल या ईयरड्रम क्षतिग्रत हो सकता है।
- ईयर वैक्स स्वयं ही कान की सफाई करता है। अगर यह अधिक मात्रा में एकत्र हो जाए और सुनने में दिक्कत हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।
- कान के संक्रमण से बचने के लिए गले और नाक के संक्रमण को गंभीरता से लें और तुरंत इलाज कराएं।
- कई बीमारियां भी सुनने की क्षमता को प्रभावित करती हैं, इसलिए अगर कोई ऐसा लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अगर कानों से मवाद बह रहा है तो इसे गंभीरता से लें और जितनी जल्दी हो सके डॉक्टर को दिखाएं।
- कई दवाएं भी सुनने की क्षमता को प्रभावित करती हैं। अगर कानों में घंटी बजे या दूसरी आवाजें आएं तो इसे गंभीरता से लें।
- अत्यधिक तेज आवाज में संगीत न सुनें।
- कान का मैल साफ करने के लिए नुकीली चीजों या ईयर बड का उपयोग न करें।
- नहाने के तुरंत बाद कानों को अच्छी तरह साफ करके सुखाना चाहिए।
- कान में कभी कोई तेल न डालें।

## दांत-मसूड़ों के दर्द से छुटकारा पाने में काम आएंगे ये घेरलू उपाय





दांतों और मसूड़ों का दर्द आपको काफी परेशान कर देता है। दांत या मसूड़े में किसी भी तरह की समस्या में दर्द से तो परेशान होते ही हैं, इसके अलावा खाना-पीना भी ठीक से नहीं हो पाता है जिससे परेशानी बढ़ जाती है। आइए, आपको बताते हैं इनसे छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय।

**नमक पानी:** नमक का पानी आपको इनफेक्शन से बचाता है और दांतों के बीच में फंसे खाने को भी निकालने में मदद करता है। इससे सूजन भी खत्म हो जाती है और मसूड़ों में मौजूद बैक्टीरिया भी खत्म होते हैं। गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर उस पानी को कुछ देर मुंह में रखें और कुल्ला कर लें।

**लहसुन:** लहसुन अपने औषधीय गुणों के कारण जाना जाता है। इसे आमतौर पर सर्दी-जुकाम ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करने की भी क्षमता रखता है और पेनकिलर का भी काम करता है। लहसुन की एक कली को पील लें और इस पेस्ट को मसूड़े या दांत पर लगाएं।

**लौंग:** दांत में दर्द से राहत देने के लिए लौंग भी काफी कारगर है। इसे मुंह में दबाए रखें। दर्द से राहत मिलेगी।

**टी बैग्स:** चाय में टैनिन नाम का कम्पाउंड होता है जो बैक्टीरिया का खत्म कर सकता है। ऐसे में टी बैग्स भी आपको दांट के दर्द से छुटकारा दिला सकते हैं। टी बैग को गर्म पानी में उबले हुए पानी में डालकर 5 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद इसे निकालें जब थोड़ा ठंडा हो जाए तो उस जगह पर लगाएं जहां दर्द हो रहा है।

**तो डेन्टिस्ट से मिलें:** दांतों के हल्के दर्द को आप घरेलू उपाय से ठीक कर सकते हैं लेकिन अगर दर्द ज्यादा है तो आपको डेन्टिस्ट से मिलना चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।